रामायणगत वैदिक सामग्री
एक समालोचनात्मक अध्ययन

[हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा पी एच० डी०
उपाधि क लिए स्वीकृत शोध प्रबध]

डॉ० सतीश कुमार शर्मा 'आंगिरस'
आचाय वेद एव साहित्य' एम० ए०, पी एच० डी० स्वणपदक प्राप्त

दिल्ली-110032

प्राक्कथन

वाल्मीकिकृत 'रामायण संस्कृत-साहित्य का आदिकाव्य है। यह काव्य वदिक साहित्य तथा लौकिक साहित्य के मध्य सयोजक के समान है। अत इसमे वदिक सामग्री, सकता एव आप प्रयोगो की उपलब्धि स्वाभाविक ही है। रामायण' का अध्ययन सामाजिक, सास्कृतिक राजनतिक तथा भाषिक दृष्टि से हो चुका है। अभी तक रामायणगत वदिक सामग्री का अध्ययन नही हुआ था। पी-एच० डी० (संस्कृत) की उपाधि के लिए स्वीकृत रामायणगत वदिक सामग्री एक समालोचनात्मक अध्ययन नामक शोध प्रबन्ध म इसी दृष्टि से इस महनीय काव्य का आलोडन किया गया है।

यह अध्ययन मुख्यत रामायण के 'प्राच्यविद्या मन्दिर बडौदा' के सस्करण पर आधृत है। जहा मसूर विश्वविद्यालय तथा निणय सागर प्रेस क सस्करण व्यवहृत हैं वहा उल्लेख कर दिया गया है। 'रामायण की गोविन्द राजकृत 'भूषण टीका वष्णव सम्प्रदाय की मान्यताओ के आधार पर रचित है। कुछ टीकाकारो ने इसे प्रमाण रूप म उद्धृत भी किया है। इस प्रकार इसकी अधिक प्रमाणिकता के कारण इस प्रस्तुत प्रबन्ध म उद्धृत किया गया है। इसके अतिरिक्त 'तिलकटीका तथा अमतकतकटीका का उपयोग भी उचित स्थलो पर हुआ है। अत्यन्त प्रसिद्ध माधवयोगाकृत अमतकतकटीका वाला सस्करण अद्यावधि कवल 'किष्किन्धा-काण्ड पय त ही मसूर विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुआ है। इसका प्रयोग उचित स्थलो पर किया गया है। हिन्दी टीकाओ म श्री पाद दामोदर सातवलेकर तथा चतुर्वेदी द्वारका प्रसाद शर्मा द्वारा कृत टीकाएँ सहायक रही हैं। वदिक साहित्य के अतिरिक्त महाभारत' तथा पुराणो से प्रमाण उद्धृत किए गए हैं।

विषय प्रतिपादन की सुविधा की दृष्टि स प्रस्तुत शोध प्रबन्ध आठ अध्यायो म विभक्त किया गया है। 'रामायण तथा वेद नामक प्रथम अध्याय म 'रामायण का रचना काल, 'रामायण म प्रक्षिप्त अश रामायणगत वेद वाचीविविध शब्द, 'वद-लक्षण, वेदत्रयीचतुष्टयत्व, 'वदो की शाखाए तथा वदोत्पत्ति विषयो पर विचार किया गया है। वदिक-साहित्य स सम्बद्ध रामायणगत विवरण नामक द्वितीय अध्याय म 'सहिता', 'ब्राह्मण, आरण्यक', उपनिषद' तथा 'वेदाग विषयक साहित्य से सम्बद्ध रामायणगत विवरण प्रस्तुत किया गया है। रामायण म वर्णित

वैदिक देवता' नामक तृतीय अध्याय रामायणगत वर्णनों के आलोक में 'देवोत्पत्ति', 'देवसंख्या', 'देवों', 'देवगणों', 'पितृदेवों', 'स्त्रीदेवताओं', 'अप्सराओं', 'गन्धर्वों' और 'असुरों', राक्षसों तथा पिशाचों का विवेचन प्रस्तुत करता है। 'रामायण में वर्णित वैदिक ऋषि' शीर्षक चतुर्थ अध्याय में ऋषितत्त्व के संकेत के पश्चात् रामायण में वर्णित ऋषियों का वर्णन किया गया है। 'रामायणगत वैदिक आख्यान' नामक पंचम अध्याय में देवसम्बन्धी, ऋषिसम्बन्धी तथा इतर आख्यानों का विवेचन प्रस्तुत किया गया है। 'रामायण में वर्णित वैदिक यज्ञ-याग' नामक षष्ठ अध्याय श्रौतयज्ञों, गृह्ययज्ञों और इष्टियों से सम्बद्ध विवरण प्रदान करता है। 'रामायणगत आर्ष प्रयोग' नामक सप्तम अध्याय में नाम, कृदन्त, आख्यात तथा सन्धि से सम्बन्ध अपाणिनीय प्रयोगों पर विचार किया गया है। अष्टम अर्थात् अन्तिम अध्याय में शोध प्रबन्ध की उपसंहृति प्रस्तुत की गई है। शोध प्रबन्ध के अन्त में 'ग्रन्थ-सूची' में सहायक ग्रन्थों तथा लेखों की सूची दी गई है।

इस शोध प्रबन्ध में प्रस्तुत रामायणगत वैदिक सामग्री के आलोचनात्मक अध्ययन से निश्चय ही रामायण के एक महत्त्वपूर्ण पक्ष का उद्घाटन होगा। इससे वैदिकोत्तर संस्कृत साहित्य में प्रवाहमान वैदिक परम्परा भी अवलोकित होगी।

मैं अपने शोध निर्देशक परमादरणीय डॉ० मानसिंह जी प्रोफेसर एवं अध्यक्ष संस्कृत विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला का अत्यन्त आभारी हूँ जिनके विद्वत्तापूर्ण निर्देशन में मैं प्रस्तुत शोध प्रबन्ध को पूर्ण कर सका। जिन विद्वानों के ग्रन्थों अथवा लेखों से मुझे इस शोध प्रबन्ध के प्रणयन में सहायता प्राप्त हुई है उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन मेरा पुनीत कर्तव्य है। इसके पश्चात् मुझ पर डॉ० गोकुल चन्द्र शर्मा 'आंगिरस' अध्यक्ष संस्कृत विभाग, महाविद्यालय सरस्वती नगर (शिमला) का ऋण भी कम नहीं जो बाल्यकाल से अब तक संस्कृताध्ययन के क्षेत्र में सतत प्रेरणा का स्रोत बने रहे हैं। मेरे परम मित्र तुलसी रमण और प्रकाशक श्री हरीश कुमार शर्मा के सहयोग से इस ग्रन्थ का प्रकाशन सम्भव हो सका है। इसलिए इन दोनों का अनुगृहीत एवं उपकृत हूँ।

—सतीश कुमार शर्मा 'आंगिरस'

सकेतिका

1 ग्रन्थ

अ०	अष्टाध्यायी	कू०पु०	कूर्मपुराण
अ०को०	अमरकोश	कृ०भा०भू०	कृष्णयजुर्वेद भाष्य भूमिका
अ०पु०	अग्निपुराण	कौ०सू०	कौशिकसूत्र
अ०भा०भू०	अथर्ववेदभाष्यभूमिका	ग०पु०	गरुडपुराण
अ०शा०	अभिज्ञान शाकुन्तल	गो०ब्रा०	गोपथ ब्राह्मण
अथर्व०	अथर्वसहिता	गौ०ध०सू०	गोतमधर्मसूत्र
आ०गृ०सू०	आश्वलायन गृह्यसूत्र	छा०उ०	छान्दोग्योपनिषद
आ०ध०सू०	आश्वलायन धर्मसूत्र	ज०उ०ब्रा०	जमिनीयोपनिषद्ब्राह्मण
आ०श्रौ०सू०	आश्वलायन-श्रौतसूत्र	ज०सू०	जमिनीयमीमासासूत्र
आप०गृ०सू०	आपस्तम्ब गृह्यसूत्र	ता०ब्रा०	ताण्डय ब्राह्मण
आप०ध०सू०	आपस्तम्ब धर्मसूत्र	त०आ०	तत्तिरीयारण्यक
आप०य०परि०	आपस्तम्ब यज्ञपरिभाषा	त०उ०	तत्तिरीयोपनिषद
आप०श्रौ०सू०	आपस्तम्ब श्रौतसूत्र	त०ब्रा०	तत्तिरीय ब्राह्मण
ऋ०	ऋक्सहिता	त०स०	तत्तिरीय-सहिता
ऋ०प्रा०	ऋग्वेद प्रातिशाख्य	ना०पु०	नारदीयपुराण
ऋ०प्रा०व०	ऋग्वेद प्रातिशाख्य वर्गद्वयवृत्ति	ना०शा०	नाटय शास्त्र
		नि०	निरुक्त
ऋ०भा०भू०	ऋग्वेदभाष्यभूमिका	प०ब्रा०	पर्चविश ब्राह्मण
ऋ०सर्वा०	ऋक्सर्वानुक्रमणी	प०पु०	पद्मपुराण
ऐ०आ०	एतरेयारण्यक	पा०गृ०सू०	पारस्कर गृह्यसूत्र
ऐ०उ०	ऐतरेयोपनिषद	पा०शि०	पाणिनीयशिक्षा
ए०ब्रा०	एतरेय-ब्राह्मण	पु०पु०	पुरुषोत्तम पुराण
का०गृ०सू०	काठक गृह्यसूत्र	ब्र०पु०	ब्रह्मपुराण
का०श्रौ०सू०	कात्यायन-श्रौतसूत्र	ब्रह्मा०पु०	ब्रह्माण्डपुराण
का०स०	काठक-सहिता	बृ०उ०	बृहदारण्यकोपनिषद्

ब०जा०	बृहज्जातक
ब०दे०	बृहद्देवता
बौ०ग०सू०	बोधायन गृह्यसूत्र
बौ०ध०सू०	बोधायनधर्मसूत्र
भा०पु०	भागवतपुराण
म०पु०	मत्स्यपुराण
म०स्म०	मनुस्मृति
महा०	महाभारत
मा०पु०	मार्कण्डेयपुराण
मु०उ०	मुण्डकोपनिषद
मु०चि०	मुहूर्त चिन्तामणि
म०स०	मैत्रायणी संहिता
या०स्म०	याज्ञवल्क्यस्मृति
या०शि०	याज्ञवल्क्यशिक्षा
रा०	रामायण
ल०शे०	लघुशब्देन्दुशेखर
ला०श्रौ०सू०	लाटायनश्रौतसूत्र
लि०पु०	लिंगपुराण
व०ध०सू०	वसिष्ठधर्मसूत्र
व०पु०	वराहपुराण
वा०प०	वाक्यपदीय
वा०पु०	वायुपुराण
वि०पु०	विष्णुपुराण
वे०ज्यो०	वेदान्त ज्योतिष
वे०सू०	वेदान्तसूत्र
श०ब्रा०	शतपथब्राह्मण
शां०ग०सू०	शांखायनगृह्यसूत्र
शा०श्रौ०सू०	शांखायनश्रौतसूत्र
शिवपुराण	शिवपुराण
ष०ब्रा०	षड्विंश ब्राह्मण
सि०कौ०	सिद्धान्त कौमुदी
ह०पु०	हरिवंशपुराण

2 रामायण टीका

अ०	माधवयोगीकृत अमृत कतकटीका
ति०	राजाराम वर्माकृत तिलकटीका
भू०	गोविन्दराजकृत भूषणटीका

3 संस्करण

नि०सा०	निर्णय सागर प्रेस
म०वि०	मैसूर विश्वविद्यालय मैसूर
ला०	लाहौर श्रीमद्दयानन्द महाविद्यालय संस्कृत ग्रन्थमाला

विषय-सूची

प्रथम अध्याय रामायण तथा वेद 9

1 रामायण का रचना-काल, 2 रामायण में प्रक्षिप्त-अंश 3 रामायण-गत वेदवाची शब्द, 4 वेदलक्षण, 5 वेदत्रयीचतुष्टयत्व 6 वेदों की शाखाएं 7 वेदोत्पत्ति।

द्वितीय अध्याय वैदिक साहित्य से सम्बद्ध रामायणगत विवरण 36

1 संहिताएं 2 ब्राह्मण, 3 आरण्यक, 4 उपनिषद, 5 वेदांग—शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त छन्द, ज्योतिष।

तृतीय अध्याय रामायण में वर्णित वैदिक देवता 59

1 देवोत्पत्ति, 2 देव-संख्या, 3 देव—अग्नि, अश्विना, इन्द्र प्रजापति बृहस्पति मित्र यम वरुण वायु विष्णु शिव, सूर्य। 4 देवगण—आदित्यगण मरुद्गण, वसुगण, विश्वेदेव। 5 पितृदेव, 6 स्त्री-देवता—अदिति पृथिवी, रात्रि, सरस्वती। 7 अप्सराएँ—उर्वशी मेनका। 8 गन्धर्व 9 असुर, राक्षस तथा पिशाच—असुर, दिति नमुचि, वल, वत्र राक्षस, पिशाच।

चतुर्थ अध्याय रामायण में वर्णित वैदिक ऋषि 123

1 ऋषि तत्त्व, 2 ऋषि—अगस्त्य, अत्रि, ऋष्यशृंग, कश्यप, गौतम च्यवन जमदग्नि भरद्वाज भृगु मेधातिथि काण्व, वसिष्ठ वामदेव, विश्वामित्र शुनःशेप।

पञ्चम अध्याय रामायणगत वैदिक आख्यान 152

1 देव सम्बन्धी आख्यान—इन्द्र तथा वृत्र। 2 ऋषि सम्बन्धी आख्यान—वसिष्ठ-विश्वामित्र, अगस्त्यवसिष्ठोत्पत्ति, गौतम अहल्या तथा इन्द्र, शुनःशेप। 3 इतर आख्यान—पुरूरवा उर्वशी, इला, सृष्ट्युत्पत्ति।

षष्ठ अध्याय रामायण में वर्णित वैदिक यज्ञ-याग 165

यज्ञ—1 श्रौतयज्ञ—अग्निष्टोम, अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास, अश्वमेध, राजसूय, वाजपेय। 2 महायज्ञ तथा कृत्य—अतिथि सत्कार, सन्ध्या वन्दन, नामकरण, विवाह, बलिकर्म, शालाकर्म, उत्तरक्रिया, अष्टका।

सप्तम अध्याय रामायणगत आर्ष प्रयोग 190

1 नाम—शब्दरूप, तद्धित, लिंग व्यत्यय, वचन व्यत्यय।

2 कृदन्त—क्त, शतृ तथा शानच्, क्त्वार्थक-कृदन्त।

3 आख्यात—परस्मैपद में प्रयुक्त आत्मनेपदी धातुएँ, आत्मनेपद में प्रयुक्त परस्मैपदी धातुएँ, सोपसर्ग धातुएँ, गण व्यत्यय, 'सेट्' तथा 'अनिट्' धातुएँ, अट् तथा आट् आगम।

4 सन्धि—दो पादों के मध्य सन्धि का अभाव—दीर्घ सन्धि, गुण सन्धि, वृद्धि सन्धि, यण सन्धि, पूर्वरूप सन्धि, अयादि-सन्धि, एक ही पाद में सन्धि का अभाव।

अष्टम अध्याय उपसंहार 222

सहायक ग्रन्थ सूची 226

1 संस्कृत ग्रन्थ-सूची

2 आलोचनात्मक ग्रन्थ सूची—

(क) संस्कृत तथा हिन्दी भाषाओं में उपनिबद्ध ग्रन्थ।

(ख) अंग्रेजी में उपनिबद्ध ग्रन्थ।

3 कोश, 4 पत्रिकाएं।

प्रथम अध्याय

रामायण तथा वेद

1 रामायण का रचना-काल

वदिक-साहित्य के पश्चात लौकिक-संस्कृत साहित्य मे 'रामायण' को 'आदि-काव्य' तथा महर्षि-वाल्मीकि को आदिकवि' माना जाता है। वदिक-साहित्य' के समापन क पश्चात सस्कत म जिस साहित्य की अवतारणा हुई उसम 'रामायण' महनीय रचना के रूप म समादत है। 'रामायण से ही सस्कत मे सजनात्मक धारा का प्रवतन हुआ जो साहित्यिक सवदनशीलता से अभिप्रेत है। इस आदिम रचना मे अलकृत भाषा के माध्यम से रामचरित प्रस्तुत किया गया है। इसका आधारफलक अत्यत विस्तत एव मानव की विराट तथा प्रबुद्ध सास्कृतिक चेतना स परिपुष्ट है। निषाद के बाण म विद्ध क्रौञ्च पक्षी के विरह म क्रौञ्ची का करुणक्रन्दन सुन कर वाल्मीकि का हृदय द्रवीभूत होकर काव्यधारा के रूप म प्रवाहित हो उठा[1]। इसम भारतीय जीवन पद्धति एव सास्कृतिक चेतना का मञ्जुल उदगीथ है।

यद्यपि रामायण क प्रणयन क साथ ही काव्य की नवीन शली का सूत्रपात हुआ जो वदिक शली से सवथा भिन्न है, तथापि इस वेदो की भाति पवित्र माना गया है। वेदो के उपब हुण के लिए इसकी रचना हुई[3]। 'रामायण' के बाल काण्ड[4] तथा 'उत्तरकाण्ड'[5] म इसके कलवर के विषय म उल्लख हुआ है।

---

1 रा० 1 2 14 15 निशाम्य रुदती क्रौञ्चीमिद वचनेमब्रवीत।
मा निषाद प्रतिष्ठा त्वमगम शाश्वती समा॥
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकेमवधी काममोहितम।

2 तदेव 1 1 77 इद पवित्र पापघ्न, पुण्य वेदश्च सम्मितम॥
(भू०) वेदश्च सम्मितम—सववेदसदृशमित्यथ।

3 तदेव 1 4 5 वेदोपवृणार्थाय तावग्राहयत प्रभु।

4 रा० 1 4 2 चतुर्विंशत्सहस्राणि श्लोकानुक्तवानृषि।
तथा सगशतान्पञ्च षटकाण्डानि तथोत्तरम॥ (म० वि०)

5 तदेव 7 94 26 सनिबद्ध हि श्लोकाना चतुर्विंशत्सहस्रकम।
उपाख्यानशत चव भागवेण तपस्विना॥
आदिप्रभति व राजन्पचसगशतानि च।
काण्डानिषट कृतानीह सोत्तराणि महात्मना॥ (नि० सा०)

तदनुसार यह उत्तरकाण्ड सहित छह काण्डयुक्त पाचसौ सर्गों तथा चौबिस हजार श्लोको मे उपनिबद्ध है। यह कथन प्रक्षिप्त होने के कारण विश्वसनीय नही है।[1]

'रामायण' का रचना-काल अत्यन्त विवादास्पद है भारतीय परम्परा के अनुसार 'रामायण' की रचना त्रेतायुग म आरम्भ म हुई थी। आधुनिक विद्वान इसे प्रमाणिक नही मानत और न ही भारतीय युगा का समय निरूपण हो सका है। इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि 'रामायण' की रचना वदिक साहित्य के पश्चात हुई। वदिक साहित्य की रचना छठा शताब्दी के पूर्व तक ही चुकी थी। 'रामायण' म महाभारत अथवा इसक किसी पात्र का उल्लख नही है जब कि महाभारत म 'रामोपाख्यान' उपलब्ध है, जिसम 'वाल्मीकि रामायण' के पात्रो के चरित वर्णित हैं तथा वहा रामायण स एक पद्य भी अविकल उद्धत किया गया है।[2] इसस सिद्ध होता है कि रामायण महाभारत स पूर्व की रचना है। 'महाभारत' को केवल रामकथा का ही नही अपितु 'वाल्मीकि रामायण' तथा इसके पात्रो और राम के विष्णु के अवतार होने का पता था। महाभारत को इसके कर्त्ता का भी ज्ञान था। मैकडानल[3] के अनुसार रामायण एक व्यक्ति की रचना नही है। 'बाल-काण्ड' तथा 'उत्तर-काण्ड' के अतिरिक्त भी पुनरुक्ति तथा अनावश्यक विस्तार यह मानने को विवश करता है कि रामायण का बहुत-सा भाग प्रक्षिप्त है। युद्ध काण्ड[4] म इस आदिकाव्य के प्राचीन काल म वाल्मीकि द्वारा लिखे जान का उल्लेख है। अयोध्या-काण्ड म एक स्थल पर रामायण स परवर्ती बुद्ध का उल्लख भी है[5] जो प्रक्षिप्त है। इससे यह विश्वास दृढ हो जाता है कि मूल 'रामायण' सक्षिप्त थी। यह सूतो कुशीलवो, गायको तथा लिपिको द्वारा परिमार्जित एव परिवर्द्धित होती रही। इसी कारण इसके विभिन्न सस्करणो म पर्याप्त

---

1 सत्यनारायण पाण्डेय सस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास पृ० 89

2 महा० 5 43 67 68 अपि चाय पुरागीत श्लोको वाल्मीकिना भुवि।

न हन्तव्या स्त्रियश्चेति यदब्रविषि प्लवगम ॥

पिडाकम अमित्राणा यत्स्यात्कर्तव्यमेव तत।

रा० 6 60 29 (ला०)

3 मकडानल हिस्ट्री आफ सस्कृत लिटरेचर पृष्ठ 306—309

4 रा० 6 1 26 106 आदिकाव्यमिद चाप पुरा वाल्मीकिना कृतम।

य श्रुणोति सदा लाके नर पापात प्रमुच्यते ॥

(नि० सा०)

5 तदेव 2 109 34 यथा हि चौर स तथा हि बुद्धस्तथागत नास्तिकमत्र विद्धि। (मै० वि०)

भिन्नता है।[1] इसका कारण भक्तिभावना एव स्वग-कामना है। वाल्मीकि-कृत मूल 'रामायण' का कलेवर कितना था, यह निश्चित रूप से नही कहा जा सकता तथापि, यह कहा जा सकता है कि मूल 'रामायण' सक्षिप्त थी। 'रामायण के युद्ध-काण्ड' म कई स्थला पर उल्लेख है कि इस आख्यान का पहले कभी वाल्मीकि ने रचा था।[2] रामायण म बहुत स अपाणिनीय प्रयोग इस बात के सूचक है कि इसका रचना काल पाणिनि स पहले है। पाणिनि का काल षष्ठशतक ईस्वी पूव माना गया है।[3] इस प्रकार 'रामायण का अन्तिम काल उसस भी पहले है यद्यपि विण्टरनित्स 'रामायण' मे बुद्ध का उल्लेख प्रक्षिप्त मानते हैं तथापि उस पर बौद्ध धम के प्रभाव को स्वीकार करने म अपनी सहमति व्यक्त करते है।[4] उनका अनुमान है कि रामायण' उस समय रची गई जब बौद्ध धम पूर्वी भारत म फल चुका था, जब बौद्धो के धम प्रथ लिखे जा रहे थे। यह रचना निश्चित रूप से बुद्ध से पूव की है क्योकि इस काव्य की भाषा उस समय प्रचलित सस्कृत ह। ईसा स 260 वप पूव अशोक के शिलालेख सस्कत म न होकर पालि म प्राप्त होत है। बुद्ध ने भी अपना उपदेश इस्वी पूव छठी शताब्दी म जनभाषा पालि म किया था। बुद्ध क समय म जनभाषा सस्कत नही थी। 'रामायण एव 'महाभारत दोनो के प्रणयन के समय सस्कत जनभाषा थी। अत साक्ष्य के आधार पर सिद्ध होता है कि रामायण की रचना 'महाभारत' स पूव है। महाभारत म बुद्ध धम या बुद्ध का नाम नही है, अत निश्चित है कि 'महाभारत का प्रणयन बुद्धदेव के पूव हो चुका था। 'रामायण' तो इससे भी पूव रची जा चुकी थी। ऐतिहासिक प्रमाण भी इस बात को दढ करते हैं।[5]

1 रामायण' म गगा तथा सोन पर बने पाटलिपुत्र का उल्लेख नही है। मगध नरेश अजातशत्रु ने 500 ईस्वी पूव बौद्ध साहित्य मे निर्दिष्ट पाटलि नामक ग्राम को नगर के रूप म बसाया था। इसस सिद्ध होता है कि पाटलिपुत्र नामकरण से पूव 'रामायण की रचना हो चुकी थी।

2 'रामायण' म कौशल जनपद की राजधानी का नाम अयोध्या है[6] तथा

---

1 सत्यनारायण-पाण्डेय, सस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृष्ठ 28

2 रा० 6 128 110, 112, 117 120 (नि० सा०)

3 सत्यकाम वर्मा सस्कृत व्याकरण का उद्भव तथा विकास पृष्ठ 124

4 विण्टरनित्स, ए हिस्ट्री आफ इण्डियन लिटरेचर, भाग 1, पृष्ठ 178 181

5 राजवश सहाय हीरा, सस्कृत साहित्य का बहद् इतिहास भाग 1, पृष्ठ 150 151

6 रा० 1 5 [illegible] अयोध्यानाम नगरी तत्रासील्लोकविश्रुता (म० वि०)

लव की राजधानी का नाम श्रावस्ती है ।[1] परवर्ती बौद्ध तथा जन साहित्य मे कौशल जनपद की राजधानी का नाम मानेत मिलता है । बुद्ध के समसामयिक कौशल नरेश की राजधानी का नाम श्रावस्ती था इस आधार पर निश्चित होता है कि श्रावस्ती की स्थापना से पूव ही रामायण की रचना हो चुकी थी। उस समय कौशल जनपद की राजधानी अयोध्या ही थी ।

3 'रामायण' म गगा पार करते समय राम विशाला नामक स्थान पर पहुचे उस समय वहा के राजा का नाम सुमति था । विशाला नामक नगर को इक्ष्वाकु की पत्नी अलम्बुसा क पुत्र विशाल न बसाया था । रामायण म विशाला और मिथिला दो स्वतन्त्र राज्य हैं बुद्ध के समय दोनो एक हो गए और इसका नाम वशाली हो गया । इस दृष्टि स भी रामायण का रचना बुद्ध स पूव सिद्ध होती है।

4 वेबर ने 'रामायण' पर ग्रीक प्रभाव की कल्पना की थी जिसका खण्डन करते हुए याकोबी इन्हे प्रक्षिप्त मानत हैं ।[4]

इन सभी प्रमाणो के आधार पर सिद्ध होता है कि रामायण' की रचना 500 ईस्वी पूव से पहले हो चुकी थी ।

2 रामायण मे प्रक्षिप्त अश

'रामायण' की कथाओ के अध्ययन के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि 'रामायण' म समय-समय पर प्रक्षप हुए तथा 'रामायण' विस्तृत होती गई । ये सभी प्रक्षिप्त अश महाभारत को शतसाहस्री का रूप प्राप्त होने से पूव रचे जा चुके थे ।[5] जमन विद्वान याकोबी क अनुसार मूल रामायण म अयोध्या-काण्ड' स 'युद्ध-काण्ड' पयन्त पाच ही काण्ड थे ।[6] युद्ध-काण्ड क अत म जहा राम का राज्याभिषेक होता है वहा सुग्रीव सहित वानर किष्किधा तथा विभीषण सहित राक्षस लका को लौट जात है[7] । यहा ग्रथाध्ययन से प्राप्त होने वाले पुण्य को भी दर्शाया

1 तदेव 7 108 4 श्रावस्तीति पुरी रम्या श्राविता लवस्य ह। (नि० सा०)
2 तदेव 1 46 11 20
3 तदेव 1 46 11 12 इक्ष्वाकोस्तु नरव्याघ्र पुत्र परमधार्मिक ।
अलम्बुषायामुत्पन्नो विशाल इति विश्रुत ।
तेन चासोदिह स्थाने विशालेति पुरी कृता ।
4 विण्टरनित्स भारतीय साहित्य भाग 1, खण्ड 2, पृष्ठ 183
याकोबी, दस रामायण, पृष्ठ 101
5 राजवश सहाय हीरा, संस्कृत साहित्य का बृहद इतिहास, पृष्ठ 153
6 याकोबी दस रामायण, पृष्ठ 50 95 96
7 रा० 6 128 89 90 (नि० सा०)

गया है,[1] जो ग्रथ समाप्ति की सूचना है। उत्तर-काण्ड म पुन वानर और राक्षस कथा-श्रवण कर रहे हैं।[2] इसमे नात हाता है कि ग्रथ 'युद्ध-काण्ड क अत म ही समाप्त हो गया था। उत्तर-काण्ड की रचना कर किसी ने ग्रथ के अत म उसे जोड दिया। दो स्थलो पर ग्रथ समाप्ति की सूचना प्रश्न ही उत्पन्न नही हाता।

अधिकतर विद्वान यह मानने के पक्ष म है कि बाल-काण्ड तथा उत्तर काण्ड दाना ही प्रक्षिप्त है। इसके लिए तक दिया जाता है कि इन काण्डा म राम विष्णु के अवतार के रूप म आत हैं जबकि अयत्र मनुष्य के रूप मे।[3] विष्णु के अवतार की धारणा को लकर ही दानो काण्डा प्रक्षिप्त मान लेना उचित नही, क्योकि अयोध्या काण्ड[4] म भी राम का विष्णु का अवतार कहा है। 'युद्ध-काण्ड[5] मे सभी देव ब्रह्मा सहित राम की ईश्वर के रूप म वदना करते हैं हे राम! आप सपूण विश्व के उत्पादक, नानियो म श्रेष्ठ एव विभु हैं फिर भी आप आग म गिरी सीता की उपेक्षा कमे कर रहे हैं पूवकाल म वसुआ के प्रजापति, जो ऋतुधामा नामक वसु थे, वे आप ही है। आप तीना लाको के कत्ता रुद्रा म अष्टम रुद्र, तथा साध्या में पचम साध्य हैं। आपके कण अश्विना तथा सूय एव चद्र नेत्र हैं। आप सष्टि के आदि व अत म विद्यमान रहते है, फिर भी आप साधारण मनुष्य की भाति सीता की उपेक्षा कर रहे हैं। जिन दवा की सष्टि ब्रह्मा ने की है वे सभी आपके विराट् शरीर म रोम हैं। आपके नत्रो का खुलना व बद होना रात्रि एव

1 तदेव 6 128 106-128 (नि० सा०)

2 तदेव 7 1

3 सत्यनारायण पाडेय, सस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृष्ठ 89
कृष्ण चतय, सस्कृत साहित्य का नवीन इतिहास, पृष्ठ 184

4 रा० 2 1 7 अथितो मानुषे लाके नरो विष्णु सनातन । (म० वि०)

5 तदेव ▮ 105 5 8 कत्ता सवस्य लाकस्य श्रेष्ठो नानविदा विभु ।
उपेक्षसे कथ सीता पतती हव्यवाहने ॥
ऋतुधामा वसु पूव वसूना त्व प्रजापति ।
त्रयाणामपि लाकानामादिकर्त्ता स्वयप्रभु ॥
रुद्राणामष्टमो रुद्र साध्यानामपि पचम ।
अश्विनौ चापि कर्णौ ते सूयचद्रमसौ दृशौ ॥
अन्ते चादौ च मध्ये च दृश्यसे च परन्तप ।
उपेक्षसे च वदेही मानुष प्राकृतो यथा ॥

6 105 21 22 दवा रामाणि गात्रेषु ब्रह्मणा निर्मिता प्रभो।
निमिषस्ते स्मृता रात्रिरुन्मेषो दिवसस्तथा।
सस्कारास्त्वभवन्वेदा नैतदस्ति त्वया विना॥

दिन है। वेद आपके सस्कार हैं।" यही पर राम का सतानत विष्णु दब महा बाहु, हरि, एव नारायण कहा है।[1] इसस यह विचार भी खडित हो जाता है कि केवल बालकाण्ड तथा 'उत्तरकाण्ड' म ही राम देवता अथवा विष्णु के अवतार के रूप म आए हैं। यह भी स्पष्ट होता है कि इस काव्य मे इन दो काण्डा क अतिरिक्त भी प्रक्षिप्त अश हैं। 'विण्टरनित्स' इन स्थला को भी प्रक्षिप्त मानत हैं।[2] इन स्थला पर भी राम के ईश्वर होने क प्रसग ढूढ जा सकत है जस बालिवध[3] कबध का वध[4] विराधवध तथा शबरी की कथा[6]। बालि, कबध एव विराध राम के हाथा मृत्यु पाकर दिव्यलोक पाते हैं। शबरी अग्निदग्ध होकर स्वग प्राप्त करती है। शरभग ने राम के दशन क पश्चात अग्नि म अपने को जला दिया।[7] ये सभी आख्यान रूप म हैं। बुद्ध विषयक पद्य प्राय प्रक्षिप्त कहा गया है जो 'अयोध्या-काण्ड' म मिलता है। 'किष्किन्धा-काण्ड' म तथा मनुस्मृति म राजधम बोधक दो पद्य समान है।[8] इसस पूव क एक पद्य म इन्ह मनुक्त कहा गया है[9], जिसस वाल्मीकि क मनु क पश्चात होन की भ्राति उत्पन्न हो जाती है।[10] इसे किसी मनुस्मृति के अभिमानी न प्रक्षिप्त किया और इस भ्राति को उत्पन्न किया। इस प्रकार रामायण म बहुत स प्रक्षिप्त अश है, जिन्ह ढूढ पाना एक कठिन काय है।

---

1 रा० 6 128 118 119

प्रीयत सतत राम सहि विष्णु सनातन ।
आदिदेवो महाबाहुहरिनारायण प्रभु ॥ (नि० सा०)

2 विण्टरनित्स, ए हिस्ट्री आफ इण्डियन लिटरेचर, पृष्ठ 167 168

3 रा० 4 16

4 तदव 3 66

5 तदव 3 4 (म० वि०)

6 तदेव 3 70

7 तदव 3 4

8 तन्व 4 18 30 राजभिध तदण्डास्तु कृत्वा पापानि मानवा ।
निमला स्वगमायान्ति सन्त सुकृतिनो यथा ।
4 18 34 शासनाद्वा विमो द्वा स्तन स्तेयाद्विमुच्यत ।
राजा त्वशासत्पापस्य तदवाप्नोति किल्बिषम् ॥ (म० वि०)
म० स्म० 8 318 316

9 रा० 4 18 32 श्रूयेत मनुना गीतो श्लाको चारित्र वत्सलो ।
गहीतो धमकुशलस्तस्तथा चरित हरे ॥ (मै० वि०)

10 मल्लादिसूयनारायण शास्त्री, सस्कृतकविजीवितम् पृष्ठ 4 5

यत्र-तत्र 'रामायण' म दो प्रकार की शैली प्राप्त होती है, पौराणिक तथा काव्यशास्त्रीय। पौराणिक शली म का यशास्त्रीय तत्वा का सवथा अभाव है। 'रामायण' म कुछ स्थला पर उत्कृष्ट काव्य के दशन हात हैं यथा सीताहरण वर्षा-वणन शरद वणन तथा लका वणन आदि। य इस काव्य के उत्तमाश कह जा सकत हैं। इ ह केवल गायका के गीत नहीं कहा जा सकता। वाल्मीकि ने बहुत स स्थला पर प्रकृति चित्रण किया है। जहा तक उत्तरकाण्ड' का प्रश्न है, वह तो प्रक्षिप्त ही है, क्योंकि युद्ध काण्ड' क अत म कथा के श्रवण का महात्म्य वानरा तथा राक्षसों का अपन स्थान का चल जाना एव काव्यशास्त्रीय नियमा क अनुसार नायक को फल प्राप्ति वर्णित हो चुकी है।[1] उत्तरकाण्ड' म सवथा पौराणिक शैली म आख्यान ही जोडे गए हैं। यहा राम की चारित्रिक हीनता के प्रसग भी मिलत हैं, जसे सीता का निर्वासन तथा ब्राह्मण शबूक का वध।

सपूण बालकाण्ड को प्रक्षिप्त मानना उचित नही है। यहा केवल व उपाख्यान ही जिनका मूल कथा स सबध नहीं है प्रक्षिप्त माने जा सकत हैं, यथा ऋष्यशृग, विश्वामित्र, गगावतरण एव त्रिशकु की कथा आदि। यदि सपूण बालकाण्ड का प्रक्षिप्त मान लें ता आदि कवि वाल्मीकि के मुख स निसत श्लोक का भी प्रक्षिप्त मानना होगा जिस 'आनदघन रसवाद' की स्थापना के लिए प्रमाण मानत हैं।[2]

अयोध्याकाण्ड म राम क राज्याभिषेक क लिए जो समय निश्चित किया गया था उस समय पुण्य-नक्षत्र, ककलग्न तथा कक राशिस्थ बहस्पति और चद्रमा जन्मकालिक दिवस क ही समान थे।[3] जन्मकालिक नक्षत्र तथा ग्रह स्थिति 'बाल काण्ड' म है।[4] यदि बालकाण्ड का प्रक्षिप्त माना जाए तो 'अयोध्याकाण्ड का वह भाग भी प्रक्षिप्त मानना पडेगा जहा इस प्रकार का विवरण प्राप्त होता है।

अरण्यकाण्ड म मारीच रावण को राम क प्रति सीताहरण रूपी अपराध करने से रोकन का परामश देत हुए अपन गत अनुभव बतलात हैं।[5] जब मारीच ने अपने साथिया सहित 'दण्डकारण्य म श्री राम पर आक्रमण किया तो राम न उनके साथिया का वध कर दिया था। उनके भय स त्रस्त होकर मारीच ने सयास ल लिया।[6] दण्डकारण्य में विश्वामित्र क यज्ञ म राम का मारीच तथा उसके

---

1 द्रष्टव्य प्रस्तुत शोध प्रबध, पष्ठ 8

2 ध्वयालाक 1 5

3 रा० 2 13 3 उदित विमल सूर्ये पुष्ये चाभ्यागतऽह्नि।
लग्न ककटके प्राप्ते ज म रामस्य च स्थित॥
2 23 8 अद्य बाहस्पत श्रीमा युक्त पुष्येण राघव।

4 तदेव 1 18 8 15 (म० वि०)

5 तदेव 3 34, 3 35 10

6 तत्रैव 3 36 37

साथियों के साथ संघर्ष का वर्णन 'बालकाण्ड' में है।[1] मारीच ने बाद में सीताहरण में स्वर्णमृग का रूप धारण कर रावण की सहायता की थी।

'रामायण' में जहां इसके कलेवर के विषय में लिखा गया है वहां भी षट्काण्ड के साथ 'उत्तरकाण्ड' कहा गया है, 'सप्तकाण्ड' नहीं।[2] यहां भी केवल 'उत्तरकाण्ड' ही अलग है।

संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि 'उत्तरकाण्ड' सर्वथा प्रक्षिप्त है। बालकाण्ड का वह भाग जो मुख्य कथा से संबंध नहीं रखता तथा वे अंश जो मुख्य कथा के विकास में सहयोग नहीं देते प्रक्षिप्त हैं। इसी प्रकार मुख्य कथा से असंबद्ध आख्यान अन्य काण्डों में भी मिलते हैं वे भी प्रक्षिप्त ही हैं।

'रामायण' में परिवर्तन एवं परिवर्धन हुए, इनका कारण कुश और लव जैसे गायक हैं। इसके पठन-पाठन, श्रवण, मनन एवं लेखन को बाद में पुण्य कार्य समझा जाने लगा।[3] लेखकों को 'रामायण' शीर्षक के अंतर्गत जो कुछ भी प्राप्त हुआ उन्होंने सभी का स्वागत किया। इसके पीछे भी स्वर्गप्राप्ति की भावना थी।[4]

'रामायण' के जो संस्करण संप्रति प्रचलित हैं उनमें पर्याप्त पाठ भेद है। आजकल इसके चार प्रामाणिक संस्करण हैं।

1. बंबई से प्रकाशित औदीच्य संस्करण।
2. कलकत्ता से प्रकाशित गौडीय संस्करण।
3. लाहौर से प्रकाशित काश्मीरी अथवा पश्चिमोत्तरीय संस्करण।
4. मद्रास से प्रकाशित दक्षिणात्य संस्करण।

बंबई एवं मद्रास के संस्करणों में समानता होने के कारण 'रामायण' को मुख्यतः तीन प्रकार के पाठों में विभक्त किया जा सकता है। दक्षिणात्य पाठ में 643 सर्ग, औदीच्य में 664 तथा गौडीय पाठ में 666 सर्ग हैं। गौडीय और पश्चिमोत्तरीय पाठों में भी समानता है। दक्षिणात्य पाठ को सभी विद्वान् वाल्मीकि के मूल पाठ के निकट मानते हैं। यह पाठ अनेक लिपियों में प्राप्त होता है। दक्षिण भारतीय टीकाकारों गोविंदराज, रामानुज, माधवयोगी तथा महेश्वरनाथ के पाठों में बहुत अधिक साम्य है, पर कहीं-कहीं अल्प मात्रा में पाठ भेद प्राप्त होते हैं।

---

1. तदेव 1.28
2. तदेव 1.4.2 षट्काण्डानि तथोत्तरम्। (म० वि०)
   7.94.27 काण्डानि षट्कृतानीह सोत्तराणि महात्मना। (नि० सा०)
3. रा० 6.128.106 यः शृणोति सदालोके नरः पापात् प्रमुच्यते। (नि०सा०)
   6.128.110 श्रुत्वा रामायणमिदं दीर्घमायुश्च विंदति॥ (नि० सा०)
   6.128.115 सर्वपापैः प्रमुच्येत दीर्घमायुराप्नुयात्॥ (नि० सा०)
4. तदेव 6.128.120 ये लिखंतीह च नरास्तेषां वासस्त्रिविष्टपे (नि० सा०)

3 रामायणगत वेदवाची विविध शब्द

श्रुति, वेद आम्नाय त्रयी और ऋक्-साम यजु ये वेद के पर्याय कहे गए हैं।[1] रामायण म मुख्यत वेद शब्द का प्रयोग है", कहीं-कहीं वेद के अपरपर्यायो का प्रयोग भी मिलता है। 'रामायण' म अधोलिखित वेदवाची शब्द प्रयुक्त हैं—

ब्रह्म—'रामायण' मे ब्रह्म शब्द का प्रयोग वेदार्थ मे हुआ है।[3] ऋषियो के भवनो का वर्णन ब्रह्मघोष से निनादित के रूप म किया गया है।[4] 'ब्रह्मघोष' का तात्पर्य वेद ध्वनि' स है।[5] प्राचीनकाल स व्यवहृत ब्रह्म के व्याख्यान के कारण ब्राह्मण शब्द का प्रचलन हुआ। दुर्गाचार्य ऋक्सामयजुष' को ब्रह्म राशि मानत हैं।[6] वेद के अर्थ म 'ब्रह्म शब्द का प्रयोग तैत्तिरीय-संहिता' की भूमिका[7] और मनुस्मृति[8] म भी हुआ है। वेद के ही अर्थ म 'ब्रह्म पुराणों म प्रयोग मिलता है"।

श्रुति—'श्रुति वेद का नामान्तर है। श्रुति नाम श्रवण के कारण पडा। चिरकाल स वेदो को लोग गुरु-परम्परा स सुनत चल आ रहे हैं। निरुक्त[10] तथा 'मनुस्मृति[11] म इस शब्द का प्रयोग वेदार्थ मे है। कूर्म पुराण' म पुरुषसूक्त का मन्त्र,[1] ब्रह्म पुराण म 'शतपथ' का वाक्य[13] और शिव-पुराण' म तैत्तिरीय-आरण्यक' के वाक्य[14]

---

1 अ० का० 1 3 श्रुति वेदाम्नायस्त्रयीधर्मस्तुतद्विधि ।
स्त्रियामृक्सामयजुषीति वेदास्त्रयस्त्रयी ॥

2 रा० 1 4 5 वेदोपबृंहणार्थाय ।

3 तदेव 2 7 5 ब्रह्मघोषाभिनादिताम । (म० वि०)

4 तदेव 3 1 8 तद्ब्रह्मभवनप्रख्य ब्रह्मघोषनिनादितम् ।

5 (भू०) ब्रह्मघोष —वेदध्वनि ।

6 नि० 1 4, ऋग्यजु सामात्मको ब्रह्मराशि ।

7 तै० स०, पृष्ठ 5, द्रष्टव्य, स्वाध्यायमण्डली ।

8 म० स्म० 4 91 पर मेधातिथिभाष्य ।

9 भा० पु० 2 1 8 पुराण ब्रह्मसम्मितम ।
1 11 19
9 1 17 पर श्रीधरी टीका ।
ह० पु० 3 48 9 ब्रह्मोक्ता ब्रह्मर्षेरिताम्, पर नीलकण्ठी टीका।

10 नि० 13 1 13 सेय विद्या श्रुति मति बुद्धि ।

11 म० स्मृ० 2 10 श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो ।
2 9 श्रुतिस्मृत्युक्तं धर्ममनुतिष्ठन्हि मानव ।

12 कू० पु० 2 38 73 सहस्रशीर्षा पुरुष इत्यादि श्रुति ।

13 ब्र० पु० 161 15 यज्ञो वै विष्णु इति श्रुति ।

14 शि० पु० 6 11 49 ओमितीदं सर्वम इत्यादि श्रुति ।
4 42 23 ईशान सर्वविद्यानाम् इत्यादि श्रुति ।

उद्धृत कर उसे 'श्रुति' कहा गया है। 'रामायण' म वद-वचन को श्रुति कहा गया है।[1]

'रामायण' म 'श्रुति' शब्द का प्रयोग लौकिक प्रवाद के लिए भी हुआ है।[5] अत जिसका प्रचार-काल निश्चित न हो और जिसका प्रामाणिक रूप म गुरु-परपरा के माध्यम स उपदेश प्राप्त होता रहे वह वचन लौकिक हो या वदिक 'श्रुति' ही कहलाएगा। इसम वचन के कथन या कहना के समय का उल्लेख नही होता। आग चलकर अनक कल्पित श्रुतियो का उल्लेख विद्वानो न किया है।[3]

अध्याय— रामायण म अथ म 'अध्याय' शब्द का प्रयोग भी हुआ है।[4] अध्ययन किए जाने के कारण वद का नाम अध्याय पडा।

स्वाध्याय— रामायण म 'स्वाध्याय' शब्द का प्रयोग भी हुआ है।[5] 'शतपथ ब्राह्मण'[6] तथा 'तत्तिरीय आरण्यक'[7] एव मनुस्मृति[8] म स्वाध्याय शब्द वद के लिए प्रयुक्त है। कुल-परम्परा म प्रचलित वेद विशष का अथवा वदविशष की शाखा विशष का अध्ययन स्वाध्याय है। मनुस्मति का वचन है कि जो ब्राह्मण वदाध्ययन न करक अय ग्र थो म परिश्रम करता है वह इस जीवन म सपरिवार शूद्र हो जाता है।[9] रामायणकाल म भी ब्राह्मण वदाध्ययन म रत रहत थ।[10]

त्रयी — रामायण म त्रयी का प्रयोग न होकर वदास्त्रय त्रिवेदी और त्रविद्य श दो का प्रयोग है।[11] त्रयी पद म त्रत्रयवाची है। ऋक साम तथा यजु य तीन

---

1 रा० 3 13 30 मुखतो ब्राह्मणा जाता उरस क्षत्रियास्तथा।
उरुभ्या जज्ञिरे वश्या पदभ्या शूद्रा इति श्रुति ।

2 तदव 2 102 15 द्वे चास्य भार्ये गार्भिण्यो बभूवतुरिति श्रुति ।

3 सत्यव्रत सामश्रमी वेदत्रयी परिचय, पष्ठ 9

4 रा० 2 48 34 नष्टज्वलनसतापा प्रशाताध्याय सत्कथा। (भू०) अध्यायोवद (नि०सा०)

5 रा० 7 9 40 स्वाध्यायनियताहार । (नि० सा०)
1 13 40 रता स्वाध्यायकरण वय नित्य हि भूमिप ।

6 श० ब्रा० 11 3 8 2 स्वाध्यायोऽध्यतव्य ।

7 त० आ० 2 15 7

8 म० स्मृ० 2 107 स्वाध्यायमधीतऽब्दम।

9 तत्रैव 2 168 योऽनधीत्य द्विजो वदानन्यत्र कुरुत श्रमम ।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वय ॥

10 रा० 1 13 40

11 तत्रैव 7 37 16 वेदास्त्रय 7 37 (प्र० 5) 48
त्रिगुण त्रिवदी त्रिधामा च त्रिराघव। (नि० सा०)

प्रकार के मन्त्र है।[1] त्रिविध मन्त्रो से यज्ञ सपादित होते है। ब्राह्मण भाग का साक्षात ग्रहण 'त्रयी' पद से नही होता किंतु मन्त्रानुगत होने के कारण कर्मकाण्ड का विधायक होने से गौण रूप से उसका भी अन्तर्भाव 'त्रयी' पद मे माना जाता है।

4 वेदलक्षण

रामायण मे वेदलक्षण तो प्राप्त नही होता, किंतु वेद सत्य के प्रतिष्ठापक है[2] तथा वेद सत्य और अक्षय हैं[3] ऐसे वचन मिलते है। वेदो मे धर्मादि पुरुषार्थ चतुष्टय की सत्ता का परिचय मिलता है। सायण ने 'कृष्णयजुर्वेद भाष्य भूमिका' मे यह लक्षण प्रदान किया है—"इष्टप्राप्ति तथा अनिष्टपरिहार के अलौकिक उपाय को बतलाने वाला वेद है।[4] उन्होने ऋग्वेद-भाष्य भूमिका मे वेद के यह लक्षण दिए है—'मन्त्रब्राह्मणात्मक शब्दराशि वेद है',[5] 'अपौरुषेय वाक्य वेद है'[6] तथा प्रत्यक्ष अनुमान तथा आगम प्रमाणो मे वेद अंतिम प्रमाण है।[7] ऐसा ही लक्षण 'आपस्तम्ब तथा कौशिक' ने भी किया है।[8] मुख्य रूप से मन्त्र और गौणत ब्राह्मण भाग भी वेद है।[9]

मन्त्र— यास्क' के अनुसार मनन के कारण मन्त्र को 'मन्त्र' कहते हैं।[10] सायण ने ऋग्वेद भाष्य भूमिका मे इस लक्षण को दोष युक्त बतलाया है, क्योकि इस लक्षण की अतिव्याप्ति ब्राह्मणग्रथो मे भी होगी।[11] 'शाबर भाष्य' मे भी इसे अतिव्याप्ति दोष-ग्रस्त बताया गया है।[12] वस्तुत सायण के समय तक मनन के स्थान पर जपादि क्रिया प्रचलित हो गई थी। रामायण मे मन्त्रकोविद, 'मन्त्रवित' तथा 'मन्त्रवत'

---

1 वा० रा० 4 67 1 त्रयी व विद्या ऋचायजूंषिसामानि।

2 रा० 2 101 14 वेदा सत्यप्रतिष्ठाना ।

3 तदेव 2 7 14 सत्यमेवाक्षया वेदा । (म० वि०)

4 कृ० भा० भू०, इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपाय यो ग्रन्था वेदयति स वेद ।

5 ऋ० भा० भू०, पृष्ठ 11 मन्त्रब्राह्मणात्मकशब्दराशिर्वेद ।

6 तदेव अपौरुषय वाक्य वेद ।

7 तदेव प्रत्यक्षानुमानागमेषु प्रमाणेषु अन्तिमो वेद ।

8 आप० य० परि० 24 1 31 कौ० सू० 1 3

9 युधिष्ठिर मीमासक, वैदिक सिद्धान्त मीमासा, पृष्ठ 158 178

10 नि० 13 1 17 मननात मन्त्रा ।

11 ऋ० भा० भू० पृष्ठ 68, मननहेतुमन्त्र इत्युक्तब्राह्मण अतिव्याप्ति ।

12 ज० सू० 2 1 63 पर शाबर भाष्य ।

आदि शब्दा का प्रयोग मिलता है।[1] इसकी व्युत्पत्ति गुप्तभाषणार्थक √ मन्त्रि स भी होती है। 'रामायण' म मन्त्र शब्द का प्रयोग मन्त्रणा के अथ म भी हुआ है।[2] मन्त्रो को गुप्त ही रखा जाता है। मन्त्रोच्चारण का प्रत्यक्ष प्रयोजन अथ प्रकाशन है।[3]

'रामायण म प्रयुक्त त्रयोमन्त्रा[4] पद स त्रिविध ऋक साम और यजु रूप मन्त्रा का सकेत है। ब्राह्मण-ग्रन्था म भी ऋक्सामयजु रूप मन्त्र त्रिविध ही मान गए हैं।[5] जमिनि न मन्त्राधिकारण म त्रिविध मन्त्रो क ही लक्षण कहे हैं। मन्त्रा के त्रिविध रूप का लक्ष्य कर त्रयी पद परपरा स वेद के लिए प्रयुक्त होता है। यह भेद गद्य, पद्य और गान रूप रचना प्रकार की दृष्टि से है।[6] जो मन्त्र पादवान हो, अक्षर की सख्या स युक्त हो तथा अवसान म स्वरयुक्त हो उस ऋक कहते हैं।[7] पूर्वमीमासा के अनुसार जिनम अथवश पाद्व्यवस्था हो वे छन्दोबद्ध मन्त्र 'ऋक' हैं।[8] वगद्वयवत्ति म परिमित पादाद्यवहित मन्त्र को ऋक' कहा गया है।[9] वस्तुत ऋड मन्त्रा म पाद की महत्ता के साथ अक्षरो की भी महत्ता है। अक्षर-सपद का निवेश इन मन्त्रो म होता है। पाद की महत्ता इसम विशष है। अथवश-पाद व्यवस्था होने के कारण अर्थानुसार पाठभेद भी इसम सभव होता है। इसम छदा भेद भी हो जाता है। ऋडमन्त्रो म अक्षरो की गणना का विशिष्ट महत्त्व है। अक्षर ही सवत्र बलवत्तर निमित्त है।[10]। ऋड मन्त्रा म अक्षरा की गणना से एक छद होता

1 रा० 2 5 4 मन्त्रम मन्त्रकोविदम (म० वि०)
2 5 11 मन्त्रवित्कारयामास । (म० वि०)
2 तदव 2 94 11 मन्त्रो हि विजय मूल राज्ञा भवति राघव ।
2 53 15 न मया मन्त्रकुशल सह विचारितम । 2 53 16 6 6 12
3 ज० सू० 1 2 53 पर शाबर भाष्य तस्माद्विवक्षितार्था मन्त्रा प्रयोग काल स्वार्थप्रकाशनायवाच्चारयितव्या ।
4 रा० 7 5 7 (नि० सा०)
5 श० ब्रा० 4 6 7 1, त्रयी व विद्या ऋचोयजूषिसामानि ।
त० ब्रा० 1 2 1 26 ऋच सामानि यजूषि ।
6 ऋ० भा० भू०, पष्ठ 76 एतमव मन्त्रावान्तरविशेषमुपजीव्य वेदानामग्वेदो यजुर्वेद सामवेद इति त्रविध्य सम्पन्नम ।
7 ऋ० प्रा० व०, पृष्ठ 6, य कश्चित्पादवा मन्त्रो युक्तश्चाक्षरसम्पदा ।
स्वरयुक्तोऽवसाने च तामच परिजानत ॥
8 ज० सू० 2 1 35 तपामक्यथार्थवशेन पाद्व्यवस्था ।
9 ऋ० प्रा० व० पृष्ठ 6
10 ऋ० प्रा० 17 21 अक्षराण्येव सवत्र निमित्त बलवत्तरम ।

है, पाद विभाग करने पर अन्य छन्द बन जाता है। एक ऋड मन्त्र[1] पाद के अनुसार अनुष्टुप होता है, किंतु अक्षर गणना करने पर उष्णिक बन जाता है।[2] इसी के साथ ऋडमन्त्रो मे अवसान की आवश्यकता होती है।[3] जो मन्त्र करणा से युक्त हो, पादाक्षर युक्त न हो, अतियुक्त तथा अवसान वाला हो उसे 'यजु' कहते है।[4] यजु मन्त्रो में पाद व्यवस्थित न होकर अनवस्थित होते हैं। उनमे विषमता रहती है। इस लिए एक यजु कण्डिका म मन्त्रा की गणना म पथक्ता मिलती है। प्रत्येक अनुवाक की यजु सख्या म शाकपूणि, यास्क तथा काशकृत्स्न के अनुसार मतभेद है।[5] यजु मन्त्रो मे अनियत अक्षर होते हैं। जहा छद नही होता वहा पादव्यवस्था भी नही होती। यजु गद्यात्मक होता है। 'अनतदेव यजुमन्त्रो मे भी छद की सत्ता मानते हैं। अनियताक्षर होने से छद का होना सभव नही।[6] नियताक्षर होने पर यजु मे भी छन्द स्वीकार किया जाता है।[7]

'रामायण' मे साम मन्त्रा के गाए जाने का उल्लेख है।[8] गाने के कारण ही ऋचाओ को साम कहते है।[9] अत यह निश्चित है कि 'साम शब्द' से वे मन्त्र अभिमत हैं। जो भिन्न भिन्न ऋचाओ पर गाए जाते हैं। सा तथा 'अम' से 'साम पद की निरुक्ति होती है।[10] स्वर साम का स्वरूप है।[11] जिन ऋचाओ पर साम गाए जाते हैं वे साम योनि कहे जाते है। पचविध सामो के नाम क्रमश हिंकार, प्रस्ताव उदगीथ प्रतिहार व निधन है।[12] सप्तविभक्तिक साम म हिंकार प्रणव, उदगीथ, प्रस्ताव प्रतिहार उपद्रव और निधन की गणना होती है।[13] गीयमान मन्त्र का प्रथम

---

1 ऋ० 8 69 2 नद व आन्तीनाम।

2 ब्रह्मदत्तजिज्ञासु यजुर्वेदभाष्यविवरण की भूमिका, पष्ठ 107

3 या० शि० 1 14 15

4 ऋग्यजु परिशिष्ट, पृष्ठ 500 पर उदधृत

य कश्चित करणमन्त्रो न च पादाक्षरैर्युत ।
अतियुक्तोऽवसानश्च त यजु परिकल्पयेत ।।

5 भट्टभास्कर कृत रुद्रभाष्य, पष्ठ 26

6 सर्वानुक्रमणी, पष्ठ 3, याजुषामनियताक्षरत्वादेको छन्दो न विद्यते।

7 *अनन्तदेव, सर्वानुक्रमणी पर टीका, पृष्ठ 6*

8 रा० 2 70 18 तत्र सामानि सामगा।

9 ज० सू० 2 36 गीतिषु सामस्या।

10 बृ० उ० 1 3 22 सा च अमश्चेति तत्साम्न सामत्वम्।

11 छ० उ० 1 8 4 'का साम्नो गति स्वर इति होवाच।

12 छा० उ० 2 2

13 तदेव 2 8 1 2

भाग जो प्रस्तोता गाता है वह 'प्रस्ताव' है। द्वितीय भाग उद्गाता द्वारा गीयमान 'उद्गीथ' है। इसके आरम्भ में ॐ लगाया जाता है। प्रतिहार को 'प्रतिहर्ता' नामक ऋत्विक गाता है। उपद्रव कभी-कभी दो भाग भी किए जाते हैं। उपद्रव को उद्गाता गाता है। 'निधन' में मन्त्र के दो पदांश या ॐ रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विक प्रस्तोता, उद्गाता तथा प्रतिहर्ता करते हैं।[1] दूसरा मत यह भी है कि गानारम्भ में सब ऋत्विक मिल कर हुम् का उच्चारण करते हैं वह हिंकार है। हिंकार के साथ प्रणव की भी गणना है।[2] साम के सभी स्वर स्तोभादियुक्त होते हैं। अतः साम का विशेषण 'स्तोभादिगीतिविशिष्ट' है।[3] ऋग्विलक्षण स्तोभ कहलाता है।[4] स्तोमों का प्रयोग यज्ञों में होता है। स्तोमों की संख्या नौ है। त्रिवृत्त पंच दश, सप्तदश, एकविंश, त्रिणव, त्रयस्त्रिंश, चतुर्विंश, चतुश्चत्वारिंश तथा अष्ट चत्वारिंश—ये स्तोम तृच पर हुआ करते हैं। तृचों को तीन पर्यायों में गाया जाता है। प्रत्येक पर्याय में तृचों पर साम के गान का नियम है। तृतीय पर्याय में स्तोभ का स्वरूप निष्पन्न होता है। आवृत्तियों को विष्टुति कहते हैं। नौ स्तोभों की समग्र विष्टुतियाँ संख्या में 28 हैं। मीमांसा ग्रन्थों में स्तोभ और साम पर पर्याप्त विचार किया गया है। साम शब्द ऋक्स्तोभ स्वरकाल और अभ्यास विशेष से गाए जाने पर प्रयुक्त किया जाता है।[6] यद्यपि स्तोभ साम पद वाच्य नहीं है तथापि सामगान की निष्पत्ति के लिए स्तोभों की उपयोगिता होने से सामलक्षण में स्तोभ का अंतर्भाव है।[7] सामगान सम्पादनार्थ ऋगक्षरों में कुछ परिवर्तन करना पड़ता है। ये साम विकार संख्या में छह हैं—विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ।[8]

रामायण में आथर्वण मन्त्रों के प्रयोग करने का उल्लेख है।[9] अग्नि-पुराण[10] में ऋग्यजुः सामाथर्वाख्य चतुर्विध मन्त्र कहे गये हैं। रामायण में आथर्वण मन्त्र

---

1 बलदेव उपाध्याय वैदिक साहित्य और संस्कृति पृष्ठ 148
2 सत्यव्रत सामश्रमी त्रयी परिचय पृष्ठ 83
3 मु० उ० 2 1 8 पर शाबर भाष्य
4 सत्यव्रत सामश्रमी, पूर्वोद्धृत ग्रंथ, पृष्ठ 84
5 ता० ब्रा० अध्याय 2 3
6 ज० सू० 9 2 39 पर शाबर भाष्य, ऋक्स्तोभस्वर-कालाभ्यासविशिष्टायां गीते सामशब्दो वाचकः।
7 तत्रैव 7 2 1 पर शाबर भाष्य
8 सत्यव्रत सामश्रमी, पूर्वोद्धृत ग्रंथ, पृष्ठ 83
9 रा० 1 14 2 अथर्वशिरसि प्रोक्तमन्त्रैः।
10 अ० पु० 124 5 ऋग्यजुःसामाथर्वाख्यवेदमन्त्राः।

एक विशेष प्रकार का मत्र प्रतीत होता है। 'आथवण मत्र' का अथ है 'अथव-वेदोक्त मत्र'। आथवण मत्र रचना की दृष्टि से ऋड मत्रो के समान है। अथव मत्रो का प्रयोग अभिचार एव शातिपुष्ट्यादि कर्मों के लिए किया जाता है। त्रिविध मत्रो का प्रयोग श्रोतयन्ना म होन स अथवमत्रा की गणना पथक होती है।

रामायण म वेद मत्रो क लिए ब्रह्मघोष शब्द का प्रयोग मिलता है।[1] शत पथ-ब्राह्मण की उक्ति है कि ब्रह्म दवो का आह्वान करता है।[2] सायण के अनु सार ब्रह्म का अथ मत्र है।

रामायण म मत्र क लिए गाथा' शब्द का प्रयोग भी मिलता है[3]। विश्वा-मित्र शुन शेप को दो गाथाए गान को कहते हैं। गाथा शब्द भी वदिक साहित्य म महत्त्वपूण है इसका प्रयोग स्वय ऋग्वेद म भी मिलता है।[4] √ग धातु से निष्पन्न इस शब्द का अथ गीत होता है। अन्य वदिक ग्रथो म भी यह शब्द मिलता है।[5] गाथा मानव जीवन म सबध रखती है, जबकि ऋक दव से सबध रखता है। शुन शेप क लिए ऐतरय ब्राह्मण म शतगाथ शब्द का प्रयोग किया गया है।[6] इसकी गाथा 'ऋग्वेद' क कुछ मत्रो म मिलती है। गाथाए पद्यबद्ध होती है।[7] इन्ह वीणा के साथ गाया जाता है। विशषतया इनका गान विवाह के अवसर पर किया जाता है। गाथा किसी राजा की दान-स्तुति म भी प्रयोग की जाती थी। इनम वेद के विशष व्याकरण रूपो का सवथा अभाव है। इनम पद्य सरल होत है और उसम अथ की स्पष्ट अभिव्यक्ति होती है।[8]

ब्राह्मण—आपस्तम्ब, बौधायन कात्यायन, कौशिक तथा शबरादि ने 'वद' शब्द का प्रयोग मत्र तथा ब्राह्मण भाग क लिए किया है।[9] √ वह' वधते धातु से

---

1 रा० 3 1 8 ब्रह्मघोषनिनादितम।

2 श० ब्रा० 3 3 4 17 ब्रह्म हि देवान् प्रच्यावयति।

3 रा० 1 61 19 इम च गाथे द्वे दिव्ये गायेथा मुनिपुत्रक।
1 61 20 ते द्वे गाथ सुसमाहित।

4 ऋ० 8 3 1 8 71 14

5 त० स0 7 5 11 2, का० स० 5 2 ऐ० ब्रा० 6 32, श० ब्रा० 11 5 6 8

6 ऐ० ब्रा० 7 18

7 ऐ० ब्रा० 2 3 6

8 बलदेव उपाध्याय पूर्वोद्धृत ग्रथ, पष्ठ 268

9 आप० य० परि० 24 1 31 मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम।
बौ० ग० सू० 2 62 मन्त्रब्राह्मणमित्याहु।
कौ० सू० 1 3 आम्नाय पुनमन्त्राश्च ब्राह्मणानि च।
जै० सू० 2 1 33 पर शाबर भाष्य, मन्त्राश्च ब्राह्मण च वेद।

आरण्यक और उपनिषद । जिस प्रकार मत्र तथा ब्राह्मण वेद हैं उसी प्रकार विधि तथा अथवाद भी ब्राह्मण हैं ।

5 वेदत्रयीचतुष्टयत्व

'रामायण म 'वेदत्रय'[1] इस तथ्य को बतलाता है कि तीन वेद यज्ञ म आवश्यक रूप से विद्यमान रहते हैं। यहा वेद' शब्द मत्रपरक है। 'शतपथ म तीन प्रकार की विद्याओ का उल्लेख है—ऋक यजु तथा साम।[2] छन्दोबद्ध रचना ऋक है गद्यमयी यजु तथा गानमयी साम। त्रयी शब्द त्रिविध मत्रो को प्रकट करता है। त्रिविध का तात्पय है—तीन वेदो का ज्ञाता। मत्र भाग ही प्रमुखतया वेद, श्रुति समाम्नाय और त्रयी समझा जाता है। 'ब्राह्मण भाग गौण रूप से 'त्रयी नाम का अधिकारी है।[3] रामायण' मे रामचद्र को तीन वेदो का ज्ञाता कहा है।

चार प्रकार के ऋत्विजो को ध्यान म रखकर मत्रो का सकलन किया गया है।[4] इन सकलनो को सहिता कहा जाता है। यह काय वेदव्यास' ने किया है जिस कारण उन्हे 'वेदव्यास' की सज्ञा प्राप्त हुई।[5] 'रामायण म वेदचतुष्टय का भी सकेत मिलता है। दशरथ चार पुत्रो से उसी प्रकार प्रसन्न हुए जैसे वेदो से ब्रह्मा जी।[6] यहा वद की ऋक यजु, साम तथा अथव इन चार सहिताओ का सकेत है। रामायण म क्षत्रवद'[7] शब्द का प्रयोग भी अथव-वेद'[8] के लिए मिलता है। क्षत्रियो को शातिपुष्टयादि कर्मों के लिए अथव वेद की आवश्यकता होती थी, अत तादश मत्रो से युक्त 'अथव-वेद को 'क्षत्रवद सज्ञा से अभिहित किया जाता है। अथव-वेद म स्वय बहुवचनात वद' प्रयुक्त है।[9]

सहिता की दृष्टि से वेद का त्रित्व परम्परासम्मत नही है। वदत्रयी म वेद

---

1 रा० 7 37 16 वेदास्त्रय इवाध्वरम। (नि० सा०)
  6 105 13 ऋग्यजु सामपारग। (नि० सा०)

2 श० ब्रा० 4 6 7 1 त्रयी व विद्या ऋचो यजुषि सामानि।
  तै० ब्रा० 1 2 1 26 ऋच सामानि यजुषि।

3 सत्यव्रतसामश्रमी, वेदत्रयी परिचय पृष्ठ 1

4 नि० 1 10 पर दुर्गवत्ति 1, सुखग्रहणाय व्यासेन समाम्नातव त।

5 महा० 1 54 5 विव्यासैक चतुर्धा यो वेद वेदविदा वर।
  1 57 73 विव्यास वेदायस्माच्च तस्मात व्यास इति स्मत।

6 रा० 1 17 20 बभूव परम प्रीतो वेदैरिव पितामह। पाठान्तर-देव रिव

7 तत्रैव 1 64 15 क्षत्रवदविदा श्रेष्ठ।

8 (भू०) क्षत्रियाणा शातिपुष्टयादि प्रयोजनाथवणवेद तद्विदा श्रेष्ठ।

9 अथव० 4 35 6 यस्मिनवेदा निहिता विश्वरूपा।

शब्द मन्त्रपरक है। 'रामायण' में प्रयुक्त 'त्रयो मन्त्रा'[1] पद त्रिविध मन्त्रों का सूचक है। 'त्रयी' पद विद्या का विशेषण तथा स्त्रीलिंग है। 'अथर्व' का अन्तर्भाव मन्त्र त्रयी में हो जाता है। 'सायण' ने भी वेदों का त्रित्व मन्त्र परक माना है।[2] वेदचतुष्टय में भी ऋग्यजु साम से भिन्न मन्त्र नहीं है। षड्गुरुशिष्य ने वेदचतुष्टय में त्रिविध मन्त्रों को माना है।[3] 'जयतभट्ट' ने स्पष्ट किया है कि 'अथर्व-वेद' में ऋगादि के अतिरिक्त अन्य मन्त्र नहीं है।[4] 'मार्कण्डेय-पुराण'[5] में प्रयुक्त 'त्रयी' पद की व्याख्या में सप्तशती की चतुर्धरीटीका में 'अथर्व' का अन्तर्भाव 'वेदत्रयी' में माना है।[6] मन्त्रदृष्टि से 'त्रयी' पद में अथर्व-वेदानुप्रवेश है।[7] 'ऋग्वेद'[8] में ही चार वेदों का उपन्यास देखते हुए, यह मानना असंगत हो जाता है कि 'त्रयी' पद में अथर्व का अन्तर्भाव नहीं है। चार ऋत्विजों के विभिन्न कर्मों का उल्लेख भी ऋग्वेद में प्राप्त होता है।[9] 'छान्दोग्योपनिषद्'[10] में वेदों के नाम निर्देश करते हुए ऋक् यजु, साम तथा अथर्व यह क्रम बतलाया गया है। वैदिक व्यवहार के अनुसार 'अथर्व-वेद' को चतुर्थ कहा जाता है।

'त्रयी' में पूर्वोक्त मन्त्रदृष्टि के अनुसार ऋगादि मन्त्रात्मक अथर्व-वेद का अनुप्रवेश है। 'त्रयी' पदलक्ष्य मन्त्र श्रौतयज्ञार्थ ही है—यह भी न्यायतः सिद्ध होता है। यहां अनुमान किया जाता है कि 'अथर्व-वेद' का प्राचीनतम रूप श्रौतयज्ञानुष्ठान के ही किसी अंश को पूर्ण करता था। सम्भवतः उस समय 'ब्रह्मा' ऋत्विक् अथर्व वेद को यज्ञीय शान्ति क्रम में ही प्रयोग करता था। उस समय अथर्व का

---

1 रा० 7 5 9 त्रयो मन्त्रा इवाश्रुग्रा (नि० सा०)

2 ऋ० भा० भू०, पृष्ठ 76 एतमेव मन्त्रावान्तरविशेषमुपजीव्य वेदानामग्वेदो यजुर्वेद सामवेद इति त्रैविध्य सम्पन्नम्।

3 ऋक्सर्वानुक्रमणी की वेदार्थदीपिका नाम्नी टीका।

4 न्यायमंजरी, पृष्ठ 236, अन्ये पुन ऋक्प्रचुरत्वात्प्रविरलयजुर्वाक्यत्वादगीयमानसामम न्त्रावशाच्च ऋग्वेदमेवाथर्ववेदमाचक्षत। अयमपि पक्षोऽस्तु न कश्चित विरोध।

5 मा० पु० 84 9

6 अथर्वणस्तु शान्तिपौष्टिकाभिचारिकात्मकतया एतषु अन्तर्भावात्पृथङनाभिधानात्।

7 अ० भा० भू०, पृष्ठ 119, ननु यज्ञ व्याख्यास्याम। स त्रिभिर्वेदैर्विधीयते' इति स्मरणात ऋक्यजु साम्नामेव फलवत्कर्मशेषत्व अवसीयते।

8 ऋ० 8 53 3 चत्वारि शृंगा त्रयोऽस्य पादा।

9 तदेव 10 71 11

10 छा० उ० 7 1 2 ऋग्वेदो यजुर्वेदो सामवेद आथर्वण चतुर्थ।

अथर्व का राजपुरोहिता के साथ संबंध नहीं था, यह संबंध अवान्तर काल में हुआ। अथर्ववेद के ब्रह्मज्ञान प्रतिपादक अंश के कारण यह दार्शनिक मुनि सम्प्रदाय में प्रचलित हुआ। इसके पश्चात् यह वेद भी जनसमुदाय में प्रचलित हो गया। जन समाज में प्रचलित नानाविध विश्वास और आदि समाज में प्रचलित अभिचार कर्म भी इसमें अनुप्रविष्ट हुए। जहां अन्य वेद पारलौकिक फल देते हैं वहां अथर्ववेद इहलौकिक फल देता है।[1] रामायण में ऋष्यशृंग अथर्वमन्त्रों का प्रयोग दशरथ के पुत्रेष्टि-याग में पुत्र प्राप्ति के लिए करते हैं।

ऐसा भी अनुमान किया जाता है कि संहिता प्रणयन से पहले वेद इतस्ततः बिखरे हुए थे, उनका संहनन नहीं हुआ था। वेद का एक व्यवस्थित शास्त्र के रूप में अध्ययन-अध्यापन नहीं होता था। इस अवस्था को लक्ष्य कर महाभारत के सत्ययुग वर्णन में 'न सामयजुर्वर्ण'[3] कहा गया है। यह स्थिति 'एकवेदात्मक' थी ऐसा गौण रूप में कहा जा सकता है। वस्तुतः प्रचलित वेदसंहिताओं के निर्माण से पहले भी वेदसंहिताएं थीं प्रचलित ऋग्वेद से पहले भी सामादि की प्रसिद्धि हो चुकी थी यह निश्चित है। वैदिक ग्रन्थों में भी 'वेद' शब्द का बहुवचनान्त प्रयोग हुआ है[4]।

6 वेदों की शाखाएं

वेदों की शाखाओं के विषय में रामायण में पर्याप्त सामग्री नहीं मिलती। वाल्मीकि ने वसिष्ठाश्रम को ब्रह्मकल्प महात्माओं से युक्त बतलाया है[5]। 'गोविंदराज' के अनुसार 'ब्रह्मकल्प' का अर्थ वेदशाखा विभागकर्त्ता है[6]। 'ब्रह्म' शब्द का अर्थ वेद है। शाखाओं के लिए विकल्पक शब्द का प्रयोग विष्णु-पुराण में भी मिलता है[7]।

---

1 रामशंकर भट्टाचार्य, पुराणगत वेदविषयक सामग्री का समीक्षात्मक अध्ययन, पृष्ठ 118

2 रा० 1 14 2 इष्टिं तेऽहं करिष्यामि पुत्रीयां पुत्रकारणात् ।
अथर्वशिरसि प्रोक्तैर्मन्त्रैः सिद्धां विधानतः ।।

3 महा०, वनपर्व 149 14

4 अथर्व० 4 35 6 यस्मिन् वेदा निहिता विश्वरूपाः ।
तदेव 19 9 12 लोका वेदाः सप्तऋषयः ।
तै० सं० 7 5 11 2 वेदेभ्यः ।
गो० ब्रा० 1 1 16 सर्वांश्च वेदान् ।

5 रा० 1 50 26 सततं संकुलं श्रीमद्ब्रह्मकल्पमहात्मभिः । (म० वि०)

6 (भू०) ब्रह्मकल्पः —वेदशाखाविभागकर्त्तारः इति ।

7 वि०पु० 3 6 15 संहितानां विकल्पकाः ।

ये संहिताएं प्राचीन है। इस कारण देश, व्यक्ति तथा अध्ययन-अध्यापन मे अंतर से पाठ भेद हो गए। मन्त्रो की संख्या मे न्यूनाधिक्य हुआ। शाखा भेद के कारण हैं—आचार्यों की प्रवृत्ति में भिन्नता, देश-काल के भिन्न भिन्न अनुरोध तथा अपेक्षाएं। इन कारणों से अनुष्ठानो और कार्यों में पृथकता होती चली गई। मूल संहिता एक होने पर भी उसकी अनेक शाखाएं बनी[1]। 'भागवत पुराण' में शाखाओ की उपमा तरुशाखाओ से दी गई है[2]। इसका तात्पर्य है कि मूलभूत संहिता के आश्रय से अन्य शाखाओ का प्रणयन किया गया। शाखा शब्द समग्र वेदवाची है एक देशवाची नही। जैसे वृक्ष की शाखाएं उसकी अवयवभूत होती हैं और वृक्ष अवयवी वैसी स्थिति 'वेदशाखा' की नही होती। वेदविशेष की शाखा विशेष शाखान्तरनरपेक्ष्य भाव से स्वयं में समग्रवेद होती है, न कि वेद का अवयव मात्र। यज्ञ की आवश्यकता को देखकर व्यास जी ने चार शिष्यो को वेद पढाया। पैल को ऋग्वेद, जैमिनि को साम, वैशम्पायन को यजु और दारुण सुमंतु मुनि को अथर्व का अध्ययन कराया[3]। इन मुनियों ने गुरुमुख से अधीत संहिताओं का अपने शिष्यो प्रशिष्यों मे खूब प्रसार किया। इस प्रकार वेदकल्पतरु शाखासंपन्न बनकर विपुल विस्तार को प्राप्त हुआ[4]। 'महाभाष्य' के अनुसार ऋषियो को ऋग्वेद की 21, यजुर्वेद की 101, सामवेद की 1000 तथा अथर्ववेद की 9 शाखाओं का ज्ञान था[5]। इन 1131 शाखाओं में से अधिकतर अध्ययन-अध्यापन के अभाव में विस्मृति के गर्त में लीन हो गई। चरण व्यूह[6] में गणना भिन्न है। यहां ऋग्वेद की आश्वलायनी, शाखायनी, शाकल, बाष्कल और माडूकायनी पांच शाखाएं कही गई है। इनमे केवल शाकल शाखा ही पूर्ण उपलब्ध है, बाष्कल शाखा अपूर्ण है और अन्य शाखाओ का उल्लेख मात्र मिलता है। शाकल शाखा के प्रवर्तक शाकल ऋषि है।

---

1 सत्यव्रत सामश्रमी, वेदत्रयी परिचय, पृष्ठ 32

2 भा० पु० 2 7 36 वेदद्रुम विटपशो विभजिष्यति स्म।

3 भा० पु० 1 4 24 तत्रग वेदधर- पैल सामगो जैमिनि कवि।
वैशम्पायन एवको निष्णातो यजुषामुत॥
अथर्वांगिरसामासीत् सुमंतुर्दारुणो मुनि।

4 पारसनाथ द्विवेदी वैदिक साहित्य का इतिहास, पृष्ठ 29

5 महाभाष्य पस्पशाह्निक एकशतमध्वर्युशाखा। सहस्रवर्मा सामवेद। एक विंशतिधा बाह्वृच्यम। नवधाथर्वणो वेद।

6 चरणव्यूह खण्ड 1

'महाभाष्य'[1] के अनुसार यजुर्वेद की 101, सर्वानुक्रमणी[2] एव कूर्म-पुराण[3] के अनुसार 100 शाखाए हैं। शौनक के अनुसार इसकी 86 शाखाए हैं। इनमे से द्वादश भेदो का नाम चरक हैं—चरक, आह्वरक, कठ, कपिष्ठलकठ, आष्ठल कठ चारायणीय, वारायणीय वार्तान्तवेया, श्वेताश्वर, औपमन्यव, और मैत्राय णीया। ये सात भेद मैत्रायणीय हैं—मानव, दुन्दुभा ऐकेया, वाराहा, हारिद्रवया, श्यामा और शामायणीया। ये मन्नह शाखाए वाजसनेय हैं—जावाला, बौधेया, काण्व माध्यंदिन, शापीया तापनीया कापाल पौण्ड्रवत्सा, आवटिका परमा वटिका, पाराशरीया वरेया, वैनेया, औधया, गालव, वजक और कात्यायनीया। दो भेद तत्तिरीयक के हैं—औख्या और काण्डिकेया। काण्डिकेया के भी पाच भेद हैं—आपस्तम्बी, बौधायनी, सत्यापाढी, हिरण्यकेशी और औधेयी। इसके अतिरिक्त यजुर्वेद के 44 उपग्रथ हैं।[4] आजकल कृष्ण-यजुर्वेद की चार-तत्तिरीय, मैत्रायणी कठ और कपिष्ठलकठ शाखाए तथा शुक्ल-यजुर्वेद की दो शाखाए 'वाजसनेयी' तथा काण्व' उपलब्ध हैं।

'सामवेद की आसुरायणीया, वासुरायणीया, वार्तान्तवेया और प्राञ्जला, ऋग्वणभेद—प्राचीनयोग्या और ज्ञानयोग्या है। राणायनीया के नौ भेद हैं—राणाय नीया, शाट्यायनीया, सत्यमुद्गला खल्वला, महाखल्वला, लागला कौथुम गौतमा, जैमिनीया।[5] इनम स तीन शाखाए विद्यमान हैं जिनम गुजरात म कौथुम, कर्णाटक म जमिनीया और महाराष्ट्र म राणायनीया प्रचलित है।[6]

अथर्ववेद की नौ शाखाए हैं—पप्पल, दात प्रदात स्नात, स्नौत, ब्रह्मदावल, शौनक देवदर्शी और चारणविद्या।[7] सम्प्रति इनम स पप्लाद और शौनक उप लब्ध हैं।

रामायण' म यजुर्वेद की तीन शाखाओ के नाम आए है—तत्तिरीय, कठ और कालाप।

'वाल्मीकि' ने तत्तिरीय शाखा के किसी आचाय का उल्लख किया है।[8] गुरु वशम्पायन के शाप से भयभीत होकर याज्ञवल्क्य ने स्वाधीत यजुषो का वमन कर

---

1 महाभाष्य, पस्पशाह्निक एकशतमध्वर्युशाखा।

2 षड्गुरुशिष्य, सर्वानुक्रमणी-वृत्ति, यजुरेकशताध्वकम्।

3 कू० पु० 49 51 शाखाना तु शतेनाथ यजुर्वेदमथाकरोत।

4 चरण व्यूह, खड 2

5 चरण व्यूह खड 3

6 सत्यव्रत सामश्रमी पूर्वोद्धत ग्रथ, पृष्ठ 34

7 चरण व्यूह, खड 4

8 रा० 2 29 13 आचार्यस्तैत्तिरीयाणामभिरूपश्च।

दिया। वशपायन के कुछ शिष्यो ने आदेश पाकर तितिरि का रूप धारण कर वात यजुषो का भक्षण कर लिया। याज्ञवल्क्य ने सूय को प्रसन्न कर शुक्ल-यजुषो की उपलब्धि की।[1] यह कथा रहस्य गभक है। सत्यव्रत सामश्रमी ने इसका रहस्य दिखाया है। आध्र प्रदेश म रहने वाले तित्तिर्यादि सज्ञक आचार्यो ने मत्रो के साथ कर्मोपयोगी ब्राह्मणवाक्या का पाठकर इस सहिता का निर्माण किया। जिस प्रकार भुक्तअन्न तथा व्यजन वात होने पर मिश्रित हो जाते हैं, उसी प्रकार 'तत्तिरीय-सहिता' मत्र-ब्राह्मणो का मिश्रण है।[2] यह वात यजुषो का सग्रह है। अत उच्छिट होने के कारण इस सहिता का नाम 'कृष्णयजुर्वेद' हो गया। इसका प्रसार दक्षिण भारत म है। इसम रावणकृत भाष्य का भी मिश्रण है। याज्ञवल्क्य न सूय की अराधना करके उनके अनुग्रह से शुक्ल-यजुषो को प्राप्त किया। सूय ने वाजि का रूप धारण कर दिन क मध्य म याज्ञवल्क्य को उपदेश दिया, इसी कारण उसका नाम 'वाजसनेयी सहिता' पडा। दिन के मध्य म ही उपदेश होने के कारण इसका अपर नाम 'मध्यदिन-सहिता' पडा तथा सूय के प्रकाश म उपदिष्ट इसका वण शुक्ल होने के कारण इसका नाम शुक्ल-यजुर्वेद है[3]। मैकडानल महोदय का कथन है कि 'वाजसनेयी-सहिता' मे केवल वे ही मत्र एव प्रयोग सकलित हैं जो शुद्ध यज्ञ से सबधित हैं। तत्तिरीय-सहिता' म मत्र-समुदाय विनियोगकल्प एव ब्राह्मण भाग का एकत्र सग्रह है। अत इसी सकीण रूप क कारण इसे कृष्ण-यजुर्वेद' कहते है।[4] विण्टरनित्स का कथन है कि शुक्लयजुर्वेद म जहाँ मत्र हैं वहा कृष्ण यजुर्वेद मे मत्रो के साथ-साथ यज्ञ प्रक्रिया तथा उस पर विवेचन भी है। क्योकि अध्वयु के लिए सगृहीत प्राथना पुस्तिकाओ म यज्ञीय कर्म-काड पर विस्तृत विचार करना आवश्यक था। तदनुसार यजुर्वेद की प्राथना-पुस्तको मे निर्देश बाहुल्य असगत नहा ठहराया जा सकता और इस बात म सदेह क लिए अवकाश नही रहता कि 'कृष्ण-यजुर्वेद' की सहिताए 'शुक्ल-यजुर्वेद' से प्राचीनतर हैं जिसका पुन सपादन आगे चलकर मत्रभाग को पृथक करके 'शुक्ल यजुर्वेद के रूप मे कर दिया गया।[5] यह भी अनुमान है कि कृष्ण यजुर्वेद म अवदिक तत्त्वा का प्रवेश होने लगा याज्ञवल्क्य शुद्धि प्रेमी थे। उन्होने उस धारा का परित्याग करके विशुद्ध वदिक कर्मोपयोगी अन्य याजुष धारा का प्रवचन किया।[6] इन दोनो का महत्त्व

---

1 काण्व सहिता की सायणकृत भाष्यभूमिका, श्लोक 6 12

2 सत्यव्रत सामश्रमी, निरुक्तालोचनम्, पृष्ठ 179

3 पारसनाथ द्विवेदी, पूर्वोद्धृत ग्रथ, पृष्ठ 96 97

4 मैकडानल ए हिस्ट्री आफ सस्कृत लिटरेचर, पृष्ठ 164

5 विण्टरनित्स ए हिस्ट्री आफ इडियन लिटरेचर, पृष्ठ 126

6 रामशकर भट्टाचार्य, पूर्वोद्धृत ग्रथ, पृष्ठ 288

पृथक्-पृथक वेदा के समान है। इसीलिए 'तत्तिरीय-सहिता' की व्याख्या के उपरात सायण ने 'कण्व-सहिता' की व्याख्या की अन्यथा 'यजुर्वेद' का भाष्य अपूर्ण समझा जाता[1]। 'महाभारत' म 'वशंपायन' के पूवज तित्तिरि का उल्लेख है[2] तथा जैमिनि पल और सुमतु के साथ तित्तिरि और याज्ञवल्क्य का उल्लेख है[3]। इस साहचय स तित्तिरि और याज्ञवल्क्य की समकालीनता सिद्ध होती है। 'तत्तिरीय शाखा' का 'लौगाक्षिस्मृति' मे महाशाखा कहा गया है।[4] 'चरण-व्यूह' के अनुसार मन्त्रब्राह्मणयुक्त त्रिगुण वेद जहाँ पढा जाता है उसे यजुर्वेद मानना चाहिए अन्य तो केवल शाखाए मात्र हैं।[5] इसस 'कृष्ण-यजुर्वेद' की महत्ता का अनुमान किया जा सकता है।

'रामायण' म कठ और कालाप शाखा के आचाय का भी उल्लेख है।[6] पतञ्जलि के अनुसार दोनो का अध्ययन गाव गाव म होता था[7] 'अग्नि पुराण' म यह नाम याजुषशाखानामगणना मे मिलता है।[8] 'कठशाखा' 27 प्रधान शाखाओ म अन्यतम है। शाखाकार कठ' का उल्लेख पाणिनि' न 'अष्टाध्यायी' म किया है।[9] कठ ऋषि मध्यदेशीय परपरा म अन्यतम थे। माध्यम नाम मे विख्यात काठक मध्य भारत म निवास करत थे। चरक शाखा के अतगत कठ, प्राच्यकठ और कपिष्ठलकठ का उल्लख मिलता है। कपिष्ठल' एक ऋषि है।[10] दुर्गाचाय न अपने को कपिष्ठल-वासिष्ठ' कहा है।[11] कपिष्ठल-कठ भी एक शाखा है जो अपूण रूप म मिलती है। कठ-सहिता और मत्रायणी-सहिता म बहुत कम अतर है। दाना म ही अनुवाक और मन्त्रा का सख्या समान है। दाना के अत म अश्वमेध-भाग का वणन है, किंतु 'कठ-सहिता' म उच्चारण चिह्न है जबकि मैत्रायणी सहिता म

---

1 काण्वसहिता की सायणकृत भाष्यभूमिका, पृष्ठ 105

2 महा०, शातिपव, 336 9

3 तदेव, सभापर्व, 4 11 12

4 लौगाक्षिस्मृति पृष्ठ-243

5 चरण व्यूह खड 2 मन्त्रब्राह्मणयोर्वेद त्रिगुण यत्र पठ्यत ।
यजुर्वेद स विज्ञेय अन्यशाखातरा स्मता ॥

6 रा० 2 32 18 कठकालाप बहवोदण्डमाणवा । (म० वि०)

7 महाभाष्य 4 4 101 ग्रामे-ग्राम काठक कापालक प्रोच्यत।

8 अ० पु० 271 4

9 अ० 4 3 107 कठचरकाल्लुक।

10 तत्रैव 8 3 91 कपिष्ठलोगोत्रे।

11 नि० 4 4 पर वृत्ति, अह च कापिष्ठलो वासिष्ठः।

उच्चारण चिह्न नही है।

7 वेदोत्पत्ति

'वेद का स्वरूप 'सत्यात्मक' बताया जा चुका है। अत वेद शब्दप्रमाणस्वरूप है। मनुष्य जाति को वद किस प्रकार मिले, इस विषय म कई सिद्धात प्रचलित हैं जिनका विवरण प्राचीन ग्रथो म मिलता है। वेदो को न मानने वाले कुछ सम्प्रदाय एसे भी हैं जो वेदो को निदय पुरुषो और धूर्तों के बनाए मानते हैं। इनका प्रति निधित्व चार्वाक दशन करता है। 'सवदशन सग्रह' मे चार्वाक के सिद्धाता म वेद के तीन कर्त्ता बताए गए हैं—भण्ड, धूत और निशाचर।[1] वेदो म अश्वमेध मे वर्णित कायकलाप तथा जभरी, तुफरी, पपरीका, जेमना, मदेरू आदि अनथक शब्दो का प्रयोग है इसलिए चार्वाक ने इस धूर्तों की रचना माना है। 'रामायण' मे भी एक ऐसा मत सकेतित है जो चार्वाकमत से समानता रखता है। इसके अनुसार वेदो के कर्त्ता मेधावी पुरुष हैं[2], जो दूसरा के द्रव्य-हरण म कुशल-बुद्धि हैं।[3] ऐसे वचनो को स्वय 'रामायण' म नास्तिक कहा गया है।[4] ये वचन वेद विरुद्ध भी हैं।[5] आस्तिक दशनपरपरा वेदो को शब्दप्रमाणस्वरूप मानती है। चार्वाकमत म केवल प्रत्यक्ष ही प्रमाण है। वे अनुमान तथा शब्द प्रमाणो पर विश्वास नही करत, अत उन्ह वेदो पर कहा से विश्वास होगा। 'रामायण' मे प्रत्यक्ष तथा अनुभव-सिद्ध सुखसाधन को मानकर तथा परोक्ष कल्पित धम को छोडकर राम को राज्य ग्रहण करने के लिए बाध्य किया जाता है,[6] जिसे व स्वीकार नही करत। इसी सदभ म यह भी कहा गया है, कि अष्टका नाम पितदवत्य कम म प्रवत होने वाला मनुष्य कवल अन्न का नाश करता है क्योकि कोई भी मतक भोजन ग्रहण नही कर सकता। यदि पृथिवि पर स्थित मनुष्य के द्वारा खाया गया अन्न लोकातर स्थित मनुष्य तक पहुच जाया करता, तो प्रवास के लिए घर से निकले मनुष्य तक अन्न

---

1 सवदशनसग्रह, पृष्ठ 4, त्रयो वेदस्य कर्त्तारो भण्डधूतनिशाचरा ।
जभरी तुफरीत्यादि पण्डितानां वच स्मतम ॥

2 रा० 2 100 16 ग्रथा मेधाविभि कृता ।

3 (भू०) मेधाविभि —परद्रव्यहरणकुशलबुद्धिभि ।
(श०)—मधाविभि —पामरजनप्रतारेण जीवनोपायतया ।

4 रा० 2 109 39 मया नास्तिक-वागुदीरिता। (मं० वि०)

5 तदेव 2 101 6 क्रिया विधिविवर्जिताम ।

6 रा० 2 100 16 प्रत्यक्ष यत्तदातिष्ठ परोक्ष पृष्ठत कुरु।
(श०) प्रत्यक्षानुभवसिद्ध यत सुखसाधन तदेवानुतिष्ठ।
परोक्ष-सुखसाधन-कल्पित धम पृष्ठत कुरु।

पहुचाने के लिए भी ब्राह्मणो को ही भोजन खिलाकर काय सिद्ध हो जाया करता। प्रवासी के साथ भोजन बाधने की आवश्यकता ही न होती।[1] यह सभी शास्त्र बुद्धि मान् धूर्तों ने अज्ञानियो को मूख बनाकर अन्न व धन एकत्र करने के लिए लिख दिए हैं। इस मत के अनुसार वेदो का कर्त्ता पुरुष ही सिद्ध होता है।

जमिनि के अनुसार वेद' स्वत आविभूत हैं अपौरुषेय है।[2] मीमासा के मत मे ईश्वर की सत्ता है ही नही अत कर्त्ता ईश्वर को नही माना जा सकता।[3]

वेद के ईश्वरक्त कत्व के विषय म 'रामायण' म विवरण नही मिलता, किन्तु दो पद्यो म ब्रह्मा से वेदो क सबध का अनुमान लगाया जा सकता है।[4] 'वाल्मीकि' को ब्रह्मा से वेदो का पुत्रवत सबध अभिप्रेत था। बृहदारण्यकोपनिषत्' के एक वचन से स्पष्ट है कि वेद परमात्मा के निश्वास भूत हैं। जिस प्रकार पावक से छोटे छोटे अग्निकण निकलते है उसी प्रकार परमात्मा के निश्वास से ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथव वेद प्रकट हुए। नित्यवाणीरूप वेदो को स्वयम्भू ने प्रकाशित किया।[5] 'शतपथ-ब्राह्मण' म लिखा है कि यदि प्रजापति से परे कोई वस्तु है वह 'वाक' ही है[6] इस प्रकार वेदो की अनादिता प्रतिपादित की गई है। वेदो का ब्रह्मा के मुख स आविभूत होना पुराणो को भी अभिप्रेत है।[7] हरिवश पुराण मे कुछ स्थलो पर ब्रह्मा स वेदोत्पत्ति का उल्लेख है। एक स्थल पर कहा है कि त्रिलोको की रचना के बाद ब्रह्मा न वेदमाता गायत्री की सष्टि की और गायत्री स वेदो की उत्पत्ति की जिन्हे ब्रह्मा ने एकत्र कर लिया।[8] एक अन्य स्थल पर कहा है कि

---

1 तदेव 2 100 13 अष्टका पितृदवत्य इत्येव प्रसतो जन ।
अन्नस्योपद्रव पश्य मतो हि किमशिष्यति ॥
2 100 14 यदि भुक्तमिहान्येन देहमन्यस्य गच्छति ।
दद्यात्प्रवसत श्राद्ध न तत्पथ्यशन भवत ॥

2 ज० सू० 1 1 27 32

3 *गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी, वदिक विज्ञान और भारतीय सस्कृति, पष्ठ 45*

4 रा० 1 17 20 बभूव परम प्रीतो वेदरिव पितामह ।
2 14 49 वेदा साङ्गाश्च विद्याश्च यथा ह्यात्मभुव प्रभुम (म० वि०)

5 ब० उ० 2 4 10 स यथार्द्रैधाग्नेरभ्याहितात्पृथग्धूमा विनिश्चरन्त्येव वा अरेऽस्य महतो भूतस्त निश्वसितमेतदयदृग्वदो यजुर्वेद सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहास ।

6 श० ब्रा० 5 1 3 11 यदि व प्रजापते परमस्ति वागेव तत ।

7 वि० पु० 1 5 54 56, भा० पु० 1 2 34 37 मा० पु० 99 1 7

8 ह० पु० 3 14 25 ततोऽसजद्व त्रिपदा गायत्री वेदमातरम ।
अकरोच्चव चतुरो वेदा गायत्रीसम्भवान ॥

ससार के मोक्ष के लिए ब्रह्मा ने एक दिव्य [पुरुष उत्पन्न किया, उस दिव्य पुरुष ने अपने नेत्रो से ऋग्वेद तथा यजुर्वेद को, जिह्वा के अग्रभाग से सामवेद को तथा मूर्द्धा से अथर्व-वेद को उत्पन्न किया।[1] एक अन्य स्थल पर ब्रह्मा के ब्रह्मकम से वेदो को उत्पन्न करने का उल्लेख है।[2] वेदात-दर्शन मे वेदो को अपौरुषेय बतलाया गया है। 'बादरायण' ने परमात्मा को सभी वेदो का उद्गम-स्थल माना है, क्योकि वेद नित्य हैं।[3] प्रदीप के समान अर्थों के प्रकाशक ऋग्वेदादि का कर्ता ब्रह्मा के अतिरिक्त कोई नही हो सकता।[4] रचयिता अपनी रचना से अधिक ज्ञानवान होता है। अत ब्रह्मा ही वेदो का कर्त्ता सिद्ध होता है। 'बृहदारण्यकोपनिषद्' की दृष्टि म जो शब्द प्रधान ज्ञान है वह परमेश्वर से उद्भूत है। शब्द तो 'ब्रह्म' ही है। ऋग्वेदादि शब्द प्रधान है।[5] शब्द के ब्रह्मत्व का प्रतिपादन भर्तृहरि ने अपने वाक्यपदीय म किया है। अनादि और निधनरहित अविनाशी शब्दस्वरूप जो 'ब्रह्म' है, वह अर्थ के भाव से विवर्त को प्राप्त होता है, उसी स जगत की उत्पत्ति हुई है। इस प्रकार नानारूपात्मक जगत की उत्पत्ति शब्दरूपात्मक-ब्रह्म से होती है।[6]

ऋग्वेद क एक मन्त्र से सकेत मिलता है कि तपस्या करते हुए ऋषियो को वेद ज्ञान मिला।[7] अति-सूक्ष्मार्थों के जानने वाले ऋषियो ने वेदरूपी वाक् को पाया। पहले ऋषियो के हृदय मे ज्ञान का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने उस छदोबद्ध किया, वाक्य रूप म मुनियो को पढाया, मुनियो ने मनुष्यो मे प्रचार किया।[8] अत रामायण मे ब्रह्मा के मुख से वदनि सृति का समर्थन है।

---

1 ह० पु० 3 17 48 नेत्राभ्या जनयदेव ऋग्वद यजुषा सह।
सामवद च जिह्वाग्रदथर्वाण च मूर्द्धत ॥

2 तदेव 3 36 11 ऋक्सामाथर्वयजुषश्चतुरो भगवान्प्रभु।
चकार निखिलान् वदान्ब्रह्मयुक्तेन कर्मणा ॥

3 ब्र० सू० 1 1 3 शास्त्रयोनित्वात्।

4 तदेव 1 1 3 पर भाष्य, महद् ऋग्वेदाद शास्त्रस्य अनेक विद्या।
स्थानोपबृहितस्य प्रदीपवत सर्वार्थावद्योतिन सर्वज्ञकल्पस्य योनि कारण ब्रह्म।

5 बृ० उ० 4 5 10 सर्वेषा वेदाना वागेकायनम्।

6 वा० प० 1 1 अनादिनिधन ब्रह्म शब्दतत्त्व यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थ भावेन प्रक्रियाजगतायत ॥

7 ऋ० 10 71 3 तामन्वविदनृषिषु प्रविष्टाम।

8 नि० 2 11, 1 20 साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवु तऽवरेभ्यो साक्षात्कृत धर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान्सप्रादु। उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे बिल्मग्रहणायेम ग्रन्थ समाम्नासिषु। वेद च वेदागानि च।

के नाम आए हैं। दशरथ ने पूर्व दिशा का राज्य होता को, पश्चिम का अध्वर्यु को, दक्षिण दिशा का राज्य ब्रह्मा को और उत्तर दिशा का राज्य उद्गाता को दक्षिणा के रूप मे दिया था[1] जिसे ऋत्विजो ने ग्रहण नही किया था।

ऋक्सहिता—'ऋग्वेद' शब्द का प्रयोग 'रामायण' म 'ऋक्सहिता' के लिए मिलता है।[2] ऋग्वेद के लिए 'प्रपाठक चतुःषष्टि' का प्रयोग 'कुमारिल' ने किया है।[3] 'वात्स्यायन' ने ऋग्वेद के चौसठ अध्यायो का उल्लेख किया है।[4] 'भागवत पुराण' मे 'बह्वचसहिता' शब्द का प्रयोग है।[5] व्यास ने पल का इस सहिता का प्रवचन किया[5] यह सहिता ऋक्समुदाय रूप है, अत यह 'बह्वच' कहलाता है।[6] 'निरुक्त' म इस वेद के लिए 'दाशतयी' शब्द का व्यवहार है।[7] शकर ने 'दाशतयी' शब्द का प्रयोग किया है।[8] 'रामायण' मे इस वेद से सबद्ध ऋत्विक होता को पूर्व दिशा का राज्य देने का उल्लेख है।[9] पुराणो म अनेकत्र ब्रह्मा के पूर्वमुख से 'ऋग्वेद' की उत्पत्ति कही गई है।[10] 'तैत्तिरीय-ब्राह्मण' म भी पूर्वदिक से ऋक का सबध प्रतिपादित किया गया है।[11]

'रामायण'[12] मे भी ऋग्वेद के 'पुरुष-सूक्त'[13] के समान विराट पुरुष के मुख से ब्राह्मण, भुजाओ से क्षत्रिय दोनो जघाओ स वश्य और चरणो स शूद्र की उत्पत्ति कही गई है।

---

1 तदेव 1 13 36 37 प्राची होत्रे ददौ राजा दिश स्वकुलवर्धन ।
अध्वर्यवे प्रतीची तु ब्रह्मणे दक्षिणा दिशम् ॥
उद्गात्रे च तथोदीचीम ।

2 रा० 4 3 38 नानृग्वेद विनीतस्य । (म० वि०)

3 तन्त्रवार्तिक, पृष्ठ 172

4 कामसूत्र 2 2 3

5 भा० पु० 12 6 60 62

6 तत्रैव 1 4 24

7 नि० 12 40 ख०

8 शारीरकभाष्य 1 3 30 दाशतय्यो दृष्टा ।

9 रा० 1 13 36 प्राची होत्रे ददौ ।

10 भा० पु० 3 12 37, वि० पु० 1 5 52, कू० पु० 1 7 57

11 त० ब्रा० 3 12 9 1 ऋचा प्राची महतीदिगुच्यत ।

12 रा० 3 13 30 मुखतो ब्राह्मणा जाता उरस क्षत्रियास्तथा ।
उरुभ्या जज्ञिरे वश्या पद्भ्या शूद्रा इति श्रुति ॥

13 ऋ० 10 90 13 ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्य कृत ।
ऊरू तदस्य यद्वश्य पद्भ्यां शूद्रोऽजायत ॥

यजु संहिता—'रामायण' मे 'यजुर्वेद' शब्द का प्रयोग है।[1] रामचद्र जी यजुर्वेदी थे।[2] 'यजुर्वेद' का सबध याजन से है।[3] 'यास्क' ने यजन के कारण 'यजु' माना है।[4] 'शतपथ-ब्राह्मण' का वाक्य भी इसी मत का द्योतक है।[5] यज्ञो का सबध अन्य वेदो की अपेक्षा 'यजुर्वेद से अधिक है। 'सायण ने यज्ञो म यजुर्वेद की प्रधानता बतलाई है।[6] इसी कारण यह वेद शीर्षभूत है।[7] 'अध्वयु नामक ऋत्विक् से सबधित होन के कारण इसका नाम आध्वयववेद भी है।[8] पुराणो के अनुसार इस सहिता का निर्माण व्यास शिष्य ने द्वापरात म किया था।[9] वेदो मे दो सप्रदाय हैं—ब्रह्म सप्रदाय तथा आदित्य-सप्रदाय। आदित्य शुक्लयजु के नाम से विख्यात हैं और याज्ञवल्क्य द्वारा आम्यात है।[10] कृष्णयजु ब्रह्मसप्रदाय का प्रतिनिधि है। शुक्लत्व और कृष्णत्व भेद उसके स्वरूप पर आधारित है। 'शुक्लयजुर्वेद' मे अनुष्ठाना के लिए केवल मत्रा का सकलन है, जबकि कृष्णयजुर्वेद मे तन्नियोजक ब्राह्मणों का भी मिश्रण है।[11] दोना मे ऋड्म त्रा का भी सकलन है। समवत याज्ञिक सुविधा के लिए अन्य आचार्यों ने ऋड्म त्रा का अनुप्रवेश इस सहिता म किया। 'रामायण' म इसके शुक्लत्व और कृष्णत्व का उल्लेख नही है। इससे सकेत मिलता है कि 'वाल्मीकि' के समय यह विभाग नही हुआ था। यह पहले ही बताया जा चुका है कि 'कृष्णयजुर्वेद' शुक्लयजुर्वेद से प्राचीनतर है और इसमे रावणकृतभाष्य का भी मिश्रण है।

भागवत-पुराण मे 'धनुर्वेद को 'यजुर्वेद' का उपवद कहा गया है।[12]

---

1 रा० 4 3 38 यजुर्वेदधारिण । (म० वि०)

2 तदेव 5 33 14 यजुर्वेदविनीतस्य वेदविद्भि सुपूजित ।

3 वि० पु० 3 4 11 पर श्लोकटीका, याजनाद्धि यजुर्वेद इति शास्त्रनिश्चय ।

4 नि० 7 12 ख० यजुयजत ।

5 श० ब्रा० 4 6 7 13 यजो ह व नामतद यद्यजुरिति ।

6 ऋ० भा० भू०, पृष्ठ 11, आध्वयवस्य यज्ञेषु प्राधा यात्।

7 तै० उ० 8 2 तस्य यजुरेव शिर. ।

8 तै० स० की सायणकृत भाष्यभूमिका, पृष्ठ 7

9 कू० पु० 1 52 18, वि० पु० 3 4 13, ब्रह्मा० पु० 1 34 22-24, वा० पु० 60 22 23

10 श० ब्रा० 14 9 5 33 आदित्यादिनामानि शुक्लानि यजूंषि याज्ञवल्क्येनाख्यायन्त ।

11 प्रस्तुत शोधप्रबन्ध 35 36

12 भा० पु० 3 12 22

महिदास ने 'धनुर्वेद' का अर्थ 'युद्धशास्त्र' माना है।[1] 'रामायण' में भी 'यजुर्वेद' के साथ 'धनुर्वेद' का उल्लेख सम्भवत इसी तात्पर्य से है।[2]

सामसंहिता— रामायण' म 'सामवेद'[3] पद के प्रयोग के अतिरिक्त 'सामवेदी' के लिए 'सामग' पद का व्यवहार हुआ है।[4] पुराणो म एतदर्थ 'छान्दोग' पद का व्यवहार है।[5] 'भागवत-पुराण' म छन्दोगसंहिता पद का प्रयोग 'सामवद' के अर्थ म हुआ है।[6] 'छदस' शब्द का 'सामवद' के साथ घनिष्ठ सम्बध है। गान छन्द का ही हो सकता है इसलिए साम को छद कहा जाता है। गेय पदो को साम कहते है। गाए जाने पर ऋचाएं ही साम हैं। ऐसी ऋचाओं का सकलन 'सामवेद' म किया गया है। इसका स्थान वदिक सहिताओ म नितात गौरवमय है। 'गीता' म श्रीकृष्ण ने स्वय अपना स्वरूप सामवेद बतलाया है।[7] 'ऋग्वेद' म 'सामवेद' की प्रशसा की गई है— जो मनुष्य जागरणशील है उसे साम प्राप्त है,[8] जो निद्रालु है उसे साम कभी प्राप्त नही होते। 'अथववेद' मे साम को परब्रह्म का लोमभूत कहा है।[9] ऋग्वेद के एक मन्त्र म पक्षियो का गान सामगान के समान मधुर बतलाया गया है।[10] अगिराओ के साम गान का उल्लेख मिलता है।[11] सामसहिताओ के मत्र रचना की दृष्टि से ऋक हैं। उन मत्रो के गान स्वतत्र रूप से अधीत और अध्यापित होते हैं, अत गान ही साम पद वाच्य हैं, मत्र नही। मत्र की दृष्टि से सामवेद श्रेष्ठ नही हो सकता। साम का रस उद्गीथ है उसकी महत्ता को लक्ष्यकर 'सामवेद' को श्रेष्ठ कहा जाता है। 'सामवेद' को सहस्रशाखासम्पन्न मानकर विपुलता की दृष्टि से भी 'सामवेद' की सवश्रेष्ठता सिद्ध होती है। साम सभी वेदो का रस है।[1]

---

1 कोदण्डमण्डन 1 3
2 रा० 5 33 14 यजुर्वेदविनीतश्च वेदविद्भि सुपूजित ।
धनुर्वेदे च वेदेषु वेदागेषु च निष्ठित ॥
3 तदेव 4 3 38 ना सामवदविदुष । (मै० वि०)
4 तदेव 2 70 18 तत्रसामानि सामगा ।
5 ग० पु० 30 43, व० पु० 39 52 ब्रह्मा० पु० 2 19 24
6 भा० पु० 12 ■ 53 पर श्रीधरी टीका, छद सुगीयमानत्वाच्छ दोगाख्या सहिताम ।
7 श्रीमद् भगवतगीता 10 42 वेदाना सामवेदोऽस्मि ।
8 ऋ० 5 44 14 यो जागार तमु सामानि यन्ति ।
9 अथव० 9 6 2 सामानि यस्य लोमानि ।
10 ऋ० 2 143 2 उद्गातेव शकुने साम गायसि ।
11 तदेव 1 107 2 अगिरसा सामभि स्तूयमाना ।
12 श० ब्रा० 1■ 8 323, गो० ब्रा० 2 5 3 सर्वेषा वेदाना रसो यत्साम ।

'उद्गातकम' 'सामवेद' का विषय है।[1] 'भागवतपुराण' मे 'सामवेद' के उपयोग के विषय म 'स्तुतिस्तोम' पद प्रयुक्त है।[2] स्तुति का अथ है सगीत और स्तोम का अथ है स्तुत्यथ ऋक्समुदाय। स्तोम त्रिवृत सप्तदशादि होते हैं जिनका प्रयोग 'उदगाता' करता है। 'भागवत पुराण' मे स्तोत्रस्तोम को छदोमय कहा गया है।[3] स्तोत्रस्तोम' 'वहदरथन्तर' आदि सामो से स्तुत होता है। स्तोत्र का अथ बहदादि साम होता है। रावण न सामपरिपूण विविध स्तोत्रों का प्रयोग किया था।[4] 'रामायण' म सामा के यथाकाल मे गाए जाने का उल्लेख है।[5] दशरथ के दाह सस्कार के अवसर पर यथाशास्त्र सामो को गाया गया था।[6] इससे अंतिम सस्कार के समय सामगान की परपरा का आभास होता है।

ग'धववेद' को 'सामवेद' का 'उपवेद' माना गया है।[7] 'गधव-वेद' का तात्पय सगीतशास्त्र' से है। भरत ने नाटयशास्त्र' म सगीत का मूल 'सामवेद' को माना है।[8] लव तथा कुश गायन म निपुण थे गधव के ज्ञाता थे ताल और लय के स्वर को जानत थे।[9]

अथवसहिता—'अथवन' शब्द वेदविशेष का वाचक है। 'रामायण' म प्रयुक्त 'अथवशिरस' शब्द से इसी का सकेत है।[10] 'क्षत्रवेद' शब्द का प्रयोग भी 'अथववेद' के लिए किया गया है।[11] पुराणा मे 'आथवण' पद अथववेदवित अथवा 'अथवमत्र' के लिए किया गया है।[12] अथर्वा द्वारा प्रोक्त वेद 'आथवण' है।[13] 'अथर्वा' एक ऋषि का

---

1 ला० श्रौ० सू० 4 10 उद्गाता सामवेदेन।

2 भा० पु० 3 12 37

3 भा० पु० 6 8 29 स्तोत्रस्तोम छदोमय'।

4 रा० 7 16 34 सामभि विविध स्तोत्र प्रणम्य स दशानन । (नि० सा०)

5 तदेव 4 27 34 अयमध्यायसमय सामगानामुपस्थित ।

6 तदेव 2 70 18 जगुश्च त यथाशास्त्र तत्र सामानि सामगा ।

7 भा० पु० 7 12 38

8 ना० शा० 1 17 सामभ्यो गीतमेव च।

9 रा० 1 4 9 तौ तु गान्धवतत्वज्ञौ मूर्च्छनास्थानकोविदौ।
भ्रातरौ स्वरसम्पन्नौ ग धर्वाविव रूपिणौ॥

10 रा० 1 14 2 अथवशिरसि प्रोक्त मत्र ।

11 तदव 1 64 25 क्षत्रवेदविदा श्रेष्ठ ।

12 वा० पु० 61 49, ब० पु० 1 5, वि० पु० 6 5 65, ब्रह्मा० पु० [illegible] 12 1

13 आ० ध० सू० 2 11 29 12 पर छायाटीका, अथवणा ऋषिणा प्रोक्तो वेद आथवण'।

नाम है।[1] अथर्वा द्वारा सकलित होने के कारण इस वेद का नाम 'आथवण' पड़ा।[2] 'अथववेद' यज्ञ की दृष्टि स अनुपयुक्त है और लोकापयोगी शातिपुष्ट्यादि कर्मों का प्रतिपादक होने क कारण अन्य वेदो से विलक्षण है।[3] वेदत्रय स पथकरण के सबध म 'गोपथ ब्राह्मण' का साक्ष्य भी अवलोकनीय है। तीन वेदो से यज्ञ के एक पक्ष का सस्कार किया जाता है ब्रह्मा मन से अन्य पक्ष का सस्कार करता है।[4]

'अथववद' म राजपुरोहित का सबध है। राजपुरोहित को अथववद का ज्ञान आवश्यक है क्योकि राजा क शाति और पौष्टिक कर्मों का सम्पादन इसी वेद से सम्भव है। अथव-परिशिष्ट' में तो यहा तक कहा गया है कि जिस राजा क जन पद म 'अथववदविद' निवास करता है वह राष्ट्र उपद्रवहीन होकर वृद्धि को प्राप्त होता है।[5] 'रामायण' म वसिष्ठ सभी वेदो के ज्ञाता हैं।[6] व रामचद्र जी के पुरो हित हैं। वसिष्ठ स 'अथववेद' से सबध का सकेत 'मल्लिनाथ ने किरातार्जुनीय' की टीका म भी किया है।[7] रामायण मे नि सतान राजा दशरथ के लिए द्विजश्रेष्ठ ऋष्यशृग ने अथवमत्रा से पुत्रेष्टियज्ञ किया था।[8] पुत्रोत्पत्ति के लिए आथवणमत्रा का प्रयोग भी मिलता है।[9] वेदप्रोक्त विधि से राम ने ब्रह्मास्त्र अभिमन्त्रित कर छोडा था।[10] सायण न 'अथवभाष्य भूमिका म श्रद्धापूवक अथवमत्र जप को फलदायी बतलाया है।[11] अथवमत्र जप क लिए विशेष रूप से उपयोगी है। अथव वेद म मत्र को बहुत ऊचे स्तर पर रखा गया है। मत्र म स्वय शक्ति है। अथव वेद के मत्रो का प्रयोग किसी वदिकयज्ञ के बिना स्वतत्र रूप मे भी किया जा सकता

---

1 छा० उ० 3 4 3 पर शाकरभाष्य
2 सत्यव्रत सामश्रमी पूर्वोद्धत ग्रथ, पृष्ठ 21 22
3 मधुसूदन सरस्वती प्रस्थानभेद, पृष्ठ 14
4 गो० ब्रा० 1 3 2 स वा एष त्रिभिर्वेद यज्ञस्यान्यतरपक्ष सस्क्रियते। मनसव ब्रह्मा यज्ञस्यान्यतरपक्ष सस्करोति॥
5 अ० भा० भू० में उद्धत, यस्य राज्ञो जनपदे अथर्वाशान्तिपारग। निवसत्यपि तद्राष्ट्र वधत निरुपद्रवम्॥
6 रा० 1 64 25
7 किरातार्जुनीय 10 10 कृतपदपक्तिरथवणो वेद।
8 रा० 1 14 2 इष्टि त ह करिष्यामि पुत्रीया पुत्रकारणात्। अथर्वशिरसि प्रोक्तमत्र सिद्धा विधानत॥
9 देवीभागवत ▮ 2 33
10 रा० 6 97 14 वेदप्रोक्तेन विधिना सदध कार्मुक बली।
11 अ० भा० भू०, पृष्ठ 122

है। अथर्व शब्द ✓अथर्व कौटिल्ये धातु से बना है जिसका अर्थ है अकुटिलता और हिंसावृत्ति से रहित मन वाला। 'अथर्ववेद' का नाम अथर्वांगिरस भी है।[1] अथर्व और अंगिरा ऋषि द्वारा आविष्कृत होने के कारण इसका नाम 'अथर्वांगिरस' पड़ा। 'गोपथब्राह्मण' में इसे 'भृग्वांगिरोवेद' कहा गया है।[2] भृगु अंगिरा के शिष्य थे। 'अथर्ववेद' के प्रचार में भृगु का विशेष हाथ है। 'अथर्ववेद' का संहितीकरण भले ही बाद में हुआ हो किन्तु उसमें निहित अनेक तथ्य प्राचीन हैं। 'जयन्तभट्ट' ने तो 'अथर्ववेद' को प्रथम वेद माना है।[3] 'नागरखंड' में शतकल्प शतभेद-अथर्ववेद को नवशाख और पंचकल्प बताने का उल्लेख है।[4] ऐसा जान पड़ता है कि 'अथर्ववेद' का कोई एक अतिप्राचीन रूप था, और बाद में उसका नूतन संस्करण किया गया होगा। यह भी अनुमान किया गया है कि पहले 'अथर्ववेद' का संग्रह 'अथर्वा' ने किया था और बाद में 'आंगिरस' ने।[5]

'भागवत-पुराण' में तो स्थापत्य को 'अथर्ववेद' का उपवेद माना गया है।[6] वास्तव में 'अथर्ववेद' का उपवेद 'आयुर्वेद' है क्योंकि 'अथर्ववेद' में स्वयं भैषज्य सूक्त हैं। 'सुश्रुतसंहिता' से 'आयुर्वेद' के 'अथर्ववेद' का उपवेद होने की पुष्टि होती है।[7] 'गोपथब्राह्मण' में अथर्ववेद को चिकित्सा का मूल माना गया है।[8] 'रामायण' में बृहस्पति द्वारा मंत्रों और औषधियों से चिकित्सा का उल्लेख है।[9] 'अथर्ववेद' के भैषज्य सूक्त चिकित्सा संबंधी मंत्र हैं और अनेक मंत्रों से रोगों को दूर करने के उपाय वर्णित हैं।

इसका संबंध राजाज्ञा से है।

2 ब्राह्मण

वेद को 'मन्त्रब्राह्मणात्मक' मानने की प्रवृत्ति बहुत प्राचीन है।[10] मन्त्रातिरिक्त वेद

---

1 पारसनाथ द्विवेदी, वैदिक साहित्य का इतिहास, पृष्ठ 102
2 गो॰ ब्रा॰ 1 1 8
3 न्यायमञ्जरी पृष्ठ 237, तत्रवेदाश्चत्वारः प्रथमोऽथर्ववेदः।
4 नागरखण्ड 174 50 52
5 रामशंकर भट्टाचार्य पूर्वोद्धृत ग्रंथ पृष्ठ 186-187
6 भा॰ पु॰ 3 12 38
7 सुश्रुतसंहिता 1 6
8 गो॰ ब्रा॰ 1 3 4 येऽथर्वाणस्तद्भेषजम्।
9 रा॰ 6 40 28 तानार्तान्नष्टसंज्ञांश्च गतासूंश्च बृहस्पतिः।
विद्याभिर्मन्त्रयुक्ताभिरोषधीभिश्चिकित्सति।
10 प्रस्तुत शोधप्रबंध, 23 25

भाग ब्राह्मण' है ।[1] मेधातिथि,[2] कुल्लूक[3] तथा विज्ञानेश्वर[4] सदश स्मतिटीकाकार भी इसी मत के अनुयायी हैं। 'आपस्तब'[5] और 'पुरुषोत्तम-पुराण'[6] के अनुसार यज्ञयागादि कर्मों के प्रति प्रेरक ग्रथ 'ब्राह्मण' हैं। विधि ही कर्मों म प्रेरित करती है। सत्यव्रतसामश्रमी' के अनुसार इन लक्षणो से ब्राह्मण-ग्रथो का वेदत्व तो सिद्ध होता है परन्तु ब्राह्मण शब्द का स्वरूप प्रकट नही होता । वे 'आपस्तब' के कर्म प्रेरकत्व रूप लक्षण को भी दोषयुक्त मानत हैं क्योकि मन्त्रो से भी कर्मों म प्रवत्ति होती है।[7] अत महर्षियो द्वारा प्रोक्त वेदव्याख्यानस्वरूप यागविध्यादिबोधक वचन 'ब्राह्मण' हैं और इस प्रकार के वचनो का समूह जिन ग्रथो म हैं वे ग्रथ 'ब्राह्मण' हैं।[8] 'वाचस्पतिमिश्र' ने विनियोग निवचन प्रयोजन अथवाद तथा विधि को ब्राह्मण ग्रथो का प्रतिपाद्य विषय बतलाया है।[9] ग्रथवाची ब्राह्मण शब्द नपुसकलिंग म व्यवहृत होता है।[10] तत्तिरीय-सहिता म ब्राह्मण शब्द का सबसे प्राचीन प्रयोग है।[11] ब्रह्म का अथ है वेद मे निर्दिष्ट मन्त्र।[12] ब्रह्म का तात्पय यज्ञ भी है। अत 'ब्राह्मण' का अथ है, यज्ञयागपरक ग्रथ। विस्तार किए जाने के कारण भी यह 'ब्राह्मण' है। ब्राह्मणो का मुख्य विषय यज्ञ ही है। ब्राह्मण मन्त्रापेक्षया अर्वाक्कालिक भी है।[13] ब्राह्मणो म यज्ञ तथा कमकाड की विस्तत व्याख्या प्रस्तुत की गई है। ब्राह्मणो की अतरग परीक्षा करने पर स्पष्ट होता है कि ब्राह्मण-ग्रथो मे यज्ञो की वज्ञानिक, आधिदविक आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक मीमासा है।[14] 'भट्ट

---

1 ज० सू० 2 1 33 शेष ब्राह्मणशब्द ।
2 म० स्म० 2 6 2 165 पर मेधातिथि।
3 म० स्म० 2 6, 3 2 पर कुल्लूक।
4 या० स्म० 3 249 पर विज्ञानेश्वर।
5 आ० य० परि० 1 34 कर्मचोदनाब्राह्मणानि।
6 पु० पु० 46 14 वैदिककर्मप्रचोदका ।
7 सत्यव्रत सामश्रमी, ऐतरेयालोचनम पष्ठ 1 3
8 महाभाष्य 5 1 1
9 वाचस्पतिमिश्र, वदिक साहित्य, पष्ठ 175,
नरुक्त्य यस्य मन्त्रस्य विनियोग प्रयोजनम।
प्रतिष्ठान विधिश्चव ब्राह्मण तदिहोच्यते ॥
10 मदिनी-कोश 3 7 1 1 ब्राह्मण ब्रह्मसघाते वेदभागे नपुसकम।
11 त० स० 3 7 1 1 एतद ब्राह्मणान्येव पच हर्वीषि।
12 श० ब्रा० 7 1 1 5 ब्रह्म वै मन्त्र ।
13 ब्रह्मा० पु० 1 33 12 अनुमन्त्र तु ब्राह्मणम।
14 बलदेव उपाध्याय, पूर्वोद्धृत ग्रथ, पृष्ठ 176

भास्कर' ने ब्राह्मण-ग्रंथों को कर्म और मन्त्रों का व्याख्यान-ग्रंथ कहा है।[1] विधि ही कर्मों में प्रेरित करती है। सायणाचार्य के अनुसार विधियाँ दो प्रकार की हैं—अप्रवृत्तप्रवर्तक तथा अज्ञातज्ञापक। कर्मकाण्डगत विधियाँ अप्रवृत्तप्रवर्तन कराने वाली हैं। ब्रह्मकाण्डगत विधियाँ अज्ञातज्ञापन कराने वाली हैं।[2] विधि से अवशिष्ट भाग 'अर्थवाद' है।[3] इस प्रकार ब्राह्मण का यह स्वरूप 'विधि-अर्थवाद' के रूप में द्विधा[4] या 'विधि-अर्थवाद अनुवाद' के रूप में त्रिधा विभक्त है।[5] 'ब्राह्मण' की प्रतिपाद्य दस वस्तुओं का निर्देश 'शाबर भाष्य' में किया गया है। ये हैं हेतु, निर्वचन, निंदा, प्रशंसा संशय, विधि परक्रिया, पुराकल्प, व्यवधारणकल्पना और उपमान।[6]

'संहिता' और 'ब्राह्मण' में पार्थक्य स्पष्ट है। संहिताएं छंदोबद्ध हैं उनमें कुछ भाग ही गद्यात्मक हैं। 'ब्राह्मण' केवल गद्यात्मक ही हैं। मन्त्रों में या तो देव-स्तुति का प्राधान्य है या ऐहिक-पारलौकिक विषयों का विवेचन, परन्तु ब्राह्मणों का मुख्य विषय 'विधि' ही है। यज्ञ के विषय में कोई विरोध हो तो ब्राह्मण-ग्रंथों में उसका विवेचन किया गया है। ब्राह्मण-ग्रंथों में अन्यान्य विषय भी विधि के ही पोषकमात्र हैं। इन विषयों में निंदा स्तुति की प्रधानता रहती है। इन्हें 'अर्थवाद' कहते हैं। इनमें यज्ञ में निषिद्ध वस्तुओं की निंदा, उपयोगी वस्तुओं की प्रशंसा, यज्ञोपयोगी युक्तियाँ और अनुष्ठेय वस्तुओं की पुष्टि हेतु इतिहास एवं आख्यान हैं। शब्द विशेष की सिद्धि के लिए निर्वचन भी इनमें मिलते हैं। यज्ञों के विषय में सूक्ष्म विवेचन ब्राह्मण-ग्रंथों में मिलता है। 'समस्त कर्मों में यज्ञ ही श्रेष्ठतम कर्म है'।[7] ब्राह्मण ग्रंथों में यज्ञ की इतनी महिमा है कि प्रजापति को भी यज्ञ का ही रूप माना गया है।[8] 'विष्णु का प्रतीक भी यज्ञ ही है।[9] 'आकाश में देदीप्यमान आदित्य भी यज्ञ का ही रूप है।[10] ब्राह्मण-ग्रंथों में यज्ञ की जितनी महनीयता थी

---

1 तै० सं० 1 5 1 पर भट्ट भास्करकृतभाष्य, ब्राह्मण नाम कर्मणस्तन्मन्त्राणां च व्याख्यानग्रंथ।

2 ऋ० भा० भू०, पृष्ठ 71

3 जै० सू० 2 1 33 ब्राह्मणशेषोऽर्थवादः।

4 या० स्मृ० 1 4 पर वीरमित्रोदयव्याख्या।

5 न्यायसूत्र 2 1 62 पु० पु० 46 48

6 शाबरभाष्य 2 1 33, प्रस्तुतशोध प्रबंध पृष्ठ 23 24 पर विवरण।

7 श० ब्रा० 1 7 3 5 यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म।

8 तत्रैव 4 3 4 3 एष व प्रत्यक्षं यज्ञो यः प्रजापतिः।

9 तत्रैव 4 3 4 3 यज्ञो वै विष्णुः।

10 तदेव 14 1 1 16 यज्ञो सौ आदित्यः।

उतनी ही 'रामायण' में भी दृष्टिगोचर होती है। अग्निहोत्र से प्राणी सब पापों से छूट जाता है।[1] रामायणकाल में सध्या के पश्चात अग्निहोत्र का स्थान था।[2] शतपथ-ब्राह्मण के अनुसार 'अश्वमेध' यज्ञ करने वाला यजमान अपने समग्र पाप कर्मों तथा ब्रह्म-हत्या के पाप को दूर भगा देता है।[3] 'रामायण' में अश्वमेध को महायज्ञ कहा गया है।[4] अश्वमेध से राजा इन्द्र ने ब्रह्म-हत्या से निवृत्ति पाई।[5] 'रामायण' में दशरथ तथा राम के अश्वमेध का वर्णन है।[6] शतपथ-ब्राह्मणोक्त[7] पंचमहायज्ञ भी रामायण में यत्र-तत्र सकेतित है। इसमे होम रूप 'देव-यज्ञ' का प्रथम स्थान है। द्वितीय 'पितृयज्ञ' पितृतर्पणरूप है। तृतीय ब्रह्म-यज्ञ' को दैनिक स्वाध्याय के रूप में माना जाता है। चतुर्थ नयज्ञ' अतिथिसत्कार रूप है। पञ्चम भूतयज्ञ' में भूतो को बलि प्रदान की जाती है। रामायण' में पंचमहायज्ञ शब्द न मिलने पर भी होम तर्पण, जप, स्वाध्याय और अतिथि पूजन के प्रसग मिलते है। वास्तुशांति' के अवसर पर राम के जप, स्नान और भूतों को बलि प्रदान करने का उल्लेख है।[8] दैनिक होम तो रामचन्द्र का नियम ही था।[9] उन्होंने पितृतर्पण भी किया था।[10] दशरथ ने अतिथि सत्कार के रूप में विश्वामित्र का अर्घ्य दिया था।[11] सीता रावण का मन में द्वेष होने पर भी यथोचित सत्कार करती है।[12]

'रामायण' में ब्राह्मणोक्त विधियाँ भी मिलती हैं। 'षड्विंश-ब्राह्मण' में अभिचार के समय ऋत्विजों के वेशवर्णन से पता चलता है कि ऋत्विक यज्ञ के समय लोहित-उष्णीष तथा रक्तवर्ण किनारी वाली धोती पहनते थे।[13] 'महाभाष्य'[14] और

---

1 तदेव 2 3 1 6 सर्वस्मात् पाप्मनो निर्मुच्यते य एव विद्वानग्निहोत्रं जुहोति।

2 प्रस्तुत शोध प्रबंध पृष्ठ 256

3 श० ब्रा० 13 5 4 1

4 रा० 7 75 2 अश्वमेधो महायज्ञ।

5 रा० 7 75 3 ब्रह्महत्यावृतःशक्रो हयमेधेन पावित।

6 तदेव 1 13 7

7 श० ब्रा० 11 5 6

8 रा० 2 56 32 जप च न्यायत कृत्वा स्नात्वा नद्या यथाविधि।
पापसंशमन रामश्चकार बलिमुत्तमम ॥ (म० वि०)

9 प्रस्तुतशोध प्रबंध, पृष्ठ 278

10 रा० [illegible] 95 28 एतत्ते राजशार्दूल विमल तोयमक्षयम।
पितृलोकगतस्याद्य मद्दत्तमुपतिष्ठतु ॥

11 तदेव 1 17 28 राजा ततोऽर्घ्यमुपहारयत।

12 तदेव 3 44 31 34

13 ष० ब्रा० 4 22 लोहितोष्णीषा लोहितवाससो निवीता ऋत्विज प्रचरति।

14 महाभाष्य 1 1 27 2 2 24

'काव्यप्रकाश'[1] में इसी का संकेत है।

3 आरण्यक

'आरण्यक' ब्राह्मण-ग्रंथों के परिशिष्ट ग्रंथों के समान हैं। आरण्यकों में ब्राह्मणों से भिन्न विषय मिलते हैं। ब्राह्मण-ग्रंथों में यज्ञविधि की प्रधानता है, जबकि आरण्यकों में अध्यात्म विद्या का विवेचन है। सायण ने अरण्य में पढ़े जाने से इन्हें 'आरण्यक' माना है। अरण्यपाठ्य होने के कारण इनका 'आरण्यक' नाम सार्थक ही है। इन ग्रंथों के अध्ययन-अध्यापन के लिए अरण्य का शांत वातावरण ही उपयुक्त था। यद्यपि आरण्यकों का अध्ययन अरण्य में ही किया जाता है तथापि 'तैत्तिरीय-आरण्यक' से पता चलता है कि वैदिक-युग में इसे अरण्य में ही नहीं पढ़ा जाता था अपितु इसे ग्राम या नगर में भी पढ़ा जाता था। अरण्य में इनका पढ़ा जाना श्रेयस्कर था। कुछ समय पश्चात गृहादि में इन ग्रंथों का अध्ययन प्रतिसिद्ध समझा जाने लगा। राधाकृष्णन् के अनुसार आरण्यकों का स्थान ब्राह्मण-ग्रंथों और उपनिषदों के बीच का है। जैसा कि नाम संकेत करता है 'आरण्यक' उन महापुरुषों और ऋषियों के चिंतन के विषय थे, जो वनों में रहते थे। ब्राह्मण ग्रंथों में उन कर्मकाण्डों का विवेचन है जिनका विधान गृहस्थ के लिए आवश्यक था। वृद्धावस्था में जब वह वनों का आश्रय लेता था तब उसे जिस विषय की आवश्यकता होती थी, उसकी पूर्ति आरण्यक ही करते हैं। 'महाभारत' के अनुसार आरण्यक औषधियों से उद्भूत अमृत के समान वेदों का सार है। वस्तुतः 'आरण्यक' ब्राह्मणों के ही अंश हैं, परंतु अपनी विशिष्टता के कारण 'रहस्य-ब्राह्मण' पद से व्यवहृत होते हैं। भास्करी तथा मेधातिथि के अनुसार भी रहस्य-ग्रंथ 'आरण्यक' ही हैं। गोपथ ब्राह्मण, वसिष्ठ धर्मसूत्र[2] तथा मनुस्मृति में आरण्यक का नामान्तर 'रहस्य' व्यवहृत हुआ है। मेधातिथि तथा कुल्लूक ने रहस्य का अर्थ 'ब्रह्म विद्यात्मक-उपनिषद' किया है।

विषय की दृष्टि से 'आरण्यक' और 'उपनिषद' में कुछ साम्य है, इसीलिए बृहदारण्यक आदि आरण्यक-ग्रंथों को 'उपनिषद' ही माना जाता है। दोनों में पर्याप्त समानता होने पर भी पार्थक्य लक्षित होता है। 'आरण्यक' का मुख्य विषय प्राण विद्या तथा प्रतीकोपासना है, जबकि उपनिषदों का विषय ब्रह्म अथवा आत्म विद्या का विवेचन करना है अतः एव दोनों रहस्य-ग्रंथ हैं। ब्राह्मण के 'आरण्यक' नामक अंश का अध्ययन वानप्रस्थाश्रम में अरण्य में किया जाता था। पचास वर्ष के अनन्तर वानप्रस्थाश्रम का आरम्भ होता है। इसमें निवृत्ति-मार्ग की उपयोगी विद्या का अभ्यास उपासना, चित्तशुद्धि के लिए व्रतोपासन तथा

1 काव्य प्रकाश 5 आहिताग्निरपि ऋत्विज प्रचरति।

तपान्ि क्रिया का अनुष्ठान किया जाता था। निवत्ति माग म योग्यता प्राप्त कर लेने पर चतुर्थाश्रम सयास म प्रवेश होता था। अरण्य म मनुष्य वानप्रस्थाश्रम प्राप्त कर लेने पर ही जाता था, अत इसी आश्रम म आरण्यकाध्ययन होता था।

'रामायण' म यद्यपि आरण्यक शब्द का प्रयोग नही मिलता तथापि अरण्य म जाकर अध्ययन का उल्लेख मिलता है। जिहोने गहमेधी के रूप मे अपना जीवन व्यतीत कर लिया होता वे अरण्यवास के लिए चल देते थे। देवता अरण्यवासिया के तपोभग के लिए समय-समय पर उपस्थित होत थे जिससे ऋषि अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर सकें। देवराज इद्र ने गौतम ऋषि को क्रोध उत्पन्न किया था। विश्वामित्र ने हजारो वर्षों तक मौन रहकर अपने मन मे काम और क्रोध का प्रवेश नही होने दिया था। कठोर तप करके वे ब्रह्मर्षि पद पाने म सफल हुए। उनके तपोभग के लिए भी मेनका और रभा नामक अप्सरा को भेजा गया था। मेनका के साथ उनका दस वर्षा तक वास प्रसिद्ध है।

4 उपनिषद

उपनिषद' आरण्यको के विशिष्ट अश हैं। उपनिषद शब्द 'उप पूवक नि' उपसगक √सदल् धातु स निष्पन्न है। √सद का अथ है विशरण (नाश होना) गति (पाना-या जानना) और अवसादन (शिथिल होना)। उपनिषद मुख्यत ब्रह्म विद्या का द्योतक है। जिससे मुमुक्षुओं की बीज भूता अविद्या नष्ट हो जाती है जो ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति करा देती है तथा जिससे मनुष्य के गभवासादिक दु ख सवथा शिथिल हो जाते हैं। आजकल उपनिषद का अथ प्राय गुरु के समीप बठकर प्राप्त किया गया ज्ञान माना जाता है। 'रामायण मे विश्वामित्र महादेव से 'सरहस्य सागोपाग उपनिषद प्राप्त करने की कामना करत हैं। उपनिषद का तात्पय रहस्यमत्रा से है। उपनिषद को 'रहस्यशास्त्र' माना जाता है। तत्ति रीय उपनिषद म इसका अथ सायण ने रहस्य सारभाग किया है। रहस्यविद्या ही वस्तुत ब्रह्मविद्या है। इसे अध्यात्मविद्या भी कहते हैं। वेद का अतिम भाग तथा सारभूत सिद्धाता का प्रतिपादक होने से उपनिषद वेदान्त' नाम से विख्यात है। शकर ने उपनिषदा के लिए वेदात' शब्द का प्रयोग किया है। इसी प्रकार रामा यण' तथा पुराणा मे भी वदात' शब्द का प्रयोग किया गया है। 'रामायण' के अनुसार ब्रह्मविद' ऋषि आश्रमो मे रहत थे। जो अनादि-अनन्त ब्रह्मविभूति मय सकलप्रपच को देख सकता है उसे 'ब्रह्मविद्' कहेंगे।' उपनिषदो मे 'ब्रह्म का प्रतिपादन किया गया है।

उपनिषदा म 'ब्रह्म के दो स्वरूपो का विशद विवेचन मिलता है— सविशेष अथवा सगुण और निर्विशेष' अथवा निगुण। ब्रह्म का निर्विशेष रूप वह है जिसे किसी लक्षण अथवा विशेषण द्वारा सूचित नही किया जा सकता और सवि

शेप वह है जिसे किसी लक्षण अथवा चिह्न द्वारा सूचित किया जा सकता है। 'रामायण' म ब्रह्मा युद्ध की समाप्ति के अवसर पर राम के विषय म कहते हैं कि जिस अव्यक्त अक्षर ब्रह्म को दवताओ का अतर्यामी और गुह्य-तत्त्व बतलाया गया है, वह शत्रु विनाशी राम ही तो है। ब्रह्म सत्य है। उपनिषदो मे पर ब्रह्म का स्वरूप अनिवचनीय बतलाया गया है। इसे व्यक्त नही किया जा सकता। गुणा के अत्यत अभाव के कारण इसका वणन नही हो सकता। इसी कारण श्रुति इसका परिचय निषेधमुख से देती है।

उपनिषदा मे मानवीय व्यवहार पर बडे मनोरम विचार हैं। दमन, दान, और दया की शिक्षा दी गई है। सत्य से विजय तथा देवलोक प्राप्ति होती है। असत्य की निंदा की गई है। सत्य के बाद शम, दम उपरति, तितिक्षा तथा समाधान की प्राप्ति आवश्यक है।

5 वेदाग

'रामायण म वेद के साथ 'वेदाग श द का भी प्रयाग है।[1] वेद के अथ जानने मे, कमकाण्ड के प्रतिपादन मे जो उपयोगी हैं उन्हें वदाग' कहत हैं। आचाय-दुग के मत म वदाग विनान से वेदाथ भासित अथवा प्रकाशित होता है। वेदाग वेदपुरुष के प्रशस्त अग हैं। 'रामायण' मे प्रयुक्त षडग' शब्द से वेदाग-सख्या का सकेत मिलता है।[3] वेदाग-साहित्य का ज म उपनिषत्काल म ही हो गया था। वेदागो के नाम तथा क्रम का उल्लेख मुण्डकोपनिषत मे मिलता है। इनके नाम तथा क्रम इस प्रकार हैं—शिक्षा, कल्प, व्याकरण निरुक्त छन्द और ज्योतिष।

शिक्षा — वेदो के पठन-पाठन के लिए सवप्रथम वेदमत्रो के शुद्ध उच्चारण की आवश्यकता है। वदमत्र शब्दमय हैं उनमे सवप्रथम उच्चारण को महत्व दिया जाता है। इस उच्चारण के निमित्त प्रवतमान वेदाग शिक्षा' कहलाता है। यह वेद रूपी पुरुष की घ्राण कही गई है। जिस प्रकार घ्राण के बिना पुरुष शोभा नही देता उसी प्रकार शिक्षा के बिना वेद-पुरुष भी शोभा नहीं देता है। वह नितात असुदर लगता है। शिक्षा का व्युत्पत्तिलभ्य अथ है 'वह विद्या जो स्वर वर्णादि का उपदेश करे।' वद का अय नाम वशपरपरा अथवा गुरुमुख से श्रवण किए जाने के कारण अनुश्रव है। 'पाणिनीय शिक्षा' के अनुसार लिपिबद्धवेदग्रथ का पाठक निदा का पात्र समझा जाता है। वेद के ज्ञान के लिए स्वर के ज्ञान की नितांत आवश्यता है। वेद के अशुद्ध उच्चारण से अनथ की सम्भावना रहती है।

---

1 रा० 1 1 14 वेदवेदागतत्वज्ञ।
2 नि० 1 20 पर दुगवृत्ति, वेदागवि
3 रा० 1 13 21, 1 16 2

शुद्ध उच्चारण के लिए शिक्षा का ज्ञान नितात आवश्यक है। 'रामायण' म भरद्वाज मुनि शिक्षा ग्रथो म प्रतिपादित उच्चारण लक्षणा से युक्त वाणी से मन्त्रोच्चारण करत हुए देवताओ का आह्वान करते हैं। 'याज्ञवल्क्य शिक्षा' म प्रयोग के लिए मध्यम स्वर का उपदेश है। हनुमान सस्कारयुक्त, क्रमयुक्त, शीघ्रतारहित, विलम्बरहित कल्याणी और मनोहर वाणी बोलता था। इससे रामायणकाल मे शिक्षा नामक वेदाग की व्यापकता का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

कल्प—वेद का मुख्य प्रयोजन वदिक कमकाण्ड तथा यज्ञयाग का यथाथ अनुष्ठान है। इसके लिए प्रवत्त होने वाले अग का नाम कल्प है। वेदरूपी पुरुष के हाथ कल्प है। जिस प्रकार हाथो के बिना मनुष्य कोई काय नही कर सकता उसी प्रकार कल्पज्ञान के बिना वदिक क्रिया कलाप नही हो सकते। रामायण' मे अश्वमेधयज्ञ के 'कल्पसूत्र के अनुसार तीन दिन सवन क्रिया क बतलाए है। कल्प के चार अग हैं—श्रौतसूत्र, गह्यसूत्र शुल्वसूत्र तथा धम सूत्र। श्रौतसूत्रा मे श्रौतयागो गह्यसूत्रो मे गह्य यागा, शुल्वसूत्रो मे वेदिनिर्माण तथा धमसूत्रा म वर्णाश्रमधर्मों का विवेचन है। कात्यायन के अनुसार देवता को उद्देश्य कर द्रव्यत्याग ही यज्ञ है। 'ऐतरेय आरण्यक' के अनुसार यज्ञ पाच प्रकार के हैं—अग्निहोत्र, दशपूणमास चातुर्मास्य, पशु और सोम। श्रौत तथा स्मात यज्ञो की सख्या 21 है जो सात सात की तीन सस्थाओ मे विभक्त हैं।

पाकसस्थागतयागो का विवरण गह्यसूत्रो मे है। इनका सम्पादन गह्याग्नि म होता है। हवि तथा सोमसस्थागत कर्मों का विवेचन श्रौतसूत्रा म है। इनका सम्पादन 'श्रौताग्नि' म किया जाता है। श्रौताग्नि गाहपत्य आहवनीय दक्षिण तथा सभ्य भेद से चार प्रकार की है। रामायण म त्रेताग्नि का उल्लेख है जिसका अभिप्राय गाहपत्य, आहवनीय और दक्षिण अग्नियो से है सभ्याग्नि की स्थापना वकल्पिक है।

व्याकरण—'रामायण' मे हनुमान सम्पूण व्याकरण के ज्ञाता हैं। उनके बहुत देर तक भाषण करते रहने पर भी कोई अशुद्धि नही हुई। व्याकरण के लिए 'रामायण मे वाक्यज्ञ' शब्द का प्रयोग किया है। व्याकरण वेदपुरुष का मुख है। प्रातिशाख्यसहित 'शिक्षा' और निरुक्त के जो ग्रथ आज उपलब्ध हैं उनमे बहुत से वचन पाणिनि की अष्टाध्यायी से मिलते हैं और पाणिनि पर पडे प्रभाव के सकेतक हैं। व्याकरण का अथ है शब्दो की मीमासा करने वाला शास्त्र। व्याकरण परम्परा के रूप म वषभ के रूप मे व्याकरण का ही सकेत है। इसके चार सीग नामाख्यातो पसर्गनिपात हैं। तीन काल इसके पाद हैं। इसके दो सिर सुप और तिङ हैं। इसके हाथ सप्तविभक्तिया है। यह उर कण्ठ और सिर तीन स्थानो स बधा है। रामायण की रचना समाससन्धियुक्त मधुर तथा प्रसन्न करने वाले वाक्या मे की गई है। रामायण के अनुसार व्याकरण का अध्ययन करने के लिए कपीन्द्र हनुमान् सूय

के सम्मुख हुए और विशाल ग्रंथ स्वीकार करने के लिए उदयाचल से अस्ताचल तक घूमते रहे। सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, भाष्य एवं संग्रह इन सबका अध्ययन करने से वे शास्त्रों में प्रवीण हुए।[1] विद्याओं में हनुमान् बृहस्पति से स्पर्धा करने वाले थे।[2] 'ऋक्तंत्र' के अनुसार व्याकरण के इतिहास में ब्रह्मा के बाद बृहस्पति का स्थान आता है। व्याकरण का ज्ञान ब्रह्मा से बृहस्पति को और बृहस्पति से इंद्र को प्राप्त हुआ।[3] इंद्र ने 'ऐंद्र' व्याकरण लिखा। कपींद्र के सूर्य के पास जाने से प्रतीत होता है कि सूर्य का भी व्याकरण से कोई संबंध था। 'ऋग्वेद' के अनुसार भाषा और व्याकरण के तीन चरणों को पणियों ने पहचान लिया।[4] इनमें से एक को इंद्र ने तथा दूसरे को सूर्य ने प्राप्त किया था।[5] तीसरे को इन्होंने स्वयं प्राप्त किया था। यहां इंद्र के साथ-साथ सूर्य का भी व्याकरण से संबंध प्रकट होता है।

'वररुचि' ने व्याकरण के पांच प्रयोजन बतलाए हैं—रक्षा, ऊह, आगम, लघु और असंदेह।[6] व्याकरण का प्रथम प्रयोजन वेद की रक्षा है। जो मंत्र में आए पदों को पहचानता है वही उसके अर्थ को जानता है। ऊह का अर्थ नवीन पदों की कल्पना है। विभक्ति आदि का ज्ञान व्याकरण से ही हो सकता है। आगम का तात्पर्य है स्वयं श्रुति ही व्याकरणाध्ययन के लिए प्रमाण है। लघुता के लिए भी व्याकरण पढ़ना चाहिए। वैदिक विषयों में जो संदेह होता है उसका निराकरण भी व्याकरण ही कर सकता है। पतञ्जलि ने त्रयोदश प्रयोजनों का उल्लेख किया है। ये प्रयोजन आनुषंगिक हैं—शुद्ध भाषण, अदुष्ट शब्द का प्रयोग, अर्थज्ञान, व्यवहारोचित शब्द प्रयोग अभिवादनज्ञान, विभक्तियोजनाज्ञान, वेदवाणीविभाजनज्ञान, उचित वाणी का प्रयोग, मंत्ररहस्यज्ञान, वाणी की पवित्रता, अप्रायश्चित्त योग्यता, नामकरण

---

1 रा० 7 36 45 46 असौ पुनः व्याकरणं ग्रहीष्यन् सूर्योन्मुखो प्रष्टुमना कपीन्द्रः।
उद्यद्गिरेरस्तगिरिं जगाम, ग्रंथं महद्धारयनप्रमेयः ॥
ससूत्रवृत्त्यर्थपदं महार्थं ससंग्रहं सिद्ध्यति वै कपीन्द्रः।
(नि० सा०)

2 तदेव 7 36 47 सर्वासु विद्यासु तपोविधाने प्रस्पर्धतेऽयं हि गुरुं सुराणाम्।
(नि० सा०)

3 ऋक्तंत्र 1 4 ब्रह्मा बृहस्पतये प्रोवाच बृहस्पतिरिंद्राय।

4 ऋ० 1 164 45 त्रीणि निहिता गुहायाम्।

5 ऋ० 4 58 4 इंद्र एकं सूर्य एकं जजान वेनादेकं स्वधया निष्टतक्षुः।

6 ऋ० भा० भू०, पृष्ठ 115, रक्षोहागमलघ्वसंदेहाः प्रयोजनम्।

तथा उच्चारणज्ञान।[1] शुद्ध भाषण के कारण ही हनुमान के व्याकरणज्ञ होने का अनुमान लगाया गया।

व्याकरणाध्ययन के लिए सूत्र, वत्ति, वार्तिक और भाष्यादि आधारशिला है। अल्पाक्षरो म अभीष्ट भाषण 'सूत्र' है। अल्पाक्षर प्रयोग प्राचीन आचार्यों की परपरा रही है। वे इस विषय म इतने सतर्क थे कि एक भी शब्द या अक्षर का प्रयोग व्यथ नहीं होने देते थे। पूवकाल से सूत्रशैली चली आ रही है। 'रामायणकाल' मे कौन-सा ग्रथ प्रचलित था, इस विषय म कोई निश्चित सकेत नहीं मिलता परतु सूत्र, वत्ति, वार्तिक, भाष्य तथा सग्रह के एकत्र होने का सकेत है। हनुमान अञ्जनी के पुत्र थे। अञ्जनी वायु की पत्नी थी। वायु के व्याकरणज्ञ होने का उल्लेख 'तत्तिरीय सहिता'[2] तथा 'वायु-पुराण'[3] म मिलता है।[4] किसी वक्तव्य का जो अथ समझा जाए वही वत्ति है। वत्ति का लेखक वास्तव म स्वाभिप्राय को या अपनी समझ म आए सार को स्पष्ट करता है।[5] उक्त, अनुक्त दुरुक्त विषयो की चर्चा जिस ग्रथ म की जाती है उसे वार्तिक कहते हैं।[6] 'कात्यायन' ने पाणिनिव्याकरण पर जो वार्तिक लिखे हैं उन पर यह लक्षण पूरा उतरता है। भाष्य म अपने कथनो क अतिरिक्त अन्य कथनो का उल्लेख होने के कारण विस्तार होता है। आधार की व्यापकता क कारण यह भेद वत्ति और भाष्य म अतर स्पष्ट करता है। बाद म न्यायबीजो का प्रवेश भाष्य म होता रहा। जिसस सूत्र कारिका आदि सब कुछ हो उसे सग्रह कहते है। 'व्याडि' के ग्रथ को परवर्ती आचार्यों ने सग्रह माना है।[7] वाक्य-पदीय के टीकाकार के अनुसार सग्रह नामक निबध एक लक्ष

---

1 महाभाष्य 1 1 1 तऽसुरा । दुष्ट शब्द । यदधीतम । यस्तु प्रयुङ्क्त । अविद्वास विभक्ति कुर्वन्ति । यो वा इमाम । चत्वारि । उत त्व । सक्तुमिव । सारस्वतीम् । दशम्या पुत्रस्य । सुदेवोऽसि वरुण इति ।

2 त० स० 6 4 7

3 वा० पु० 2 44

4 ब्रह्मानन्द त्रिपाठी व्याकरणशास्त्रतिहास, पष्ठ 16
"तत्र स इन्द्र सवज्ञान वायोरधिजगे। एष वायु शब्दशास्त्रविशारद इति ख्याति बभार।

5 सत्यकाम वर्मा, सस्कृत व्याकरण का उद्भव तथा विकास पृ० 26।

6 तदेव, पष्ठ 185 पर उद्धृत, उक्तानुक्तदुरुक्ताना चिन्ता यत्र प्रवतते।
त ग्रन्थ वार्तिक प्राहु वार्तिकज्ञा मनीषिण ॥

7 महाभाष्य 1 1 1 पर त्रिपदीभाष्य, चतुर्दशसहस्राणि वस्तूनि अस्मिन् ग्रन्थे परीक्षितानि।"

ग्रथ परिमाण का था।[1] तात्पय यह है कि 'सग्रह' म सूत्र, वत्ति, वार्तिक तथा भाष्य सभी कुछ सगहीत होता है।

निरुक्त—वसे तो सभी वेदाग अतीव उपयोगी हैं तथापि वेदाथ की दष्टि से व्याकरण तथा 'निरुक्त' की उपयोगिता सर्वातिशायी है। पदा की मीमासा करने के कारण वदिकपदो के बोध-हेतु व्याकरण का अतीव महत्त्व है। 'निरुक्त' का प्रमुख उद्देश्य तो वदार्थानुसधान ही है। महामति 'यास्क' के मत म 'निरुक्त के अध्ययन के बिना मन्त्राथप्रत्यय असम्भव है। वस्तुत 'निरुक्त' व्याकरण की भी पूणता है क्योकि अथज्ञानोपरान्त ही व्याकरण शब्दविशेष की उस अथविशेष म सरचना का विश्लेषण करने म प्रयुक्त होता है। व्याकरण का स्वरसस्कारोदेश अथ प्रतीति म असम्भव है। निरुक्त' वेदपुरुष का श्रोत्र है।[3]

'रामायण मे पूवनिर्दिष्ट 'षडग के अतगत आने वाला निरुक्त यास्क प्रणीत है कि पूववर्ती नरुक्ता का निरुक्त, यह कह सकना कठिन है। यदि यास्कीय निरुक्त महाभारत-काल की रचना मानी जाए तो 'रामायण म सकेतित षडग का अन्त पाती निरुक्त इससे पूववर्ती निरुक्त-परम्परा का परामशक माना जाएगा।[4] 'आचायदुग के मतानुसार निरुक्तो की सख्या 14 थी। सम्प्रति हम केवल यास्कीय निरुक्त ही उपलब्ध होता है जो निघण्टु टीका के रूप म है। इसम आग्रयण औपमन्यव, औणवाभ, क्रौष्टुकि, गाग्य गालव, चमशिरा, तटीकि, शत बलाक्ष मौद्गाल्य, शाकटायन शाकपूणि, शाकपूणिपुत्र, और स्थौलाष्ठीवि इन नरुक्ता का उल्लेख किया है। इनके बाद सम्भवत यास्क' का ही स्थान आता है। इसस स्पष्ट होता है कि 'यास्क' के समय तक नरुक्त सम्प्रदाय स्थापित हो चुका था और उसका साहित्य पर्याप्त समद्ध हो चुका था। आचाय-यास्क ने 'निरुक्त म नरुक्ता का लगभग 20 बार उल्लेख किया है। नैरुक्त परम्परा के आचाय वेदमन्त्रा का अथ निवचन प्रणाली पर करते थे और वैदिक देवो की व्याख्या प्रकृति के विभिन्न रूप मानकर करते थे। वदिक आख्याना की व्याख्या आलकारिक अथवा अथवाद के रूप म और तथाकथित ऐतिहासिक नामा की व्याख्या

---

1 वा० प०, पृष्ठ 283

2 नि० 1 15 अथापीदमन्तरेण मन्त्रेष्वथप्रत्ययो न विद्यते। अथमप्रतीयतो नात्यन्त स्वरसंस्कारोदेश। तदिद विद्यास्थान व्याकरणस्य कात्स्न्य स्वाथसाधक च।

3 पा० शि० 1 41 निरुक्त श्रोत्रमुच्यते।

4 शिवनारायण शास्त्री निरुक्त मीमासा, पृष्ठ 79

5 नि० 1 13 पर वृत्ति, निरुक्तम् चतुदशप्रभेदम।
1 20 पर वृत्ति निरुक्त चतुदशधा।

नित्यसृष्टि के रूपो म की जाती थी ।[1] अधुनोपलब्ध यास्कीय निरक्त वस्तुत निघण्टु म सकेतित वैदिक पदो की व्याख्या के रूप मे है । निघण्टु के तीन काण्ड हैं —नघण्टुक, नगम तथा दवत । निघण्टु क पाच अध्यायो म आद्य तीन नघण्टुक, चतुथ अध्याय नगम और पचम अध्याय दवत काण्ड के नाम स अभिहित है । इन्ही की व्याख्या निरक्त अपने 14 अध्यायो म करता है। इस प्रकार निरुक्त का मुख्य उद्देश्य निवचनरीत्या वदिक पदो की व्याख्या एव वैदिक देवताज्ञान है ।

निरुक्त' म यास्क ने 440 मन्त्रो की समग्रस्पेण कि वा खण्डश व्याख्या की है। इससे न केवल मन्त्रो का ही अथ स्पष्ट हुआ है प्रत्युत वेद के अय मन्त्रो को समझने म भी सहायता मिली है। इसके अतिरिक्त 'निरुक्त' म विविध वेदाथ सप्र दायो अथवा पद्धतियों का भी उल्लेख है—नैरुक्त, ऐतिहासिक, याज्ञिक परि व्राजक, अधिदवत, नदान तथा आख्यान-समय । निरुक्त' महाभारत मे प्राचीन है क्योकि महाभारत' म यास्क के निरुक्तकार होने का उल्लेख है ।[3] सस्कृति साहित्य म आसुरि के नाम से 'साख्यदशन' के एक बहुत प्रसिद्ध आचाय हैं ।[4] यास्क इनक शिष्य आसुरायण क समकालिक हैं।

वररुचि प्रणीत निरुक्त-समुच्चय'[5] म कतिपय वेदमन्त्रो की व्याख्या है ।

छन्द— छन्द वेद का पचम अग है। वेदमन्त्रो के उच्चारण के निमित्त छदो का ज्ञान आवश्यक है। कात्यायन' का कथन है कि जो व्यक्ति छन्द, ऋषि और देवता क ज्ञान स हीन होकर मन्त्र का अध्ययन अध्यापन, यजन तथा याजन करता है उसका प्रत्येक काय निष्फल ही होता है ।[6] वदिक छद म गद्य भी छदो युक्त माना जाता है। 'दुर्गाचाय' ने ब्राह्मण वचन उद्धृत कर कहा है कि छद के

---

1 विशेषहेतु द्रष्टव्य मानसिंह 'वेदव्याख्या पद्धति'—सस्कृत स्मारिका—पृष्ठ 32 36 माच 1978

2 मानसिंह पूव सकेतित लेख पृष्ठ 33 39

3 महाभारत, शान्तिपव 342 72 73

> यास्को मामपियज्ञो नकयनेषु गीतवान ।
> शिपिविष्ट इति ह्यस्माद गुह्यनामधरो ह्यहम् ॥
> स्तुत्वा मा शिपिविष्टेन यास्क ऋषिरुदारधी ।
> मत्प्रसादात्ततो नष्ट निरुक्तमभिजग्मिवान् ॥

4 तदेव शान्तिपव, 218 10 14 ।

5 सपादक युधिष्ठिर मीमासक, निरुक्त समुच्चय ।

6 सर्वानुक्रमणी 1 7 यो ह वा अविदितार्षेयच्छन्दोदवतब्राह्मणेन मन्त्रेण याजयति वा अध्यापयति वा स्थाणु वच्छति गर्तं वा पात्यते स पापीयान् भवति ।

बिना वाणी उच्चरित नहीं होती।[1] भरतमुनि कहते हैं कि छंदोहीन न तो कोई शब्द है न कोई छन्दशब्दवर्जित है।[2] कात्यायन मुनि के नाम से प्रख्यात 'ऋग्यजु परिशिष्ट' पूर्वोक्त तथ्य को स्वीकृति देता है। वेद का कोई ऐसा मंत्र नहीं जो छंद के माध्यम से निर्मित नहो।[3] फलत 'यजुर्वेद' के जो मंत्र निश्चयेन गद्यात्मक हैं छन्दोहीन नहीं हैं। इसलिए प्राचीन आचार्यों ने एक से लेकर एक सौ चार छंदों का विधान अपने ग्रंथों में किया है।[4] 'रामायण' में छंद के भेदों का उल्लेख है।[5] 'यास्क' ने 'छन्द' शब्द का निर्वचन √ छन्द धातु से माना है।[6] छंद कहे जाने का तात्पर्य यही है कि ये वेदों के आवरण हैं। गायत्री, उष्णिक, अनुष्टुप बृहति, पंक्ति, त्रिष्टुप् और जगती, ये सात वैदिक हैं। प्रमुख वैदिक छंदों की अक्षर-संख्या इस प्रकार है।[7]

गायत्री	24	उष्णिक	28	अनुष्टुप	32
बृहति	36	पंक्ति	40	त्रिष्टुप	44
जगती	48				

गायत्री द्वारा ब्राह्मण त्रिष्टुप द्वारा क्षत्रिय तथा जगती द्वारा वैश्य के आधान करने का विधान है।[8] 'छन्द' वेदों के पाद हैं।[9] जिस प्रकार पैरों के बिना मनुष्य नहीं चल सकता उसी प्रकार बिना छन्द के वेदों की स्थिति होगी, इसका अनुमान सहज ही किया जा सकता है। वैदिक छंदों का विवेचन 'प्रातिशाख्य ग्रंथों' के अतिरिक्त पिंगलरचित 'छन्द शास्त्र' में मिलता है।

ज्योतिष—वेदांगों में ज्योतिष अंतिम है। वेद की प्रवृत्ति यज्ञ के सम्पादन के लिए है। यज्ञ का विधान विशिष्ट समय की अपेक्षा रखता है। यज्ञ-याग के

---

1 नि० 7 2 पर दुर्गवृत्ति, नाच्छन्दसि वागुच्चरति।

2 ना० शा० 14 45 न छन्दहीनो शब्दोऽस्ति न छन्द शब्दवर्जित ।

3 ऋग्यजु परिशिष्ट, छंदोभूतमिदं सर्वं वाङ्मयं स्याद्विजानत ।
नाच्छन्दसि न चापृष्टे शब्दश्चरति कश्चन ॥

4 युधिष्ठिर मीमांसक, वैदिक छन्दोमीमांसा पृष्ठ 39

5 रा० 7 85 6 छन्दस्सुपरिनिष्ठितान्।
7 36 40 छन्दगतीतथव।

6 नि० 7 19 छन्दांसि छादनात्।

7 ऋ० भा० भू०, पृष्ठ 128
भ० पृ० 329 1 5

8 तै० ब्रा० 1 1 9 6 7 गायत्रीभि ब्राह्मणस्याध्यात् त्रिष्टुभीराजन्यस्य जगतीभिर्वैश्यस्य।

9 पा० शि० 1 41 छन्द पादौ तु वेदस्य।

लिए समय शुद्धि की बड़ी आवश्यकता रहती है। कुछ कृत्य ऐसे हैं जिनका अनुष्ठान किसी विशेष ऋतु अथवा सम्वत्सर में होता है। तैत्तिरीय-ब्राह्मण' का कथन है कि ब्राह्मण वसन्त में अग्नि का आधान करे, क्षत्रिय ग्रीष्म में तथा वैश्य शरद में करे।[1] कुछ यज्ञविशिष्ट मासों तथा पक्षों में किए जाते हैं। प्रातःकाल के समय अग्निहोत्री के लिए अग्नि में घृत अथवा दूध से हवन करने का विधान है।[3] नक्षत्र, तिथि, पक्ष, मास तथा सम्वत्सर का विधान वेदों में पाया जाता है। इन नियमों के यथार्थ निर्वाह के लिए ज्योतिष शास्त्र का ज्ञान नितांत आवश्यक है। यज्ञ के विधान के समय सूर्यादि ग्रहों की स्थिति शुभ राशियों तथा भावों में होनी चाहिए। इस समय शुभ नक्षत्र तथा तिथि का होना आवश्यक है। नीचस्थ ग्रह यज्ञकाल में अशुभकारक होते हैं।[4] वेदांग-ज्योतिष' के अनुसार जिस प्रकार मयूर की शिखा उसके शीर्ष पर रहती है उसी प्रकार ज्योतिष मूर्धस्थानीय है।[5] ज्योतिष वेद पुरुष का चक्षु है। ज्योतिष के ज्ञान के बिना मनुष्य वैदिक कार्यों में चक्षु विहीन पुरुष के समान सर्वथा दृष्टिहीन ही होगा। रामायण' में अन्य विद्वानों के साथ ज्योतिषशास्त्र के ज्ञाताओं का भी उल्लेख है।[6] अश्वमेधयज्ञ में दशरथ शुभदिवस और नक्षत्र में गए थे।[7]

'रामायण में ज्योतिष' का उपयोग यज्ञीय कार्यों के अतिरिक्त भी हुआ है। रामचन्द्र का जन्म चैत्र मास नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था। उस समय कर्क लग्न में बृहस्पति और चन्द्रमा थे। सूर्य, मंगल बृहस्पति, शुक्र और शनि अपने-अपने उच्च स्थानों में थे।[8] सूर्य मेष के दस अंश तक मंगल मकर के अट्ठाईस अंश तक बुध कन्या के पन्द्रह अंश तक, बृहस्पति कर्क के पांच अंश तक, शुक्र मीन के सत्ताईस अंश तक और शनि तुला के बीस अंश तक उच्च कहा गया

---

1 तै० ब्रा० 2 1 1 वसन्ते ब्राह्मणोऽग्निमादधीत, ग्रीष्मे राजन्यो आदधीत शरदि वश्यो आदधीत।
2 ता० ब्रा० 5 9 17 एकाष्टकाया दीक्षेरन् फाल्गुनी पूर्णमासे दीक्षेरन।
3 तै० ब्रा० 2 1 2 प्रातर्जुहोति सायं जुहोति।
4 मु० चि० 9 1 3
5 वे० ज्यो० 4 यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।
क्षत्रियत्व से ब्राह्मणत्व प्राप्त करने के लिए लालायित थे। वसिष्ठ ने इन्हे स्वीकार नही किया। तपोबल से विश्वामित्र ने ब्राह्मणत्व प्राप्त कर लिया। ऋग्वेद के बाद यह आख्यान 'बृहद्देवता',[1] रामायण[2] तथा पुराणों[3] मे प्राप्त होता है। दोनो ऋषियो मे महान सघर्ष दिखाया गया है। वसिष्ठ शबला नामक कामधेनु की सहायता से विश्वामित्र का अन्नपानादि द्वारा अभूतपूर्व स्वागत करते है।[4] विश्वामित्र सेना सहित तृप्त होकर वसिष्ठ से कामधेनु मागते हैं।[5] वसिष्ठ के अस्वीकार करने पर शबला को बलपूर्वक ले जाने का प्रयास करते हैं। शबला बधन छुडाकर वसिष्ठ के पास आकर दुख प्रकट करती है। वसिष्ठ विश्वामित्र के युद्ध मे ब्रह्म बल का प्रयोग करते हैं जिससे विश्वामित्र की पराजय होती है। विश्वामित्र हिमालय पर जाकर तप करते हैं।[6] तप करके वे महादेव को प्रसन्न कर अस्त्र शस्त्र प्राप्त करते हैं। इन आयुधो को प्राप्त कर वे पुन वसिष्ठ पर आक्रमण करते हैं। वशिष्ठ के ब्रह्मदण्ड के सामने विश्वामित्र के सभी आयुध विफल हो जाते हैं।[7] इस पर व ब्राह्मणत्व प्राप्ति का दृढ निश्चय करते हैं। वे दक्षिण दिशा मे जाकर तप करते हैं।[8] जहा ब्रह्मा उन्हे केवल राजर्षि स्वीकार करते है। इन्होने त्रिशकु का यज्ञ करना स्वीकार कर लिया, जिसे वसिष्ठ नही करते। त्रिशकु राजा वसिष्ठो के शाप से चाण्डालत्व को प्राप्त हो चुका था। चाण्डाल के यज्ञ मे देव तथा ऋषि निमन्त्रण स्वीकार नही करते। जिन मुनियो ने यज्ञ मे आमन्त्रण स्वीकार नही किया, उन्हे विश्वामित्र शाप देकर नष्ट कर देते हैं।[9] यज्ञ सम्पन्न करने के पश्चात वे त्रिशकु को सशरीर स्वर्ग भेज देते हैं। त्रिशकु को सशरीर स्वर्ग आया देखकर इन्द्र उसे नीचे गिरा देते हैं। इस पर विश्वामित्र नूतन देव तथा देवलोक निर्माण का निश्चय करते हैं। देवताओ के अनुरोध पर वे इस काय से विरत हो जाते हैं।[10] इसके बाद व पुष्करतीर्थ पर घोर तप करते हैं। राजा अम्बरीष ऋचीक के मध्यमपुत्र शुन शेप को यज्ञ-बलि बनाने के लिए खरीदते हैं। शुन शेप की प्रार्थना पर विश्वामित्र उसकी रक्षा करते है।[11] इसके बाद इन्होने एक-सहस्र वर्ष की घोर तपस्या करके महर्षि पद पाया। एक बार मेनका अप्सरा इनके आश्रम पर आती है जिस पर आसक्त होकर ये दस वर्षों का समय व्यतीत करते है। दस-वर्षों पश्चात उन्हें अपने कुकृत्य पर पश्चाताप होता है। व सम्मानपूर्वक मेनका को विदा करके पुन तप करते हैं। इन्द्र पुन तपोभग के लिए रम्भा नामक अप्सरा भेजते हैं। रम्भा को ये क्रोध से शिला बनने का शाप देकर व घोर तप

---

1 बृ० दे० 4 105 108, 110-120
2 रा० 1 51 64। 3 म० पु० 9 9। 4 रा० 1 51। 5 रा० 1 52
6 तत्रैव, 53। 7 तत्रैव 1 54। 8 तदेव 1 55
9 रा० 1 57 58। 10 तदेव 1 59। 11 तदेव 1 60 61

करने लगे।[1] इसके बाद इन्होंने काम और क्रोध पर विजय पाई। इनकी निष्ठा को देखकर ब्रह्मा इन्हें ब्रह्मर्षि पद प्रदान करने के लिए बाध्य हो जाते हैं। वसिष्ठ भी इसका अनुमोदन करते हैं।[2]

अगस्त्य-वसिष्ठोत्पत्ति—अगस्त्य एवं वसिष्ठ की उत्पत्ति से सम्बद्ध यह आख्यान 'ऋग्वेद' में मिलता है।[3] जब वसिष्ठ देहधारणार्थ ज्योति छोड़ रहे थे तब उन्हें मित्रावरुण ने देखा तथा अगस्त्य ने यहाँ लाया।[4] ये मित्रावरुण तथा उर्वशी के पुत्र हैं।[5] इन्हें ब्रह्मा का मानस पुत्र भी कहा गया है।[6] ये यम द्वारा विस्तृत वस्त्र को बुनने के लिए अप्सरा द्वारा उत्पन्न हुए।[7] निरुक्तकार भी इसी के आधार पर इन्हें मित्र-वरुण तथा उर्वशी का पुत्र मानते हैं।[8] 'बृहद्देवता' में इसी प्रसंग को वर्णित किया गया है।[9] 'रामायण' में यह आख्यान विस्तृत है।[10] यहाँ वसिष्ठ ब्रह्म पुत्र हैं।[11] एक बार इक्ष्वाकु-पुत्र राजा निमि ने वसिष्ठ का ऋत्विक् के रूप में वरण किया परन्तु वसिष्ठ को इन्द्र का यज्ञ करने के लिए जाना पड़ा। वसिष्ठ ने इन्द्र का यज्ञ पूरा होने तक निमि को प्रतीक्षा करने के लिए कहा। निमि ने पुनः गौतम का वरण करके अपना यज्ञ करवा लिया। इन्द्र का यज्ञ पूरा हो जाने पर वसिष्ठ जब लौटे तो उन्हें निमि के यज्ञ पूरा होने का ज्ञान हुआ। उन्होंने क्रोध में आकर निमि को विदेह हो जाने का शाप दिया। इसके पश्चात् वह राजा पुनः देह प्राप्त कर लेने पर भी विदेह के नाम से ही विख्यात हो गया था। स्वयं विदेह होने पर निमि ने भी वसिष्ठ को विदेह होने का शाप दिया। शरीर रहित होकर वायुरूप में वसिष्ठ अपने पिता ब्रह्मा के पास गए और उनसे पुनः देह प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। ब्रह्मा ने उन्हें मित्रावरुण के तेज में प्रविष्ट होने का परामर्श दिया। जब वायुरूप वसिष्ठ वरुणलोक (सागर) गए उस समय मित्र भी वरुणत्व को प्राप्त

---

1 रा० 1 62 63। 2 तदेव 1 64

3 ऋ० 7 33 10 13

4 तत्रैव 7 33 10 विद्युतो ज्योतिः परि संजिहानं मित्रावरुणा यदपश्यतां त्वा।
तत् ते जन्मोतैकं वसिष्ठागस्त्यो यत् त्वा विश आजभार॥

5 तत्रैव 7 33 11 उतासि मैत्रावरुणो वसिष्ठोर्वश्या ब्रह्मन्मनसोऽधिजातः।

6 तत्रैव 7 33 11 ब्रह्मन्मनसोऽधिजातः।

7 तत्रैव 7 33 12 सत्रे ह जाताविषिता नमोभिः कुम्भे रेतः सिषिचतुः समानम्।
ततो ह मान उदियाय मध्यात् ततो जातमृषिमाहुर्वसिष्ठम्।

8 नि० 5 13 तस्या दर्शनान्मित्रावरुणयो रेतश्चस्कन्द।
5 14 अप्यसि मैत्रावरुणो वसिष्ठ। उर्वश्या ब्रह्मन्मनसोऽधिजातः।

9 बृ० दे० 5 155। 10 रा० 7 55 57 (नि० सा०)

11 तदेव 1 64 15 ब्रह्मपुत्रो वसिष्ठः।

होकर यहा रह रहे थे। उसी समय उर्वशी नामक अप्सरा यहा आई। वरुण उर्वशी के सौन्दय को देखकर काममोहित हो गए। उर्वशी द्वारा मित्र का प्रथम वरण की बात जानकर उन्होंने अपना तेज देवनिर्मित कुम्भ म डाल दिया। जब उर्वशी मित्र के पास पहुची तो उन्होंने क्रुद्ध होकर उसे मृत्युलोक म पुरुरवा की पत्नी बनने का शाप दिया[1] देवनिर्मित कुम्भ म मित्र का तेज पहले ही रखा हुआ था। इस कुम्भ स दो महर्षि अगस्त्य एव वसिष्ठ उत्पन्न हुए। प्रथम अगस्त्य का जन्म हुआ था। वे मित्र स यह कहकर अन्यत्र चल गए कि मैं तुम अकेले का पुत्र नही हू।[2] कुछ समय के पश्चात उसी कुम्भ से महात्मा वसिष्ठ का जन्म हुआ।[2] इस कारण उन्ह मित्र तथा वरुण का पुत्र माना गया है। उर्वशी स वे प्रत्यक्ष उत्पन्न नही हुए, प्रत्युत उर्वशी उनके जन्म का कारण बनी, इसलिए इन्ह उर्वशी क मन स उत्पन्न माना गया है। इसके बाद इक्ष्वाकु ने अपने वश क कल्याण क लिए निर्दोष वसिष्ठ का पुरोहित के रूप म वरण कर लिया। भागवत-पुराण म ऋषियो की उत्पत्ति के वणन प्रसग म इस आख्यान का सकेत प्राप्त होता है।[3] 'नरसिंह-पुराण म प्राप्त विवरण क अनुसार[4] काममोहित मित्रावरुण का तेज तीन स्थानो पर गिरा। ये तीन स्थान हैं—कमल, कुम्भ तथा जल। कमल से वसिष्ठ, कुम्भ स अगस्त्य तथा जल स मत्स्य की उत्पत्ति हुई। इसके बाद उर्वशी स्वग चली गई।[5]

गौतम, अहिल्या तथा इन्द्र—यह आख्यान वेदो म प्राप्त नही होता। मुशी राम शर्मा 'ऋग्वेद म जार आ भगम्—'[6] वाक्याश स इस कथा की उत्पत्ति

---

1 रा० 7 56 (नि० सा०)

2 तदेव 7 57 (नि० सा०)

3 भा० पु० 6 18 5 6 अगस्त्यश्च वसिष्ठश्च मित्रावरुणोऋषि।
रेत सिषिचतु कुम्भे उवश्या सन्निधौ द्रुतम्॥

4 न० पु० 6 20 40

5 तदेव 6 35 त्रिधा समभवद्रेत कमलेऽथ स्थले जले।
अरविन्द वसिष्ठस्तु जात मुनिसत्तम
स्थले त्वगस्त्य सम्भूतो जले मत्स्यो महाद्युति ।

6 36 स तत्र जातो मतिमान् वसिष्ठ,
कुम्भे त्वगस्त्य सलिलेऽथ मत्स्य ।
स्थानत्रये तत्पतित समान
मित्रस्य यस्माद्वरुणस्य रेत ॥

6 37 एतस्मिन्नेव काले तु गता सा उर्वशी दिवम् ।

6 ऋ० 10 11 6

की सम्भावना व्यक्त करते हैं।[1] इस कथा का उल्लेख ब्राह्मण-ग्रन्थो मे प्राप्त होता है।[2] तत्तिरीयारण्यक' म प्राप्त विवरण के अनुसार इन्द्र गौतम की पत्नी अहल्या का जार था।[3] 'रामायण'[4] के अनुसार जब सवप्रथम प्रजा निर्माण किया गया था तो वह वण भाषा तथा स्वरूप की दष्टि से समान थी। प्रजा म भिन्नत्व की दष्टि मे ब्रह्मा ने एक सुन्दर स्त्री का निर्माण किया। सर्वाधिक सुन्दर होने के कारण उस स्त्री का नाम अहल्या रखा गया। ब्रह्मा ने महर्षि गौतम के पास उस स्त्री को धरोहर रूप मे रखा, जबकि इन्द्र उस श्रेष्ठ स्त्री को पाना चाहते थे। कुछ समय के पश्चात गौतम ने उस स्त्री को ब्रह्मा को लौटाना चाहा, परन्तु ब्रह्मा ने उसका जितेन्द्रियत्व देखकर पुन उन्हें ही उस स्त्री को पत्नी रूप म समपण कर दिया। अहल्या को गौतम की पत्नी देखकर इन्द्र-सहित सभी देवता निराश हो गए। इन्द्र गौतम के आश्रम म जाकर अहल्या के सतीत्व-हरण मे सफल हुए जिस पर गौतम ने इन्द्र को शाप दे दिया। इसी कारण इन्द्र शत्रुओ म पराजित होते रहे और अपने अभय्य स्थान स च्युत हुए। अहल्या को गौतमने उसके सौन्दय के नाश का वर दिया। तब से बहुत सी प्रजा भी रूप सम्पन्न होने लगी। अहल्या ने गौतम की कृपा प्राप्त करने के लिए इन्द्र के उनका ही रूप धारण करके आने की बात कही और न पहचानने के कारण हुई भूल पर पश्चाताप प्रकट किया। इस पर गौतम ने राम के आगमन पर उस पवित्र होने का वर दिया।[5] 'बाल-काण्ड' म प्राप्त विवरण के अनुसार गौतम ने जब अपना वेष धारण किए हुए इन्द्र को देखा तो उन्हें वृषणरहित होने का शाप दिया था। देवो के अनुरोध पर पितृदेवो ने मष के वृषण इन्द्र म प्रत्यारोपित किए थ।[6] अहल्या को उन्होने सहस्रा वर्षों तक निराहार और अदृश्य रहकर आश्रम म रहने का शाप दिया था।[7] इसके बाद गौतम ऋषि हिमालय क शिखर पर तप करने लगे। अहल्या आश्रम मे ही अदृश्य रहती हुई तप करती रही जब राम उस आश्रम म पहुच तो उस रूप प्राप्त हुए। इसके बाद गौतम न वहा पहुच कर राम का धन्यवाद किया और अहल्या को स्वीकार कर लिया।[8]

---

1 मुन्शी राम शर्मा, वदिक निबधावली पृष्ठ 168
2 श० ब्रा० 3 3 4 18, ज ब्रा० 2 79
3 त० आ० 1 12 4 गौरावस्कन्दिन्नहल्याय जार।
4 रा० 1 47-48,7 5 रा० 7 30
6 तदव 1 47 22 32 48 1 11
7 तदव 1 48 31 वातभक्षा निराहारा तप्यन्ती भस्मशायिनी।
अदृश्या सवभूतानामाश्रमेऽस्मिन्निवत्स्यति ॥ (म० वि०)
8 तदव 1 48 22 23

शुन शेप — ऐतरेय-ब्राह्मण'[1] एव 'शाखायनश्रौतसूत्र'[2] के अनुसार वरुण की कृपा से हरिश्चन्द्र को पुत्र प्राप्ति पुत्र का वरुण को समपण, पुत्र रोहित का पलायन, हरिश्चन्द्र को रोग प्राप्ति, रोहित द्वारा अजीगत के मध्यम पुत्र का यज्ञ बलि के लिए क्रय, विश्वामित्र द्वारा शुन शेप को दत्तक पुत्र बनाना शुन शेप का नाम देवरात रखना, देवकृपा से अजीगत शुन शेप का वध्य-पशु होने से बचना आदि घटनाए नितान्त प्रख्यात हैं। जिन मन्त्रा द्वारा शुन शेप ने वरुण-स्तुति की वे 'ऋग्वेद मे सकलित हैं।[3] वहा केवल इतना ही उल्लेख है कि शुन शेप दवी सहायता से मत्युभय से मुक्त हुए। याजुष-सहिताओ मे यद्यपि कथा का उल्लेख नही है तथापि वहा वरुण द्वारा शुन शेप के गहीत होने का तथा वरुण के पाशा से मुक्ति का वणन मिलता है।[4]

'रामायण म यह कथा कुछ भिन्न रूप म मिलती है।[5] अयोध्या के राजा अम्बरीष का यज्ञ-पशु इन्द्र चुरा लेते हैं। पुरोहित राजा की अनवधानता के कारण यज्ञ पशु की चोरी मानकर उन्हें यज्ञ-समाप्ति के पूव अन्य-पशु अथवा किसी नर को लाने का परामश देते हैं। यज्ञ-पशु की खोज करते हुए अम्बरीष भृगुतुग-पवत पर पत्नी और पुत्रा सहित बठे ऋचीक को देखत हैं। वे एक सहस्र गाए देकर ऋचीक के मध्यम पुत्र शुन शेप को खरीद लेते हैं।[6] जब शुन शेप पुष्कर पहुचा तो वह ऋषियो के समूह म बठे अपने मातुल विश्वामित्र की गोद म गिरकर रक्षाथ प्राथना करने लगा। विश्वामित्र ने अपने पुत्रा से यज्ञ-पशु बनने की प्राथना की, जब उन्होने अपने पिता विश्वामित्र का उपहास किया तो विश्वामित्र ने उन्ह सहस्रा वर्षों तक चाण्डाल होकर रहने का शाप दिया।[7] इन्होने शुन शेप को दो गाथाए बताई। शुन शेप ने मन ही मन म इन्द्र तथा उपेन्द्र की स्तुति की, जिससे प्रसन्न होकर इन्द्र ने उस दीघ जीवी होने का वर दिया।[8]

इस प्रकार 'ऐतरेय-ब्राह्मण तथा 'रामायण म यह आख्यान बहुत भिन्न है।

3 इतर आख्यान

पुरूरवा उवशी—वदिक युग की यह रोमाचक प्रणय कथा ऋग्वद म मिलती

---

1 ऐ० ब्रा० 7 13 18। 2 शा० श्रो० सू० 25 20 1 26 11 1
3 ऋ० 1 24 25।
4 त० स० 5 2 1 3, का० स० 19 11, म० स० 3 2 1
5 रा० 1 59 61। 6 रा० 1 60।
7 तदेव 1 61 17। 8 तदेव 1 61 8 16
9 तदेव 1 [illegible] 18 28

है।[1] इस कथा को रोचक विस्तार 'शतपथ ब्राह्मण' मे दिया गया है।[2] यह शत पथ ब्राह्मण की मरुभूमि म रम्य शान्वल प्रदेश के समान है। उवशी का पुरूरवा से प्रेम हो जाता है। अप्सरा राजा की पत्नी बनने के लिए पुरूरवा से कुछ प्रति नाए करवाती है। प्रतिज्ञाभग क अवसर पर उवशी राजा को छोडकर चली जाती है। विरहाकुल राजा उवशी को हसिनी के रूप म तरत हुए एक सरोवर मे देखत हैं। यहा तक की कथा 'ऋग्वेद से समानता रखती है। उवशी राजा पर द्रवित होकर एक वप पश्चात पुन मिलती है। उस समय वह राजा स कहती है कि तुम्हें प्रात ग धव एक वर देंगे। तुम उनसे अपनी अभीष्ट वस्तु माग लेना। राजा उवशी स ही वर के विषय म पूछता है। उवशी मानव से ग धव बनन का वर मागन को कहती है। गन्धर्वों के कहने पर वह अभीष्ट वर मागता है। ग धव उसे अग्निहोत्र सम्पादन की एसी विधि बतलाते है, जिससे मानव ग धव बन सकता है। ग धव बनने से राजा के एक पुत्र उत्पन्न होता है। उवशी-अप्सरा से मित्रा वरुण द्वारा वसिष्ठ तथा अगस्त्य की उत्पत्ति आश्चयजनक ढग से हुई।[3]

'रामायण क अनुसार पुरूरवा को ठुकराकर उवशी को पश्चाताप हुआ था।[4] उवशी द्वारा वरुण का प्रथम वरण करन पर कुपित होकर मित्र उसे मत्युलोक म निवास करन तथा काशीराज पुरूरवा की पत्नी बनने का शाप देते हैं।[5] पुरूरवा बुध के पुत्र हैं। उवशी शापवश बुध के औरस-पुत्र प्रतिष्ठान-नगरवासी पुरूरवा की पत्नी बनकर वभवशाली और बलाढय आयु नामक पुत्र को जन्म देती है। आयु स इन्द्र के स्थान पर कुछ समय तक राज्य करन वाले नहुष का जन्म होता है। बहुत वर्षों तक पथिवी पर वास करने क पश्चात शापक्षय होने पर उवशी पुन इन्द्रलोक चली गई।[6] यही कथा मत्स्य-पुराण मे कुछ भिन्नता के साथ मिलती है।[7] यहा पुरूरवा को बुध और तारा का अत्यन्त प्रतापी पुत्र कहा गया है जिसके स्वरूप पर मुग्ध होकर उवशी उसकी पत्नी बनी। पुरूरवा न दानवराज केशि को पराजित करके उसस उवशी को छुडाया और इन्द्र को सम पित कर दिया। एक बार उवशी भरतमुनि प्रणीत लक्ष्मीस्वयवर नाटक मे लक्ष्मी का अभिनय कर रही थी। वह पुरूरवा को वहा देखकर अपनी सुध बुध खो बठी। इस पर क्रुद्ध भरतमुनि के शाप स वह पचपन वप तक पथिवी पर सूक्ष्म लता रही

---

1 ऋ० 10 95। 2 श० ब्रा० 11 5 1। 3 ऋ० 10 95 10 17

4 रा० 3 46 18 प्रत्याख्याय हि मा भीरु पश्चाताप गमिष्यसि।
चरणेनाभिहत्येव पुरूरवसमुवसी॥

5 तदेव 7 56 25 बुधस्य पुत्रो राजर्षि काशीराज पुरूरवा।
तमभ्यागच्छ दुर्बुद्धे स त भर्ता भविष्यति॥ (नि० सा०)

6 तत्रैव 7 56 26 29 (नि० सा०)। 7 म० पु० 24 15 33

शाप की समाप्ति पर पुरूरवा और उवशी पति-पत्नी बने।

इला-- ऋग्वेद' म इला अथवा इडा श द एक देवी के लिए प्रयुक्त है।[1] एक स्थल पर अग्नि को इला का पुत्र कहा गया है।[2] 'निघण्टु म इस गो का पर्याय माना गया है।[3] यह देवी दुग्ध और हवि का मानवीकरण है।[4] हवि का प्रतिरूप होने के कारण इडा को घृतहस्त'[5] तथा 'घृतपदी[6] कहा गया है। 'तत्तिरीय संहिता' म इसे घृतपदी गो कहा गया है।[7] 'शतपथ ब्राह्मण के अनुसार यह मनु तथा मत्रावरुण की पुत्री है।[8] पुरूरवा इला का पुत्र है जो ऋग्वेद' क 'पुरूरवा-उवशी सूक्त का नायक तथा ऋषि है।[9] एक स्थल पर इला यूथमाता है तथा उसका सम्ब ध उवशी से है।[10] इतिहास एव पुराणो म इ ही सम्ब धो के कारण इलोपाख्यान की उत्पत्ति हुई।[11] 'मत्स्य पुराण के अनुसार पुरूरवा का पिता बुध तथा माता इला है।[12] यह बुध च द्रमा का पुत्र था।[13]

'रामायण' म इस सम्ब ध म विचित्र आख्यान है।[14] प्राचीनकाल म प्रजापति कदम का पुत्र, बाल्हीक देश का अधिपति इल नामक राजा था। मह दव दत्य, नाग राक्षस, ग धव तथा यक्षो द्वारा पूजित था। वह चत्र मास म सेवको सेना तथा

---

1 ऋ० 6 1 6 8, 10 70 8। 2 तदेव 3 29 9 10। 3 निघण्टु 2 11

4 मक्डानल वदिक देवशास्त्र प० 324

5 ऋ० 7 16 8 येपामिळा घृतहस्ता।

6 तदेव 10 70 8 हुवीपीळा देवी घृतपदी जुप त। 7 त० स० 2 6 7

8 श० 1 8 1 8 ता होचतु कासीति। मनोदुहितेति।

11 5 3 5 स होवाच। इडव मे मान यग्निहोत्री।

1 8 1 27 उतमत्रावरुणीति।

14 9 4 27 इडासि मत्रावरुणी वीरे वीरमजीजनथा।

9 ऋ० 10 95 18 इति त्वा देवा इम आहुरळ यथमेतदभवसि मत्यु ब धु।
कपिलदेव शास्त्री, वदिक ऋषि एक परिशीलन, प० 139

10 ऋ० 5 41 19 अभि न इळा यूथस्य माता स्म नदीभिरुवशी वा गृणातु।

11 गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी, पुराण परिशीलन प० 215

12 म० पु० 24 9 10 इलोदरे च धर्मिष्ठ बुध पुत्रमजीजनत।
पुरूरवा इति ख्यात सवलोकनमस्कृत।

13 म० पु० 24 8 रान सोमस्य पुत्रत्वाद् राजपुत्रो बुध स्मृत।

14 म० पु० उवाच प्राञ्जलि सा त सोमस्येति पितामहम।
तत पितामहो ब्रह्मा ददौ सोमस्य राजा बालकम।
तदा त मूर्ध्नि चाघ्राय सोमो राजा प्रजापति।
बुध इत्यकरो नाम तस्य बालस्य धीमत॥

वाहनो के साथ रमणीय वन मे मगया के लिए गया। उस वन म कार्तिकेय की उत्पत्ति हुई थी। वहा जो भी प्रवेश कर जाता, वह स्त्री रूप मे परिणत हो जाता था। वह वन शकर एव पावती का क्रीडा स्थल था। वह अपने अनुचरो सहित स्त्री रूप म परिणत हो गया। वह अपनी अवस्था से दुखी होकर शकर की शरण म गया। उन्होने उसे पुरुपत्व देना स्वीकार नही किया। शकर का अधवर देने वाली उमा मे उसने एक मास पुरुष तथा एक मास स्त्री रहन का वर माग लिया। इसके पश्चात वह एक मास राजा इल तथा एक मास इला नामक सुदरी वन जाता था। उसके पुरुष होने पर स्त्रीत्व का तथा स्त्री होने पर पुरुपत्व का स्मरण नहीं रहता था। एक बार जब इला वन मे सखिया सहित भ्रमण कर रही थी तो उसने सरोवर के जल म तपस्या करत हुए सामपुत्र बुध को देखा। बुध उसके सौदय को देखकर जल से बाहर आए तथा सखिया सहित इला के सम्बध म जाना। इला की सखिया को बुध ने किपुरुषी के नाम स प्रसिद्ध होकर उसी पवत पर रहने की आना दी। इसके बाद वह इला के साथ जीवन व्यतीत करन लगा। वैशाख का एक मास बीतन पर जब वह पुरुप रूप मे अपनी शय्या से उठा तो उसने बुध स अपनी सेना तथा अनुचरा के विषय मे प्रश्न किया। बुध ने उसे सान्त्वना दी तथा वप भर वहीं रुकने का आग्रह किया। बहुत अधिक आग्रह पर इल ने वहा रहना स्वीकार कर लिया। इसक पश्चात वह स्त्री रूप म बुध के पास एक मास रहती थी। एक मास पुरुपत्व प्राप्त हान पर वह अपना चित्त धम की ओर लगाता था। नवें मास इला से पुरूरवा नामक पुत्र का जन्म हुआ। सम्वत्सर के अवशिष्ट भाग म बुध ने जितेंद्रिय रहकर धमयुक्त कथाए सुनाकर इल का मन बहलाया। बुध ने अनेक ऋषिया को वहा बुलाया। प्रजापति कदम भी वहा पहुचे तथा उन्होने शकर की प्रसन्नता क लिए अश्वमेध का परामश दिया। मरुत्त नाम क राजर्षि ने बुध क आश्रम क निकट यज्ञ किया, जिसस प्रसन्न होकर शकर न इल को पुरुपत्व प्रदान किया। इसक बाद इल बाल्हीक देश को छोडकर प्रतिष्ठान नगर म राज्य करने लगा। इसकी मत्यु पर यहा का राजा पुरूरवा बना।

सप्ट्युत्पत्ति—'ऋग्वेद' के पुरुष-सूक्त म जगत की उत्पत्ति एक विशाल आकार के पुरुष म बताई गई है।[1] इसक अनुसार देवताओ न एक यज्ञ किया। हवि रूप पुरुष का सिर आकाश बन गया, नाभि वायु तथा उसके चरण धरती बन गए। उसके मन स चद्रमा, चक्षु स सूय मुख से इद्र तथा अग्नि और प्राण से वायु की उत्पत्ति हुई। इसका मुख ब्राह्मण, भुजाए क्षत्रिय ऊरू वश्य तथा चरण शूद्र बन। अथववेद' तथा 'उपनिषदो[3] म इस पुरुष को विश्व से अभिन्न कहा

1 ऋ०10 90। 2 अथव० 10 2। 3 मु० उ० I 10 पुरुष एवेद विश्वम्।

गया है। शतपथ-ब्राह्मण के अनुसार पुरुष वही है जो स्रष्टा प्रजापति है।[1] छान्दोग्योपनिषद में इसी पुरुष का ब्रह्म से तादात्म्य स्थापित किया गया है।[2]

ऋग्वेद में ही असत से सत की उत्पत्ति भी कही गई है।[3] इसके अनुसार पहले पृथिवी, आकाश और अदिति उत्पन्न हुए। अदिति के साथ आठ दक्ष जन्मे। इसके बाद देवताओं की उत्पत्ति हुई। देवताओं ने सूर्य को बनाया। अदिति के आठ पुत्र हुए। आठवें पुत्र मार्त्तण्ड को उसने जन्म मरण के लिए रखा तथा दूर फेंक दिया। यहां तीन स्तर प्रत्यक्ष हैं —पहले सृष्टि फिर देवता तथा अन्त में सूर्य की रचना।

'ऋग्वेद[4] में यह अनुमान लगाया गया है कि आरम्भ में कुछ नहीं था, केवल शून्य था। यह सब अविविक्त जल तथा अन्धकार से प्रछन्न था। वहां एक तत्त्व तपस से उत्पन्न हुआ। उसके बाद मन का प्रथम बीज काम उत्पन्न हुआ। सत और असत के मध्य एक कड़ी थी। इसके आविर्भाव से देवता उत्पन्न हुए।

'तैत्तिरीय-ब्राह्मण के अनुसार आरम्भ में कुछ नहीं था न स्वर्ग न पृथिवी और न ही अन्तरिक्ष।[5] छान्दोग्योपनिषद में कहा है कि सत-असत बना। सत अण्डाकार बनकर फट गया। इससे द्युलोक तथा पृथिवी बने। जो कुछ भी उत्पन्न हुआ वह सूर्य है तथा ब्रह्म है।[6] बृहदारण्यकोपनिषद में कहा है कि आरम्भ में जगत जल था। उससे सत्य उत्पन्न हुआ। सत्य से ब्रह्म ब्रह्म से प्रजापति तथा प्रजापति से देवता उत्पन्न हुए।[7]

अथर्ववेद में विश्वदेव स्कम्भ, प्राण, रोहित और काम आदि नाम जगत के स्रष्टा के रूप में आते हैं।[8] वेदों में पुरुष अथवा हिरण्यगर्भ सृष्टि का जनक कहा गया है। ब्राह्मणों में यही प्रजापति बना। तैत्तिरीयारण्यक के अनुसार प्रजापति की सर्वप्रथम उत्पत्ति हुई।[9] ये पुष्कर पर्ण पर उत्पन्न हुए थे। इन्होंने तप करके अपने शरीर के रस से कूर्म उत्पन्न किया। यह कूर्म पहले ब्रह्म रूप था। इसने प्रजापति से शरीर धारण किया तथा आगे सृष्टि की।

'शतपथ ब्राह्मण में भी सृष्टि विषयक अनेक आख्यान हैं। ये सभी प्रजापति

---

1 श० ब्रा० 11 1 6 2 तत सम्वत्सर पुरुष समभवत। 2 छा० उ० 1 7 5।
3 ऋ० 10 72। 4 तदेव 10 82, 129।
5 तै० ब्रा० 2 2 9 1 न द्यौरासीत न पृथिवी नान्तरिक्षम तदसदेव सन्मनो कुरुत स्यामिति।
6 छा० उ० 3 19 1 4
7 बृ० उ० 5 5 1 आप एवेदमग्र आसुस्ता आप सत्यमसृजन्त सत्य ब्रह्म ब्रह्म प्रजापति प्रजापतिर्देवान।
8 अथर्व० 6 2, 15 1, 9 7, 10 8   9 तै० आ० 1 23 3।

से सम्बद्ध हैं, जिनम प्रजापति सृष्टि के लिए अपने को कष्ट देत हैं, तप करते हैं, अन सष्टि के बाद व दुबल, क्षीण एव शक्तिहीन हो जात हैं। एक आख्यान के अनुसार प्रजापति न तप स पक्षी, सरीसप तथा सर्पादि उत्पन्न किए जो उत्पन्न हान ही नष्ट हो गए।[1] अब प्रजापति ने स्तनपायी जीव उत्पन्न किए जो जीवित रहे। एक अन्य स्थल पर प्रजापति द्वारा अपन अगा से सृष्टि की उत्पत्ति का उल्लेख है[2] जिसक अनुसार मन या मस्तिष्क से उत्पन्न होन क कारण मनुष्य सब श्रेष्ठ माना गया। प्रजापति ने आख से अश्व, श्वास स धेनु कण म मेष एव वाणी स अज को उत्पन्न किया। इस प्रकार मनुष्य सभी प्राणियों म शक्तिशाली हुआ। एक आख्यान क अनुसार प्रारम्भ म केवल असत् ऋषि ही था, जिसन तप से सात पुरुष उत्पन्न किए, जिन्हें मिलाकर प्रजापति बना।[3] प्रजापति ने तप स ब्रह्म को उत्पन्न किया, जो सबकी आधार भित्ति है। इस पर अवस्थित होकर प्रजापति न पुन तप किया, जिसस सवप्रथम जल उत्पन्न हुआ। वेद की सहायता से उन्होंने अण्ड भी उत्पन्न किया, जिससे अग्नि की उत्पत्ति हुई और उसका कोष पृथिवी बन गया।

रामायण' म एक स्थल पर अगस्त्य ऋषि सृष्टि क सम्बन्ध म कहत हैं[4] कि सलिल सम्भव प्रजापति न सव प्रथम जल उत्पन्न किया। उस जल की रक्षा के लिए कुछ प्राणी बनाए। वे प्राणी क्षुधा से व्याकुल होकर प्रजापति से पूछने लगे कि हम क्या करें। प्रजापति ने जल की रक्षा करने के लिए कहा। इस पर जिन्होंने 'रक्षाम' कहा व राक्षस कहलाए तथा जिन्हान यक्षाम' कहा, व यक्ष कहलाए। एक अन्य स्थल पर वसिष्ठ जगत की उत्पत्ति के विषय म कहत हैं[5] कि पहले सवत्र जल ही जल था। उस जल स पृथिवी उत्पन्न हुई। इसक बाद स्वयम्भू ब्रह्मा इतर दवताओ क साथ प्रकट हुए। ब्रह्मा न वराह[6] बनकर पृथिवी को जल स बाहर निकाला और उन्हाने ही जितेन्द्रिय पुत्रो सहित सारे ससार को उत्पन्न किया। ये पुत्र सप्तदश प्रजापति थे। नित्य शाश्वत और अव्यय ब्रह्मदेव आकाश से उत्पन्न हुए। उनस मरीचि और मरीचि से कश्यप कश्यप से विवस्वान् और विवस्वान् से मनु उत्पन्न हुए। मनु के पुत्र इक्ष्वाकु हुए जिन्हे सवप्रथम समद पृथिवी प्रदान करके राजा बनाया गया। इसी प्रकार आगे इक्ष्वाकु वश चल गया।

1 श० ब्रा० 2 5 1 1 3 । 2 तदेव 7 5 2 6
3 तदेव 6 1 1
4 रा० 7 4 9 13 । 5 तदेव 2 102 3 9
6 तदव 2 102 3 पर (अ०) स भगवान ब्रह्मा वराह स्वपरमूर्तिपृथिवीतरव प्रधान धरणीवराहविष्णवात्मका।

एक अय स्थल पर जटायु राम को सष्टि के विषय म बताते हैं कि भगवान् ब्रह्मा के सग काल म सप्तदश प्रजापति हुए जिनके नाम हैं—कदम, विकृत, शेष, सश्रव बहुपुत्र स्थाणु मरीचि, अत्रि, ऋतु, पुलस्त्य, अगिरा, प्रचेता पुलह, दक्ष, विवस्वान अरिष्टनमि तथा कश्यप। ये सभी प्रजापति सष्टि क उत्पादक कहे गए हैं। प्रजापति दक्ष के साठ कयाए हुइ, जिनम से आठ का विवाह कश्यप से हुआ। इन आठ के नाम अदिति, दिति, दनु कालिका, ताम्रा क्रोधवशा मनु तथा अनला थे। इनमे अदिति से तंतीस देवता, दिति स दत्य दनु स अश्वग्रीव तथा कालिका से नरक तथा कालक उत्पन हुए। ताम्रा न क्रौंची भासी, श्येनी धतराष्ट्री तथा शुकी नामक पाच कयाओ को जम दिया। क्रौंची स उल्लू, भासी स भास, श्येनी से श्येन एव गद्ध, घृतराष्ट्री से हस कलहस तथा चक्रवाक और शुकी स नता 'जो विनता की माता थी', उत्पन हुई। क्रोधवशा स मगी मृगमदा हरि, भद्रमदा' मातगी, शादूली श्वेता सुरभि, सवलक्षण सम्पन्ना सुरसा तथा कद्रुका नामक दस कयाए उत्पन हुई। मगी के पुत्र मग कहलाए। मगमदा से ऋक्ष समर, चमर, हरि तथा वानर हुए। भद्रमदा से इरावती नामक कया हुई जिसका पुत्र एरावत महागज हुआ। हरि से सिंह, वानर तथा गोलागूल उत्पन हुए। शादूली ने याघ्रो को जम दिया। मातगी से विशाल गज उत्पन हुए। श्वता स दिग्गज उत्पन हुए। सुरभि की रोहिणी तथा गधर्वी नाम्नी दो पुत्रिया उत्पन्न हुई। रोहिणी से गो तथा गधर्वी से अश्व हुए। सुरसा न नागो को तथा कद्रुका ने पनगो को उत्पन्न किया।

मनु स मनुष्य उत्पन हुए। मनुष्यो म ब्राह्मण क्षत्रिय, वश्य तथा शूद्र जातिया थी। मनु स ही पुण्य फल, बक्ष तथा अनल भी हुए। रावण का जम पौलस्त्यवश मे कहा गया है *जबकि पुलस्त्य का नाम भी प्रजापतियो म आया है।* विनता क दो पुत्रो से क्रमश जटायु और सम्पाति भी उत्पन हुए।

यह सष्टिक्रम ववस्वत मवतर प्रकार स वर्णित बताया गया है।[1]

---

1 रा० 3 14 30 पर (भू०) अय च सष्टि क्रम ववस्वतमवत्तरप्रकार.।

षष्ठ अध्याय

रामायण मे वर्णित वैदिक-यज्ञयाग

यज्ञ—वदिक धम की प्रमुख विशेषता 'यज्ञ' है। पहले यज्ञ शब्द यजन, पूजन अथवा उपासना के सामान्य अथ म प्रयुक्त होता था, किन्तु बाद म अग्नि म आहुति देने के साथ अनेक प्रकार की क्रियाओ से युक्त अनुष्ठान को ही 'यज्ञ' समझा जाता रहा है। देवता के नाम पर द्रव्य त्याग ही याग है।[1] अशेष ब्राह्मण ग्रन्थ यज्ञ प्रपचो से परिपूण है। यज्ञ विवरण याजुष सहिताओ से आरम्भ होकर ब्राह्मण एव परवर्ती सूत्रो म इतना अधिक बढ गया कि उसे अनन्त कहा जा सकता है। श्रुति में वदिक-कर्मों को पाच भागो म विभक्त किया गया है—अग्निहोत्र दशपूणमास, चातुर्मास्य, पशु और साम।[2] 'गौतम धम-सूत्र' के अनुसार यज्ञो का विभाजन निम्न प्रकार स है—

1 पाकयज्ञ सस्था अष्टका, पार्वण श्राद्ध, श्रावणी, आग्रहायणी, चैत्री तथा आश्वयुजी।[3]

2 हविर्यज्ञ सस्था अग्न्याधेय अग्निहोत्र दशपूणमास, आग्रायण, चातुर्मास्य, निरुढपशुबन्ध तथा सौत्रामणी।[4]

3 सोमयज्ञ-सस्था अग्निष्टोम अत्यग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, वाजपेय, अतिरात्र तथा आप्तोर्याम।[5]

प्रथम पाकयज्ञ सस्था गृह्य सूत्रो के अन्तगत आती है। गृह्यकम केवल गार्हपत्य-अग्नि मे ही गृहस्थो द्वारा किए जाते हैं। इसमे पक्वान्न की आहुतिया दी

---

1 का० श्रौ०सू० 1 2 2 द्रव्य देवता त्याग।

2 ऐ०ब्रा० 2 3 3 4 स एष यज्ञ पचविधोऽग्निहोत्र, दर्शपूणमासो चातुर्मास्यानि पशु सोम।

3 गौ० ध० सू० 8 16 अष्टका पार्वण श्राद्ध श्रावण्याग्रहायणी चत्र्याश्वयुजीति सप्तपाकयज्ञसस्था।

4 तदेव 8 17 अग्न्याधेयमग्निहोत्र दर्शपौर्णमासावाग्रायण चातुर्मास्यानि निरुढपशुबन्ध सौत्रामणीति सप्त हविर्यज्ञसस्था।

5 गौ० ध० सू० 8 18 अग्निष्टोमोऽत्यग्निष्टोमो उक्थ्य षोडशी वाजपेयोऽति रात्रोऽप्तोर्याम इति सप्त सोमसस्था।

जाती हैं परन्तु हवि तथा सोमयन सस्था का स्थान श्रौतसूत्रो म श्रौतकर्मों के अन्तगत है। श्रौतकम त्रिविधाग्नि म सपत्नीक सम्पादित होते हैं। इनम एक से लेकर सोलह तक ऋत्विजो की आवश्यकता होती है। इनके लिए वसन्त म ब्राह्मण, ग्रीष्म मे राजन्य और वर्षा म वैश्य अग्नि का आधान करता है।[1] तीनवण अमावस्या को अग्नि का आधान करते है।[2] पुत्रवान और कृष्णकेशों वाला व्यक्ति ही अग्नि का आधान कर सकता है।[3] यदि अनुष्ठान मध्य म विच्छिन्न हो जाए तो पुन अग्नियो का आधान कर यज्ञ सम्पादन किया जाता है।

I श्रौत यज्ञ

'रामायण म कुछ वदिक यज्ञो का विस्तृत विवेचन मिलता है, कुछ का केवल उल्लेखमात्र है। विशाल-यज्ञो मे अश्वमेध सर्वाधिक महत्वपूण है। इस यज्ञ म एक अश्व को छोडा जाता था, जिसका चोरी हो जाना एक बडा विघ्न माना जाता था। पशु चोरी हो जाने पर अम्बरीष का पशु के स्थान पर मनुष्य शुन शेप को क्रय करना पडा।[4] सगर का पशु ढूढने के लिए उसके साठ हजार पुत्रो का नाश हुआ।[5] राजा अग्नियो म हवि देने के लिए बुद्धिमान एव विद्वान ऋत्विजो को नियुक्त करते थे। उन्हे होम की सूचना समय समय पर मिलती थी।[6] राम के वनवास चल जाने पर उन्हे वन स राज्य ग्रहणाथ लौटाने के लिए नास्तिकमत का अवलम्बन करते हुए यागादि की निन्दा करते हैं, जबकि राम उसका खण्डन करते हुए प्रशसा करते हैं।[8]

अग्निष्टोम— रामायण म दशरथ के अग्निष्टोम प्रभति यज्ञ करने का सकेत मिलता है।[9] यह यज्ञ सोम यागो म सरल तथा सामान्य है। यह एकाह सोमयागो म प्रकृति-याग है। इसकी तयारी म चार दिनो का समय लग जाता है। पाचवें दिन सुत्या होती है। इसम प्रात माध्यन्दिन एव साय तीन सवन होते हैं। तीनो सवनों म सोमाभिषव ग्रह ग्रहण और उसके होमादि का अनुष्ठान होता

---

1 श०ब्रा० 2 1 3 5 वसन्ते ब्राह्मणोऽग्निमादधीत ग्रीष्मे राजन्यो वर्षासु वश्य ।

2 का० श्रौ० सू० 4 7 1 अमावस्यायामग्न्याधेयम ।

3 सूयकान्त वदिक कोश पृष्ठ 392 पर
उन्धृत जातपुत्र कृष्णकेशोऽग्निमादधीत ।

4 रा० 1 60 21 22 । 5 तदेव 1 39 28

6 तदेव 2 94 8 कच्चिदग्निषु ते युक्तो विधिज्ञो मतिमानजु ।
हुत च हाय्यमाण च काले वेदयते सदा ॥

7 तदव 2 100 12 17 । 8 तदेव 2 101

9 रा० 4 4 8 अग्निष्टोमादिभियज्ञैरिष्ट्वानाप्तदक्षिण (म० वि०)

है। इसमें अग्नि तथा सोम के लिए पशुयाग किया जाता है।[2] यह सोमयाग 'अग्निष्टोमसंस्थ' होने से 'अग्निष्टोम' कहलाता है। 'अग्निष्टोम' सामवेद के गीता का नाम है। संस्थ' शब्द समाप्तिवाची है। इस यज्ञ के अन्त में 'अग्निष्टोम' सामन गाया जाता है।[2] इसका आयोजन वसन्तऋतु में होता है।[3] इसमें षोडश ऋत्विज कार्य करते हैं।[4]

अग्निहोत्र—अग्निहोत्र' सरल परन्तु महत्वपूर्ण कर्म है। यह प्रातः सूर्योदय से पूर्व सायं[5] सूर्यास्त के पश्चात्[6] किया जाता है। 'रामायण' में सन्ध्यावन्दन, गायत्री-जप के पश्चात् अग्निहोत्र के अनुष्ठान का विधान है।[7] जब विश्वामित्र के आश्रम में प्रातः राम और लक्ष्मण उठे तो उन्होंने अग्निहोत्र करके आसन पर विराजमान विश्वामित्र को प्रणाम किया।[8] जब राम लक्ष्मण और सीता शरभंग के आश्रम पर पहुंचे तो वे अग्निहोत्र समाप्त कर चुके थे।[9] रावण नित्य अग्नि होत्र करता था, इसलिए उसकी चिता को उसी अग्नि से प्रज्वलित किया गया।[10] 'रामायण' में सामान्य गृहस्थी तथा ऋषियों के अग्निहोत्र करने का उल्लेख मिलता है।[11] यद्यपि अग्निहोत्र का अनुष्ठान घोर विपत्ति में फंस जाने पर भी आवश्यक बताया गया है,[12] तथापि राम के विरह में अयोध्यावासियों ने अग्निहोत्र नहीं किया।[13] अग्निदेवतोद्देश्यक प्रवृत्ति के कारण इस कर्म का नाम अग्निहोत्र पड़ा। इसका अधिकारी वही है जिसने त्रेताग्नि की स्थापना कर ली हो। इसमें हवि

---

1 का० श्रौ० सू० 7 1 10 9

2 सूर्यकान्त, पूर्वोद्धृत कोश, पृष्ठ 399 409
कमला प्रसाद सिंह ए क्रिटिकल स्टडी आफ कात्यायन-श्रौतसूत्र, पृष्ठ 86 94

3 का० श्रौ० सू० 7 1 5 वसन्तेऽग्निष्टोम ।

4 तदेव 7 1 7 षोडशर्त्विज ।

5 का० श्रौ० सू० 4 15 1 प्रातर्जुहोत्यनुदिते ।

6 तदेव 4 14 6 अस्तमितेजुहोति ।

7 रा० 1 34 9 तत स्नात्वा यथान्याय सतर्प्य पितृदेवता ।
हुत्वा चैवाग्निहोत्राणि प्राश्य चामृतवद्धवि ॥

8 तदेव 1 29 20 हुताग्निहोत्रमासीन विश्वामित्रमवन्दताम् । (म० वि०)

9 तदेव 3 4 20 अग्निहोत्रमुपासीन शरभङ्गमुपागमत् ।

10 तदेव 6 111 103 रावणस्याग्निहोत्र तु निर्वापयति स त्वरम् ।

11 तदेव 1 34 9 2 36 9, 2 48 11, 2 69 13, 2 86 2 2 111 5
3 4 21, 7 9 14

12 का० श्रौ० सू० 4 13 4 नित्यो दक्षिणाग्नि पर कक्रमाप्य

13 रा० 2 36 9 नाग्निहोत्राण्यहूयन्त नापचन् गृहमेधिन ।

द्रव्य मुख्यत दुग्ध है,[1] परन्तु ग्राम की कामना वाला यवागु[2] बल की कामना वाला तण्डुल[3] इन्द्रिय की कामनावाला दधि[4] तथा तेज की कामना वाला घृत से हवन करता है।[5] दक्षिणाग्नि नित्य प्रज्वलित रहती है।[6] यजमान नियमानुसार आहवनीय अग्नि की ओर मध्य से गमन करता है और पत्नी के दक्षिण मे बठती है।[7] इसके बाद एक पुवत्सा गो का दक्षिण की ओर से दोहन किया जाता है।[8] दूध को दूसरे पात्र मे डालकर गार्हपत्य अग्नि के अगारो पर गम किया जाता है।[9] अब यजमान पलाश की समिध आहवनीय अग्नि म डालता है।[10] इसके जलने पर प्रथम हवि दी जाती है।[11] इसके बाद स्रुक को कूच पर रखकर गार्हपत्य-अग्नि का सम्यक अवलोकन किया जाता है।[12] अब पुन स्रुक से अधिक मात्रा मे दुग्ध की आहुति दी जाती है।[13] इसके बाद गार्हपत्य अग्नि म भी समिध मौन अवस्था म डालकर प्रथम तथा द्वितीय हवि दी जाती है।[14] इसी प्रकार दक्षिणाग्नि म भी दो आहुतिया दी जाती हैं।[15] इसके पश्चात स्रुक स शेष हवि का अनामिका स दो बार प्राशन किया जाता है।[16] इसके बाद जल स देव, पित तथा ऋषियो के लिए

1 का० श्रौ० सू० 4 15 20 पयसा स्वगकाम पशुकामो वा।
2 तदेव 4 15 21 यवाग्वा ग्रामकाम ।
3 तदेव 4 15 22 तण्डुलबलकाम ।
4 तदेव 4 15 23 दध्नेन्द्रियकाम ।
5 तदेव 4 15 25 घतन तेजस्काम ।
6 तदेव 4 13 4 नित्यो दक्षिणाग्नि।
7 तदेव 4 13 12 13 अन्तरेणापरागना गत्वा दक्षिणेन वा प्रदक्षिणमाहवनीय परीत्योपविशति यजमान । पत्नी च पूववत्।
8 तदेव 4 14 1 अग्निहोत्री दोहयति पुवत्सामशूद्रेण।
9 तत्रैव 4 14 2 पूर्वेणाहवनीयमाहृत्य गाहपत्येऽधिश्रयत्युत्तरतो निरूह्यागारान।
10 तदेव 4 14 13 मध्ये निगृह्योदगहोपविश्य समिधमाधानि।
11 तत्रैव 4 14 14 प्रदीप्तामभिजुहोति।
12 तदेव 4 14 16 कूर्चे निधाय गाहपत्यमवेक्षत होष्यन्नग्निम्।
13 तत्रैव 4 14 17 तूष्णीमुत्तरा भूयसीम।
14 का० श्रौ० सू० 4 14 22 23 इतरयाश्च पुष्टिकाम स्या या स्रुवेण । तूष्णीं द्वितीयाम।
15 तत्रैव 4 14 24 25 अग्नयेऽन्नायान्नपतये स्वाहेति दक्षिणाग्नो । तूष्णीं द्वितीयाम्।
16 तत्रैव 4 4 26 अनामिकया द्वि प्राश्नाति।

पथिवी पर तपण किया जाता है।[1] अव तीन समिध तीनों अग्नियों में डालने के पश्चात यह यज्ञ समाप्त हो जाता है।[2] यहा सायकाल अग्नि मुख्य देवता होता है और प्रजापति स्विष्टकृत् स्थान का अग देवता होता है। इसी प्रकार प्रात सूय मुख्य तथा प्रजापति अग देवता होता है।

दशपूणमास—'रामायण' मे वसिष्ठ द्वारा दशपूणमास यज्ञों का किए जान का सकेत मिलता है।[3] सभी इष्टियो की प्रकृति होने के कारण य याग महत्त्वपूर्ण हैं।[4] क्रमश अमावस्या तथा पूर्णिमा के दिन अनुष्ठान होन के कारण इनका नाम दशपूणमास पड़ा। पूर्णिमा को अग्नि के लिए अष्टादशकपालपुरोडाशयाग, अग्नि तथा सोम के लिए आज्यद्रव्यकउपाशुयाग तथा अग्नि एव सोम क लिए ही एका दशकपालपुरोडाशयाग ये तीन याग होते हैं। अमावस्या को अग्नि के लिए पुरोडाशयाग इन्द्रदेवता के लिए पुरोडाशयाग तथा इन्द्र के ही लिए पयोद्रव्यकयाग। पूर्णिमा को याग के लिए दो दिन लगते हैं जबकि दश के लिए एक दिन। प्रारभिक क्रियाओ को एक दिन पूव कर लिया जाता है। इसका वास्तविक आयोजन प्रतिपदा को होता है।[5] इसमे अन्याधान अध्वयु या यजमान करता है।[6] यजमान पहले दिन अरण्य-औषधियो का खाता हुआ[7] गाहपत्य और आहवनीय-आगार मे शयन करता है।[8] यदि याग एक ही दिन म करने की इच्छा हो तो सभी काय प्रात प्रतिपदा के दिन ही कर लिए जाते हैं।[9] प्रात अग्निहोत्र के पश्चात ब्रह्मा का वरण किया जाता है।[10] इसके बाद यज्ञीय-पात्रों का सग्रह करके तण्डुल-पेषण तथा उपाधान कम एक साथ किए जाते हैं।[11] इसके बाद अग्नि तथा सोम के लिए दो पुरोडाश तयार किए जाते हैं।[12] आज्य की आहुतिया के पश्चात्

1 तदेव 4 14 27 28 उत्सृप्य निर्लेपयाचम्योत्सिचति, दर्वा त्रन्व पितृभ्यिजन्व तृतीयामुदुक्षति सप्त ऋषीभ्यिन्विति। चतुर्थी मूत्रस्थाने त्रीनिपिभ्यति ।
2 तदेव 4 14 30 समिध आदधाति सर्वेषु ।
3 रा० 1 52 23 दशश्च पूणमासश्च यज्ञाश्चवाप्तदक्षिणा।
4 आ० श्रौ० सू० 24 3 32 दशपूणमासाविष्टिनाना प्रकृति।
5 का० श्रौ० सू० 2 1 1 पूर्वां पौणमासीमत्तरा वोत्सृत्।
6 तदेव 2 1 2 अग्न्याधानमध्वयुयजमानो वा।
7 तदेव 2 1 14 वक्षारण्ययोषधीनामश्नीयाद्वा।
8 तदेव 2 1 15 आहवनीयगहशाय्यधा गाहपत्यस्य वा।
9 तदेव 2 1 16 सद्यो वा प्रात ।
10 तदव 2 0 17 अग्निहोत्र हुत्वा ब्रह्माण वणाते।
11 तदव 2,4 24 पपणोपधाने युगपत्।
12 तदेव 2 5 19 धर्मोऽसीति पुरोडाशौ युगपत्।

मुख्य याग मे पूर्णिमा की प्रतिपदा को प्रथम पुरोडाश अग्नि तथा द्वितीय अग्नि सोम को दिया जाता है जबकि दश मे द्वितीय इन्द्राग्नि को दिया जाता है। इन दोनो हवियो के मध्य एक आज्याहुति अग्नि-सोम अथवा विष्णु को दी जाती है।[1] यदि यजमान ने सोमयाग कर लिया हो तो दश मे प्रथम पुरोडाश के पश्चात् इन्द्र अथवा महेन्द्र को सानाय्य की आहुति देने का विधान है।[2] सानाय्य दुग्ध तथा दधि का मिश्रण होता है। इसके बाद इन्ही देवो को दुग्ध तथा दधि की हवि दी जाती है।[3] जिन्होने सोमयाग का अनुष्ठान नही किया उनके लिए सानाय्य की हवि का विधान वकल्पिक है।[4] इसके पश्चात स्विष्टकृद्धवि देकर यजमान और पुरोहित हवि प्राशन करते हैं।[5] इस याग मे दक्षिणाग्नि पर पका हुआ अन्वाहार्य ओदन दक्षिणा होती है।[6] सभी देवो को दी जाने वाली सयुक्त हवि के पश्चात[7] पत्नी सयाज म सोम, त्वष्टा देवाना पत्नी तथा अग्नि के लिए होम होता है।[8] ये हविया दक्षिणाग्नि म तूष्णीक दी जाती है।[9] कुशा अग्नि मे डालकर[10] तीन पग चलकर *विष्णुक्रमण किया जाता है।*[11] *अन्त मे यजमान व्रत विसर्जन करता है।*[12]

अश्वमेध—श्रौतयागो मे महत्त्वपूर्ण अश्वमेध-यज्ञ का आयोजन अभिषिक्त एव सार्वभौम सम्राट बनने के अभिलाषी राजा द्वारा किया जाता है।[13] इसे सब यज्ञो का राजा कहा गया है।[14] सभी देव इस यज्ञ म आते है। इस यज्ञ का करने वाला सब दिशाओ म विजय प्राप्त करता है।[15] यद्यपि इसका सवन समय तीन दिन का

---

1 का० श्रौ० सू० 3 3 23 पुरोडाशावन्तरेणाग्नीषोमा उपांशुयाज्यस्य।

2 तदेव 4 2 10 ऐन्द्र भवति माहेन्द्र वा।

3 तदेव 4 2 45 सोमयाजी सन्नयेत।

4 तदेव 4 2 26 कामादितर ।

5 तदेव 3 3 25 यावद्धविरुत्तरार्द्धात्स्विष्टकृत ।
3 4 19 20 उपहूता प्राश्नन्ति युक्ता । यजमानश्च ।

6 तदेव 3 4 28 सा दक्षिणा। 7 तदेव 3 6 17 सत्रवाञ्जुहोति।

8 तदेव 3 7 7 यजति सोम, त्वष्टार देवाना पत्नीरग्नि गहपतिमिति।

9 तदेव 3 7 15 सव्येनावत्य दक्षिणाग्नौ जुहोति।

10 तदेव 3 8 5 बर्हि सम्बर्हिरिति।

11 तदेव 3 8 10 विष्णुक्रमान क्रमते ।

12 तदेव 3 8 25 व्रत विसजते येनोपेयात।

13 का० श्रौ० सू० 20 1 1 राज्ञोऽश्वमेध सर्वकामस्य।

14 श० ब्रा० 13 2 2 1 राजा व एष यज्ञाना यदश्वमेध ।

15 तदेव 13 2 2 1 सर्वा वै देवता अश्वमेधे अवायत्ता। तस्मात् अश्वमेध याजी सर्वा दिशो जयति।

है[1] तथापि इसके आयोजन मे एक वष का समय लग जाता है। अश्वमेध करने से सभी पापा से निवत्ति प्राप्त होती है।[2] इस यन से ब्रह्महत्या निवत्ति कही गई है।[3] 'रामायण' मे इस यज्ञ स इन्द्र को ब्रह्महत्या से निवृत्ति[4] तथा राजा इल को पुरुषत्व प्राप्ति हुई।[5] यहा इस यज्ञ का सर्वाधिक महत्व है क्याकि इस यज्ञ का पूण विवरण 'रामायण' म मिलता है। दशरथ तथा राम का यज्ञ क्रमश सरयू नदी के तट पर[6] तथा नमिषारण्य मे हुआ था।[7]

यह फाल्गुन शुक्ला अष्टमी या नवमी को आरम्भ होता है।[8] इसे सोलह ऋत्विज् करत हैं।[9] इस दिन चार बडे ऋत्विजो का भोजन दिया जाता है।[10] अब यजमान की चार स्त्रिया महिषी, वावाता परिवृक्ता और पालागली आभूषणो से अलकृत सौ-सौ अनुचरियो के साथ राजा के आगे आती है।[11] साथ यजमान अग्नि होत्र करके वावाता के साथ ब्रह्मचय की रक्षा करता हुआ सोता है।[12] प्रात अग्नि होत्र की पूर्णाहुति के बाद पथिकृत् इष्टि होती है।[13] तब दभ की रस्सी कोधी से पोतकर अश्व को बाधा जाता है।[14] तदनन्तर एक शूद्र द्वारा वश्य-स्त्री से उत्पन्न मनुष्य स चार आखो वाले कुत्ते[15] को सिध्रक मूसल से मरवाकर वेतस की चटाई

---

1 रा० 1 13 33 ह्यहोऽश्वमेध सख्यात कल्पसूत्रेण ब्राह्मण ।

2 तदेव 7 75 2 अश्वमेधो महायज्ञ पावन सवपाप्मनाम ।
 श० स० 5 3 2 सर्वे व एतेन पाप्मान देवा अतरन् ।

3 तत्रैव 5 3 12 अपि व एतेन ब्रह्महत्यामतरन तरति ब्रह्महत्या यो अश्वमेधेन यजते ।

4 रा० 7 75 3 ब्रह्महत्यावृत शक्रो हयमेधेन पावित ।

5 तदेव 7 81 24 ईदृशो ह्यश्वमेधस्य प्रभाव पुरुषषभ ।
 स्त्रीपूव पौरुष लेभे यच्चान्यदपि दुलभम ।

6 तदेव 1 13 1 सरय्वाश्चोत्तरे तीरे राज्ञो यज्ञोऽभ्यवतत ।

7 तदेव 7 82 17 अनुभूय महा-यज्ञ नमिषे रघुनन्दन ।

8 का० श्रौ० सू० 20 1 2 अष्टम्या नवम्या वा फाल्गुनी शुक्लस्य ।

9 रा० 1 13 31 षोडश ऋत्विज ।

10 का० श्रौ० सू० 20 1 4 5 ब्रह्मोदन पचति । अवत्वेनमाद्यत्विभ्य प्रयच्छति ।

11 तदेव 20 1 12 पत्यश्चाय त्यलङ्कृता निष्किण्यो महिषी वावाता परिवृक्ता सानुचय शतन शतेन ।

12 तदेव 20 1 17 वावातायाा ब्रह्मचारी ।

13 तदेव 20 1 20 21 पूर्णाहुत्यन्ते वरदान ब्रह्मणे । पुरोडाशोऽग्ये पथिकृते ।

14 तदेव 20 1 26 बध्नात्यश्वम् ।

15 आखो के ऊपर आख के समान चिह्न वाले कुत्ते को चार आखो वाला कहते हैं

पर अश्व के नीचे से जल म बहाने के पश्चात होम किया जाता है ।[1] इसके बाद तीन इष्टिया होनी है। ये द्वादशकपाल सावित्र्य इष्टिया होती है।[2] तदनन्तर ऋत्विज के अतिरिक्त ब्राह्मण यजमान विषयक स्वनिर्मित तीन गाथाओ का वीणा पर गान करता है।[3] इसके पश्चात याज्ञिक अश्व का सौ वद्ध घोडो के साथ छोड दिया जाता है जिसकी रक्षा के लिए आयुधो से सुसज्जित चार सौ रक्षक होत है।[4]

अश्व की अनुपस्थिति म चार ऋत्विक तथा यजमान परिप्लव-आख्यान, प्रक्रम होम तथा धृति होम करत हैं।[5] य सभी काम प्रतिदिन अधमास, मास प्रमास और षण्मास अथवा वष के विकल्प से चलत हैं।[6] इसम अश्व का जीवित लौटना आवश्यक है अन्यथा यही क्रिया पुन की जाती है। अश्व के लौटन पर चत्र पूर्णिमा को दीक्षणीया इष्टि आरम्भ होकर वैशाख कृष्णाषष्ठी को सात इष्टिया समाप्त होती है।[8] तब द्वादश-दीक्षाए वशाख शुक्लतृतीया तक तथा चतुदशी तक द्वादश उपसद होते है।[9] चतुदशी को अग्नि एव सोम क लिए पशुयाग होता है। इसमे इक्कीस यूपो से इक्कीस पशु बाधे जात हैं।[10] दशरथ न यज्ञ म जब एक वष पश्चात अश्व चारो दिशाओ म घूमकर आया तो याग का आयोजन सरयू तट पर हुआ। इसमे ऋष्यशृग प्रमुख षोडश ऋत्विज् वद तथा कल्प-सूत्रो के ज्ञाता थे।[11]

---

1 का० श्रौ० सू० 20 1 36 38 आपोमवाह श्वान चतुरक्षमभिमन्यस्वेति। सिध्रकमूसलनन हन्ति।
20 2 2 वेनसकटेनाधोऽश्व प्लावयति।

2 का० श्रौ० सू० 20 2 6 द्वादशकपालान्निवपति।

3 तत्रैव 20 2 7 प्रभाजेषु दक्षिणतो ब्राह्मणो गाथा गायत्युत्तरमन्द्रायाम।

4 तदेव 20 2 10 11 पशुमवुत्सृजन निरष्टेऽश्वशाने। देवा आशापाला इति तथा सख्यम्।

5 तदेव 20 2 22 परिप्लव प्रैषयति।
20 23 4 दक्षिणाग्नौ जुहोति प्रक्रयान् धतिरिह रन्तिरिति।

6 तदेव 20 3 6 अधमास मास प्रमासयण्मास्यानि पके।

7 तदेव 20 3 31 मृताश्वनयोरन्यस्य रपनादानाग्नि करोत्यश्वयुक्तम्।

8 तदेव 20 4 4 अध्वरदीक्षणीयायाश्चत्वारि त्रीणि त्रीणि चाश्वमेधिकानि।

9 तदेव 20 4 13 दीक्षाद्वादशोपसदश्च।

10 का० श्रौ० सू० 20 4 16, 21 एकादशिनीवदेकविंशतियूपा। प्रतियूप मग्निष्टोमीया।
20 4 23 एकादशिनो सवनीया पशवो भवन्ति।

11 रा० 1 13 1 3

सर्वप्रथम प्रवर्ग्य एवं उपसद का आयोजन हुआ।[1] दूसरे दिन प्रातःसवन[2], इन्द्र का भाग देकर माध्यंदिन सवन[3] तथा सायं तृतीय सवन पूर्ण हुआ।[4] इस यज्ञ में शास्त्रोक्त स्वर्ण तथा वस्त्रालंकृत छह बिल्व के, छह खदिर के, दो देवदारु तथा एक श्लेष्मायुक्त यूप था।[5] यूप के वस्त्र पर सप्तर्षियों की आभा थी। ये पुष्प और चन्दन से अलंकृत थे।[6] इंटों से अग्निकुण्ड तथा स्वर्ण की इंटों से अठारह प्रस्तार की गरुड़ की आकृति बनाई गई।[7] यूपों में यथा स्थान सर्प, पक्षी, जलचर जन्तु तथा तीन सौ पशुओं के साथ प्रत्येक दिशा से घूमकर आया हुआ अश्व भी बांधा गया।[8] महिषी कौसल्या ने अश्व का पूजन करके तीन कृपाणों से अश्व के टुकड़े किए और घृणा रहित मन से अश्व के शव के साथ रात्रि व्यतीत की।[9] तब होता, अध्वर्यु तथा उद्गाता ने महिषी, परिवृक्ता तथा वावाता को नियोजित किया।[10] इसके बाद अश्वाओं का हवन षोडश ऋत्विज करने लगे।[11] अन्य यज्ञों में प्लक्ष शाखाओं की किन्तु केवल अश्वमेध में वेतस की हवि दी जाती है।[12] अश्वमेध में तीन दिन की सवन क्रिया में क्रमशः अग्निष्टोम[13], उक्थ्य[14] और अतिरात्र[15] के परिकल्पित हैं।[16] इसके बाद इक्कीस अनुबन्ध्या पशु वाला अवभृथ होता है।[17]

---

1 तत्रैव 1 13 4 प्रवर्ग्यं शास्त्रतः कृत्वा तथैवोपसदं द्विजाः ।

2 तदेव 1 13 5 प्रातः सवनपूर्वाणि कर्माणि मुनिपुङ्गवाः ॥

3 तदेव 1 14 6 ऐन्द्रश्च विधिवद्दत्तो राजा चाभिष्टुतोऽनघ ।
माध्यंदिनं च सवनं प्रावर्तत यथाक्रमम् । (म० दि०)

4 तदेव 1 14 7 तृतीयसवनं चैव राज्ञोऽस्य सुमहात्मनः । (म० वि०)

5 तदेव 1 13 19 20। 6 तदेव 1 13 21-22

7 तदेव 1 13 23 गरुडो रुक्मपक्षो वै त्रिगुणोऽष्टादशात्मकः ।

8 तदेव 1 13 24 25

9 रा० 1 13 34 37

10 तदेव 1 13 28 होताऽध्वर्युस्तथोद्गाता हयेन समयोजयन् ।
महिष्या परिवृत्त्या च वावाता च तथा पराम् ।

11 तदेव 1 13 29 30

12 तदेव 1 13 32 प्लक्षशाखासु यज्ञानामन्येषां क्रियते हविः ।
अश्वमेधस्य यज्ञस्य वैतसो भाग इष्यते ॥

13 का० श्रौ० सू० 20 4 21 23। 14 तदेव 20 5 1 प्रातरुक्थ्य ।

15 तदेव 20 8 12 अतिरात्र उत्तम ।

16 रा० 1 13 33 34 चतुष्टोममहस्तस्य प्रथमं परिकल्पितम् ।
उक्थ्यं द्वितीयं सङ्ख्यातमतिरात्रं तथोत्तरम् ।

17 का० श्रौ० सू० 20 8 23 एकविंशतिरनुबन्ध्या ।

अन्त मे उदवासानीय हवि के पश्चात चार ऋत्विजो को अनुचरिया सहित चार पत्निया या केवल अनुचरिया दक्षिणा के रूप म देने का विधान है[1], परतु दशरथ ने पूव दिशा का राज्य होता, पश्चिम का अध्वयु को दक्षिण का ब्रह्मा और उत्तर दिशा का राज्य उदगाता को दक्षिणा के रूप मे देकर मनु के समान पथिवी दान कर दी।[2] वेदपाठी ब्राह्मणा ने इसे स्वीकार नही किया।[3] इस पर राजा ने एक लाख गाए, दश करोड स्वण तथा चालीस करोड रजत धन ऋत्विजा को दिया, जिसे प्रमुख ऋत्विक ऋष्यश्रृग ने अय ऋत्विजो को भी दिया। राजा ने एक निधन ब्राह्मण को तो अपने हाथ के आभरण उतार कर दे दिए।[4] इस प्रकार दशरथ और राम दोना ने ही बहुत-से अश्वमेध-यज्ञ किए।[5] अश्वमेध-यज्ञ मे अधिक से अधिक लोगो का बुलाया जाता था। इसम दूर-दूर से स्त्री-पुरुष अधिक सख्या मे आकर यथेष्ठ भोजन करत थे।[6] ब्राह्मणो का बहुत आदर होता था। सभी ब्राह्मण शिष्यो सहित आते थे।[8] नमिषारण्य मे सुग्रीव सहित वानर[9] तथा विभीषण सहित राक्षस[10] भी आए थ। इसमे देश-देशान्तर से राजा आत थे। दो सवनो के मध्य जो समय बचता, उसमे विभिन्न शास्त्राथ होते थे।[11] लव और कुश का रामायणगान सुनने के लिए सभी प्रकार के विद्वाना को बुलाया गया था,[12] अत अश्वमेध-यज्ञ का धार्मिक महत्त्व ही नही अपितु सास्कृतिक महत्त्व भी था।[13] यदि असमथ राजा करता तो उसे हटा दिया जाता था।[14]

राजसूय—राजसूय एक मिश्रित धार्मिक आयोजन है, जिसका सम्बध राजनीति से है।[15] राजा का कत्तव्य राजसूय है। अथर्ववेद एव परवर्ती साहित्य मे

1 तदेव 20 8 24 उदवसानीयान्ते भार्या ददाति यथासवाद सानुचरी।
2 रा० 1 13 36-37 प्राची होत्रे ददौ राजा दिश स्वकुलवधन।
अध्वयुव प्रतीची तु ब्रह्मणे दक्षिणा दिशम।
उदगात्रे तु तथोदीची च दक्षिणपा विनिर्मिता।
अश्वमेध महायज्ञे स्वयम्भूविहिते पुरा॥
3 रा० 1 13 36 38। 4 तदेव 1 13 40 44
5 तदेव 1 1 73, 4 4 5। 6 तदेव 1 13 12। 7 तदेव 1 13 13
8 तदेव 1 13 7। 9 तदेव 7 83 6। 10 तदेव 7 83 7
11 तदेव 1 13 14। 12 तदेव 7 85 5 11
13 श्यामशास्त्री, "श्री रामचद्र जी का अश्वमेध और उसका महत्त्व कल्याण रामायणाक पृ० 129 131
14 त० ब्रा० 3 8 9 4
15 गगाधर मिश्र वदिक एव वदोत्तर भारतीय सस्कृति, पष्ठ 18

इसका उल्लेख मिलता है[1] एव विशेषताए भी वर्णित हैं।[2] 'रामायण' म राजा दशरथ के इस यज्ञ को करने का संकेत मिलता है।[3] इस यज्ञ से शत्रुविनाशक-मित्र की वरुणत्व प्राप्ति[4] तथा सोम की कीर्ति-प्राप्ति का उल्लेख मिलता है।[5] इसमे बहुत से सोम-यज्ञ अन्तर्भूत हैं—पवित्र, अभिषेचनीय, दशपेय केशवपनीय, व्युष्टिद्विरात्र और क्षत्रधृति। जिसने वाजपेय यज्ञ न किया हो वही राजसूय-यज्ञ को कर सकता है।[6] फाल्गुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को पवित्र नामक सोम-याग किया जाता है। इसमे चार दीक्षाए, तीन उपसद तथा एक सुत्या होती है और सहस्र गाए दक्षिणा म दी जाती हैं।[7] इसके बाद पाच इष्टिया होती हैं।[8] इनमें प्रथम चार दिन अनुमति अग्निवायु, अग्निसोम का हवि देकर वसन, स्वण, गौ तथा वृषभ दक्षिणा के रूप म दिए जाते हैं।[9] पाचवें दिन आग्रयण इष्टि होती है जिसमे गौ दक्षिणा दी जाती है।[10] फाल्गुनी-पूर्णिमा को चातुर्मास्य प्रयाग आरम्भ होता है।[11] इसकी समाप्ति पर पचवातीय-होम इन्द्रतुरीया इष्टि, अपामार्ग-होम और त्रिसयुक्ता इष्टि स्थान लेती है।[12] इसके बाद राजा द्वारा सम्बन्धियों को

---

1 अथर्व० 4 8 1, 11 7 1 तै० स० 5 6 2 1 ऐ० ब्रा० 7 15 8
श० ब्रा० 5 1 1 12

2 श० ब्रा० 5 2 3 1, म० स० 4 3 1 तै० स० 1 8 1 1

3 रा० 4 5 5 राजसूयाश्वमेधैश्च वह्निर्येनाभितर्पित ।

4 तदेव 7 74 6 इष्ट्वा तु राजसूयेन मित्र शत्रुनिबर्हण ।
सुहुतेन सुयज्ञेन वरुणत्वमुपागमत ॥

5 तत्रैव 7 74 7 सोमश्च राजसूयेन इष्ट्वा धर्मेण धर्मवित् ।
प्राप्तश्च सर्वलोकेषु कीर्ति स्थान च शाश्वतम् ।

6 का० श्रौ० सू० 15 1 1 राज्ञो राजसूयाऽनिष्ट्वा वाजपेयेन ।

7 तदेव 15 1 3 पवित्रश्चतुर्दीक्ष सहस्रदक्षिण ।

8 का० श्रौ० सू० 15 1 6 पञ्चोत्तराणि ।

8 तदेव 15 1 7 अष्टाकपालोऽनुमत्यै ।
15 1 10-13 वासो देयम । हिरण्यमाग्नावैष्णव । पुनरुत्सृष्टो गौर-
ग्निष्टोमाय अनड्वान्सौम्ये एन्द्राग्ने ।

10 तत्रैव 15 1 14 गौराग्रायणे ।

11 तत्रैव 15 1 15 चातुर्मास्यप्रयोग फाल्गुन्याम ।

12 तदेव 15 1 18 पचवातीय ।
15 1 22 इन्द्रतुरीयम ।
15 2 1 अपामार्गहोम ।
15 2 11 त्रिसयुक्तेष ।

एक एक के क्रम से दी जाने वाली द्वादशरत्न हवि का स्थान आता है।[1] तदनन्तर अभिषेचनीय और यज्ञ करके[2] आठ देवासू नामक हवियाँ दी जाती हैं।[3] अब विभिन्न स्रोतो से भिन्न भिन्न जल लेकर यजमान इस गम जल म मिलाकर उदुम्बर के पात्र म डाल देता है।[4] मरुत्वतीय ग्रह के पश्चात अध्वयु व्याघ्र चम फलाता है।[5] इसक बाद वह छह पाथ हविया देता है।[6] तब उक्थ्य-संस्थ अभिषेचनीय क्रतु से राजा का अभिषेक व्याघ्रचम पर होता है। इसक बाद वाज पेय के समान ही रथावरोहण होता है।[8] रथ पर बठकर राजा अन्तःपात्य देश म रथ रोककर उतरता है।[9] अब खदिर की आसन्दी पर बिठाकर उस पाच अक्ष दिए जाते हैं, जिनम वह अपने सम्बन्धियो की सहायता से द्यूत खेलता है।[10] स्विष्टकृत्-हवि के पश्चात् माहेन्द्रग्रह लेकर अवभृथ-आयोजन तथा तीन अनुबन्ध्या गायो की हवि दी जाती है।[11] इन अनुष्ठानो के अनन्तर दश-संसृपा हविया होती है।[12] अब दशपेय सोमयाग किया जाता है।[13] तदनन्तर वशाख शुक्ल पूर्णिमा को पचबिल नामक पचहविष्क-कम होता है।[14] इसक बाद बारह प्रयुग्हवि इष्टियां होती है, जो एक मास क अन्तर से होती है।[15] इसके बाद केशवपनीय व्युष्टि द्विरात्र और क्षत्रधृति सोमयाग किए जात है।[16] कार्तिक पूर्णिमा को सौत्रामणी

---

1 तदेव 15 3 1 द्वादशोत्तराणि रत्नहवींषि।

2 तदेव 15 3 33 अभिषेचनीयदशपेययोर्न्मिणोत्तरे देवयजने।

3 तदव 15 4 4 देवसुवीपि निवपति।

4 तदेव 15 4 21 इडा तऽपा गह्णाति। 15 4 39 औदुम्बर पात्रे समा सिचति।

5 तदेव 15 5 1 मरुत्वतीयान्त पात्राणि पूर्वेण व्याघ्रचर्मास्तृणाति ।

6 15 5 3 पार्थानामग्नये स्वाहेति षड जुहोति प्रतिमन्त्रम।

7 का० श्रौ० सू० 15 5 25 व्याघ्रचर्मावरोहयति।

8 तदेव 15 6 15 वाजपेयवद्रथमवहृत्य ।

9 तदेव 15 6 22 अन्त पात्यन्देशे स्थापयति। 15 [illegible] 29 अवरोहति।

10 तदेव 15 7 5 पञ्चाक्षान पाणावधाय पश्चादनम ।

11 तदेव 15 7 22 23 पयस्यास्विष्टकृन्डि करोति। माहेन्द्रादि च।

12 तदेव 15 8 1 दशोत्तराणि ससृपाहवींषि निवपति। 13 तदेव 15 8 2 28

14 तदव 15 9 1 उत्तर शुक्ले पञ्चबिल।

15 तदेव 15 9 7 द्वादशोत्तराणि प्रयुग्घवींषि मासान्तराणि।

16 तत्व 15 9 15 तदन्ते केशवपनीयोऽतिरात्र ।
15 9 17 व्युष्टिद्विरात्र ।
15 9 19 क्षत्रधृति ।

और त्रिपशुबन्ध होता है।[1] त्रैधातवि हवि के साथ यह यज्ञ समाप्त हो जाता है।[2]

यह एक लोकप्रिय उत्सव था। इसमें राजा को परिधान से सुसज्जित कर उसका यथाविधि अभिषेक होता था। इसके पश्चात अपने किसी सबंधी पर वह कृत्रिम आक्रमण करता था या किसी राजा से छद्म-युद्ध।[3] अक्ष क्रीडा में उसे विजयी दिखाया जाता था। इस प्रकार यह यज्ञ राजा के विश्वव्यापी शासन का प्रतीक था। यह धर्मसेतु और धर्म से प्राप्त पुण्य का वर्धक और पापनाशक है।[4] यह सब होने पर भी रामचन्द्र इसलिए इसे नहीं कर सके क्योंकि भरत का परामर्श था कि इस यज्ञ के होने पर पृथिवी पर राजवंश का नाश होता है।[5] इससे क्रोध उत्पन्न होता है और पृथिवी पर वीर्यवान पुरुषों का क्षय हुआ करता है।[6] गुणों का उपयोग पृथिवी के नाश के लिए नहीं करना चाहिए। इस पर राम राजसूय-यज्ञ करने का विचार ही छोड देते हैं।[7]

